सूर्योदय 5:58 सूर्यास्त 6:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 16.6 अधि |
| धर्मशाला | 9.8 न्यू | 25.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,157.26 |
| निफ्टी | 22,828.55 |
| सोना 93,000 | चांदी 97,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 13 अप्रैल 2025 | 1 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 104, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702





### आज के मैच

राजस्थान रॉयल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय: दोपहर 3:30 बजे (जयपुर)

दिल्ली कैपिटल्स vs मुंबई इंडियंस

समय: रात 7:30 बजे (दिल्ली)

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुखबीर फिर बने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में शनिवार को आयोजित शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रतिनिधियों की बैठक में सुखबीर सिंह बादल को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना गया। बादल के नाम का प्रस्ताव पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने रखा, जबकि पार्टी नेता परमजीत सिंह सरना ने इसका समर्थन किया। बैठक में बादल की पत्नी एवं बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल, पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया, दलजीत सिंह चीमा, वरिष्ठ नेता महेश इंदर सिंह ग्रेवाल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### जम्मू-कश्मीर में लगे भूकंप के झटके, 5.8 रही तीव्रता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार दोपहर करीब एक बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में था। जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि 5.8 तीव्रता के भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में था और यह जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था। वहीं, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, टोंगा और पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पापुआ न्यू गिनी में भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई वहीं, पाकिस्तान में भूकंप की तीव्रता 5.3 रही।

### देशभर में एक बार फिर हुई यूपीआई सर्विस डाउन



**मुंबई।** देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सर्विस करीब तीन घंटे से डाउन रही। इससे लोगों को यूपीआई पेमेंट करने में दिक्कत आ रही है। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है, जब ट्रांजेक्शन में समस्या हो रही है। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, समस्या फेस कर रहे करीब 72 फीसदी लोगों को पेमेंट करने में समस्या आ रही है। 27 फीसदी लोगों को फंड ट्रांसफर करने और लगभग 1 फीसदी को खरीदारी करने में दिक्कतें हो रही हैं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भड़का शिक्षक संघ -पेज 2
- हाईवे निर्माण की कंपनी ने बना भूमि पर बना दी डंपिंग -पेज 9
- वक्फ अधिनियम को लेकर मुर्शिदाबाद में हिंसा; 2 की मौत -पेज 13
- परिस्थितियों की अच्छी समझ होने के कारण रिपनर को उतारा: डिकॉक -पेज 14


# हिमाचल में पर्यटन उद्योग ने पकड़ी रफ्तार, दो माह की मंदी का दौर खत्म

## समर सीजन की शुरुआत; होटलों में कमरों के लिए मारामारी, शिमला, मनाली-लाहौल-स्पीति में उमड़ा हुजूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में पर्यटन उद्योग ने रफ्तार पकड़ ली है। दो माह की मंदी के बाद पर्यटन स्थलों में चमक लौट आई है। भारी तादाद में सैलानियों का रुख पहाड़ों की तरफ हुआ है।

मैदानों में छुट्टियां पड़ने से बाहरी राज्यों के सैलानी पूरे परिवार सहित पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। देश के हर कोने से सैलानी गर्मी से राहत और सुकून पाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। पर्यटन स्थलों पर भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। पर्यटकों का तांता समर सीजन की शुरुआत मानी जा सकती है। सबसे ज्यादा सैलानी हिल्स क्वीन शिमला, मनाली व जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आ रहे हैं। शिमला जिले के नारकंडा, कुफरी और चांशल घाटी सहित खदराला और कुफरी को प्राथमिकता दी जा रही है। कुफरी को छोड़कर बाकी स्थानों में बर्फबारी के दीदार हो रहे हैं, जो अभी तक जमी हुई है। लाहौल-स्पीति के कई स्थानों पर अभी भी 3 से 4 फुट बर्फ जमा है। अटल टनल रोहतांग, सिस्सू, गुलाबा सहित बारालाचा में भारी बर्फ जमी है, जो सैलानियों को लुभाने का काम कर रही है। दूर-दूर से आए पर्यटक अपने परिवार के साथ बर्फ में खेलने का आनंद उठा रहे हैं।

### शिमला में जाम से हर कोई परेशान

**राजधानी** शिमला में पिछले दो दिन से जाम से यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई है। लोग अपने गंतव्य स्थानों पर देरी से पहुंच रहे हैं। स्कूली बच्चे भी जैसे-तैसे स्कूल पहुंच रहे हैं। कर्मचारियों का भी यही हाल है। मनाली में भी यातायात की यही स्थिति है, जिससे आम लोग परेशानी महसूस कर रहे हैं।



### मनाली में पर्यटकों का भारी जमावड़ा

**मनाली** में भी पर्यटकों का भारी जमावड़ा लगा है। यहां पर भी कई स्थलों पर बर्फ जमी है, जो पर्यटकों को आकर्षित करने का काम कर रही है। वीकेंड में यहां पर सैलानियों की भरमार है। बाहर से कैब व निजी गाड़ियों में लोग घूमने आ रहे हैं।

### होटल में ऑक्यूपेंसी 70 से 80 फीसदी

**निजी** होटलों सहित पर्यटन निगम के होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़कर 70 से 80 फीसदी तक पहुंच गई है। उनके कई होटल फुल चल रहे हैं। वीकेंड में होटलों के लिए मारामारी की नौबत आ सकती है। विंटर सीजन मंदा रहने से देवभूमि के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार हैं और हर तरफ भीड़ का नजारा है, इससे पर्यटन को पंख लगे हैं।

# पेंडिंग कार्यों पर जल्द एक्शन लें अफसर : सीएम सुक्खू

## कहा- सरकारी परियोजनाओं में अफसरों की सुस्ती नहीं होगी बर्दाश्त

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



**सुक्खू** सरकार एक्शन मोड में आ गई है। लंबित सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं पर अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी। जानबूझकर की जा रही देरी पर अफसर जवाबदेह होंगे और उन्हें सजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वह किसी भी सरकारी योजनाओं या परियोजनाओं में लेट-लतीफी पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी पेंडिंग कार्यों को जल्द एक्शन लेकर पूरा करवाएं।

सूत्रों ने दावा किया है कि कुछ अफसर जान-बूझकर सरकारी कार्यों में सुस्ती ला रहे हैं, जो सरकार के नीतिगत फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। बजट सत्र के दौरान कुछ जनहित से जुड़े कदम भी प्रभावी तौर पर लागू नहीं हो रहे हैं, जिससे सीएम सुक्खू काफी नाराज हैं। बताया जा रहा है कि सीएम सुक्खू अहमदाबाद में आयोजित पार्टी सम्मेलन के बाद अगले दिन दिल्ली में रुकने वाले थे, जहां से उन्हें सीधा अपने गृह जिला हमीरपुर जाना था, लेकिन हमीरपुर जाकर वह सीधे शुक्रवार देर शाम शिमला पहुंचे और सचिवालय पहुंच कर आलाधिकारियों की क्लास लगाई है। सीएम ने योजनाओं को जल्द पूरा करवाने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सूत्र बताते हैं कि सचिवालय में मौजूद कुछ वरिष्ठ अफसर मौजूदा मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के सेवाविस्तार से नाखुश बताए जा रहे हैं। वह इस पद पर अपनी ताजपोशी चाह रहे थे, लेकिन सक्सेना को अचानक छह माह का सेवाविस्तार दे दिया। मुख्यमंत्री को जैसी ही इसकी भनक लगी। वह सीधे शिमला पहुंचे और इस गंभीर विषय पर मंथन किया। फिर उन अफसरों को तेजी से विकासात्मक कार्य निपटाने के आदेश दिए गए। (अनंत ज्ञान)

**लेटलतीफी पर नपेंगे अफसर, जिम्मेदार अफसरों की तय की जवाबदेही**

### शिक्षा से संबंधित मामले निपटाने की पहल

**शिक्षा** से संबंधित मामले भी उनके बाहर जाने से लटक गए थे और उन पर भी कोई नीतिगत फैसला नहीं हो पा रहा था। खासकर टीजीटी अध्यापकों की ट्रांसफर पर रोक का मामला प्रमुख तौर पर अटक गया था। सीएम सुक्खू ने शुक्रवार रात को शिक्षा विभाग से संबंधित इस फाइल पर साइन किए और इस मामले को अविलंब सॉल्व कर दिया गया।

### विमल नेगी की मौत को लेकर मंत्री करेंगे पलटवार

**सरकार** के लिए विमल नेगी मौत का मामला भी सिरदर्द बढ़ाने लगा है, जिस पर सीएम ने अपने विश्वास पात्र कैबिनेट मिनिस्टरों से आगे आने को कहा है और बताया कि वह इस मामले में जनता के बीच जाकर सरकार का स्टैंड क्लीयर करें तथा विपक्षी पार्टी भाजपा पर पलटवार कर सरकार की छवि को सही बनाने में अपना उदार सहयोग दें।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के बाद राष्ट्रपति की तय की समयसीमा

# राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, 3 माह में बिल पर फैसला जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समयसीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था।

अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। शुक्रवार रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी।

### 4 प्वॉइंट्स

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे, उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दें। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

**ज्यूडिशियल रिव्यू:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है, अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा। अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा।

**राज्य को कारण बताने होंगे:** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइमलाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो देरी के कारण बताने होंगे।

**बिल बार-बार वापस नहीं भेज सकते:** अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी।

### छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर, 3 नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना इंद्रावती नेशनल पार्क के इलाके में हुई।

सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सली विरोधी अभियान पर निकली थी। उसी दौरान सुबह करीब 9 बजे यह मुठभेड़ हुई। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि इस ऑपरेशन में बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के डीआरजी के जवान शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं, साथ ही हथियार और विस्फोटक भी मिले हैं।

# हमीरपुर के कोहलवीं गांव का जवान कुलदीप अखनूर में शहीद

**अशोक कुमार, गलोड़**



**जम्मू-कश्मीर** के अखनूर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में हमीरपुर जिले की गाहलियां पंचायत के कोहलवीं गांव का सूबेदार कुलदीप चंद शहीद हो गया। कुलदीप 9 पंजाब रेजीमेंट में स्पेशल फोर्स कमांडो तैनात थे।

अखनूर सेक्टर में शुक्रवार को आतंकियों ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की। जवानों ने कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इसी दौरान सूबेदार कुलदीप चंद को गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें सेना अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद कुलदीप अपने पीछे पिता रत्न चंद, माता शकुंतला देवी, 40 वर्षीय पत्नी संतोष कुमारी, 18 वर्षीय बेटी दीक्षा और 14 वर्षीय पुत्र आर्यन को छोड़ गए। कुलदीप इस माह छुट्टी पर घर आने वाले थे। कुलदीप 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले थे। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर रविवार को कोहलवीं में लाया जाएगा और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने जताया दुख

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, प्रधान संजय शर्मा, राजिंदर कुमार ने ने कुलदीप की शहादत पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र नादौन के गलोड़, कोहलवीं गांव वासी कुलदीप के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है।

### किश्तवाड़ में दो और आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सेना के जवानों ने मुठभेड़ में दो और आतंकियों को मार गिराया। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। शनिवार को मारे गए आतंकवादी पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे और इसमें एक शीर्ष कमांडर सैफुल्ला भी था, जो पिछले एक साल से चेनाब घाटी क्षेत्र में सक्रिय था। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर कहा कि दो और पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया है। एके एके और एक एम4 राइफल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध जैसी सामग्री बरामद की है।

# 26/11 के मास्टरमाइंड साजिद मीर के संपर्क में था तहव्वुर

## एनआईए की पूछताछ में 'दुबई मैन' का नाम लिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा ने पूछताछ में बताया कि वह ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी प्लानिंग पता थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था। यह भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था।

**पाकिस्तानी सेना की वर्दी से था खास लगाव**

**मौसम** प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, रोहतांग दर्रे पर चार इंच तक हिमपात

# हिमाचल में बर्फबारी और बारिश से लुढ़का पारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के हिस्सों में शनिवार को बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। वहीं, कई जगह तेज ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों व फलों को नुकसान पहुंचा है। शिमला जिले के ऊपरी इलाकों में ओले गिरने से सेब के पौधों और निचले इलाकों में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। बीते 24 घंटों में बर्फबारी और बारिश से प्रदेश में पारा -3.2 डिग्री तक गिर गया है।

लाहौल-स्पीति और कुल्लू जिले में बर्फबारी और बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुल्लू व मनाली में भी दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। दोनों जिलों में ठंड बढ़ गई है। सुबह रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में हिमपात हुआ है। रोहतांग दर्रे सहित सभी दर्रों में चार से छह इंच बर्फबारी हुई है। बारिश से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मध्य और ऊंचाई वाले इलाकों में यह सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है, जबकि निचले इलाकों में तापमान सामान्य या सामान्य के करीब रहा। अटल टनल के आसपास भी बर्फबारी हुई है। वहीं, ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में दोपहर तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पिछले 24 घंटों में धर्मशाला में सर्वाधिक 40 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा जोगिंदरनगर, बैजनाथ, जटून बैराज, पालमपुर, सोलन, मंडी, मालरोन, सुंदरनगर, चंबा, और जुब्बड़हट्टी सहित कई अन्य स्थानों पर भी मध्यम बारिश हुई है। वहीं, लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सर्वाधिक 7.8 सेंटीमीटर, गोंदला में 3.0 और केलांग में 1.0 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है।



# अंब से कांगड़ा तक जल्द चलेगी वंदे भारत ट्रेन: इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



**राज्यसभा** सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि पठानकोट-जोगिंदरनगर रेललाइन पर चक्की खड्ड का नया पुल जल्द बनकर तैयार होगा और पठानकोट से जोगिंदरनगर के लिए ट्रेनें बहाल होंगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एयरपोर्ट विस्तारीकरण व फोरलेन निर्माण के साथ रेलवे विस्तार पर नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। अंब-अंदौरा से चिंतपूर्णी, ज्वालामुखी व चामुंडा माता जैसे उत्तर भारत के ख्याति प्राप्त शक्तिपीठों को रेलवे से जोड़ने के लिए वैकल्पिक रेललाइन पर भी केंद्र सरकार व रेलवे मंत्री से चर्चा हुई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल से राजधानी दिल्ली व चंडीगढ़ सहित देश के अन्य शहरों को जोड़ने के लिए फोरलेन के कार्य जोरों पर चल रहे हैं। जल्द ही अंब से कांगड़ा तक वंदे भारत ट्रेन चलेगी।

**कहा- चक्की में जल्द होगा नया पुल तैयार**

### केंद्र सरकार को बदनाम करने में लगी कांग्रेस

**इंदु** गोस्वामी ने हिमाचल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वादे वही करने चाहिए, जो पूरे हो सकें। कांग्रेस ने जनता से जो वादे किए हैं, उनको पूरा करने में नाकाम रही है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उनको पता होना चाहिए कि आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए तंत्र बनाने होंगे। कांग्रेस को केंद्र की तरफ से हरसंभव सहायता मिल रही है। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार को कांग्रेसी नेता बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन भी सड़कों व फोरलेन का निर्माण हो रहा है वह केंद्र की देन है। मुख्यमंत्री झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने न किसी को रोजगार दिया, न किसी भी महिला को 1500 रुपए और न ही गोबर व दूध आजतक खरीदा गया। सभी वादे झूठे साबित हुए हैं।

# शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भड़का शिक्षक संघ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला हमीरपुर की एक अहम बैठक में शिक्षा विभाग एवं सरकार की दमनकारी नीतियों तथा प्रारंभिक उप शिक्षा निदेशक कार्यालय हमीरपुर की लापरवाही और उदासीनता के खिलाफ जमकर आक्रोश फूटा।

बैठक में जिला हमीरपुर के सभी खंडों की कार्यकारिणी ने भाग लिया तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी सभी गंभीर समस्याओं पर चर्चा की गई। शिक्षक संघ ने हाल ही में एक निदेशालय के नाम पर समाचार पत्रों में प्रकाशित उन बयानों और संदेशों का कड़ा विरोध किया है, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों को सीमित करने और पदोन्नत अधिकारियों की शक्तियों को छीनने का इशारा किया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि यह न केवल शिक्षकों के मनोबल को गिराने वाला कदम है, बल्कि इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

संघ ने अगर प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों और पदोन्नत अधिकारियों की शक्तियों को छीनने का प्रयास किया गया, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। संघर्ष और आंदोलन का मार्ग अपनाने में कोई हिचक नहीं होगी। संघ ने शिक्षकों से एकजुट रहने की अपील की है और प्रशासन को चेतावनी दी है कि ऐसे निर्णयों से शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता उत्पन्न होगी।( अनंत ज्ञान)

## योग्य शिक्षकों के प्रमोशन अटके

**जिलाअध्यक्ष** रजनीश कुमार ने बताया कि पिछले लगभग 6 माह से लंबित वरिष्ठता सूची आज तक जारी नहीं हो पाई। उप शिक्षा निदेशक कार्यालय इस सूची को समय पर तैयार नहीं कर पा रहा है, जिसके चलते योग्य शिक्षकों के प्रमोशन लगातार अटके हुए हैं, समझ नहीं आ रहा कि उन्हें इस काम के लिए ओर कितना समय चाहिए। इसके अलावा, 31 मार्च को दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके अध्यापकों के रेगुलराइजेशन ऑर्डर आज तक जारी नहीं किए गए हैं, जिससे शिक्षकों में असंतोष गहराता जा रहा है।

## शिक्षक हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी

**संघ** ने यह भी रेखांकित किया कि जिले में खंड शिक्षा अधिकारी का एकमात्र रिक्त पद, खंड नादौन में पिछले कई महीनों से खाली पड़ा है, उसे आज तक नहीं भरा जा सका, जिससे शैक्षिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इन तमाम मुद्दों पर जिला हमीरपुर की समस्त खंड कार्यकारिणी ने एक सुर में सरकार, शिक्षा विभाग और पर प्रारंभिक उपशिक्षा निदेशक कार्यालय हमीरपुर की प्राथमिक शिक्षा विरोधी और अप्रभावी कार्यशैली की कड़ी आलोचना की। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन को संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# सात साल में 11 लाख लोगों ने करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा 14 अप्रैल 2025 को अपनी सात वर्षों की सफल यात्रा पूरी कर 8वें वर्ष में प्रवेश करेगी। 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर विभिन्न वर्गों के स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

यह स्वास्थ्य शिविर विशेषता महिलाओं, बुजुर्गों, टैक्सी यूनियन सदस्यों व औद्योगिक इकाइयों के सदस्यों के लिए किया जा रहा ह । प्रयास संस्था ने अपनी 7 वर्षों की इस यात्रा मे प्रतिदिन आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों के साथ साथ हिमाचल प्रदेश के निवासियों के लिए नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जिला हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा में 5 मेगा नेत्र परीक्षण और मल्टी-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविरों, कैंसर जांच शिविरों का आयोजन किया।

देश के विभिन्न भागों से आए करीब 200 डॉक्टरों ने 5 मेगा नेत्र परीक्षण और मल्टी-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविरों में अपनी सेवाएं दीं । डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य शिविर में 23,806 लोगों की स्वास्थ्य जांच की थी। शिविर में 4 वर्ष से लेकर 98 वर्ष तक के आयु वर्ग के मरीज आए थे। नेत्र जांच शिविरों के माध्यम से 15,885 चश्मे बिल्कुल नि:शुल्क प्रदान किए गए। गत 7 वर्षों मे इस सेवा के माध्यम से 11 लाख से अधिक लोगों को निशुल्क उपचार सलाह व दवाईयों का लाभ उपलब्ध करवाया गया है।

## मरिजों को निशुल्क दवाइयां की वितिरत

**शिविर** में नियमित नंबरों से लेकर दूर देखने व नजदीक देखने तक सभी प्रकार के चश्मे निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। आंखों से संबंधित बीमारियों की दवाइयां भी इस दौरान निशुल्क वितरित की गई। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के कैंसर जांच के लिए भी संस्था ने शिविरों का आयोजन किया व लोगों को कैंसर जांच के लिए जागरूक करते हुए निशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध करवाई। प्रयास संस्था ने लाभार्थियों को गतिशीलता में सुधार और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए उन्नत कृत्रिम अंग भी प्रदान किए ।

## न्यूज ब्रीफ

### शांति देवी बनी महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारत मजदूर किसान संगठन ने हिमाचल प्रदेश में खाली चल रहे महिला वर्ग के पदों को तुरंत प्रभाव से भरा है। संगठन की राष्ट्रीय स्तर की बैठक में सोलन जिला की शांति देवी को हिमाचल प्रदेश महिला मोरचा की प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है जबकि चंद्रावती को उपाध्यक्ष व दीया शर्मा को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। तीनों महिला नव नियुक्त पदाधिकारियों ने भारत मजदूर किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश भाटिया का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर दीया शर्मा उपाध्यक्ष रचना शर्मा, चंद्रावत, कर्मी धीमान, गीता रानी, सीमा, कांता देवी, मंजू, रीना व अन्य भी उपस्थित रहे।

### जोल सप्पड़ में श्रीमद् भागवत कथा लिया आनंद



**सुनील कुमार, हमीरपुर।** जोल सप्पड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत महापुराण कथा व्यास आचार्य नीरज कृष्ण (वृंदावन वाले) ने हिमाचल प्रदेश की पावन भूमि में संगीतमय में श्रीमद् भागवत महापुराण में गोवर्धन पूजा के अंतर्गत देवराज इंद्र के अभिमान को तोड़ा गया तथा महारास का वर्णन कंस वध, कृष्ण उद्धव संवाद, जरासंध वध तथा कृष्ण रुक्मणी विवाह भक्तों ने खूब आनंद के साथ मनाया। (अनंत ज्ञान)

### नारायण सेवा समिति बिझड़ी की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक प्रधान ओंकार चंद पठानिया की अध्यक्षता में व संरक्षक दीना नाथ वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित करने के उपरांत संध्या देवी पत्नी स्व रमेश चंद, गांव जोल (लखोह) डॉ. बल्ह बिहाल, को 5000 रुपए की राशि आर्थिक सहायता हेतु प्रदान किया गई। संध्या देवी के पति की हाल ही में अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। इसके साथ ही अक्षय कुमार पुत्र विपन कुमार गांव भरेड़ी (टिप्पर) को बैशाखियां दी गईं। बैठक के दौरान पिछले प्रस्ताव को राजकुमार द्वारा पढ़ा गया और महासचिव करतार सिंह ने पिछले समय के आय व्यय का ब्यौरा विस्तार से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान भवन निर्माण के कार्य को संयुक्त रूप से सभी ने देखा और कुछ सुझाव भी पेश किए।

### ताया के पुत्र की अंतिम यात्रा में पहुंचे मुख्यमंत्री



**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ताया के पुत्र कुलदीप सिंह का शनिवार सुबह यहां अमलैहड़ क्षेत्र के गांव गुजरेड़ा में निधन हो गया। लगभग 65 वर्षीय कुलदीप सिंह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। कुलदीप सिंह के निधन की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री शनिवार दोपहर को गौना हेलीपैड पर पहुंचे और मानपुल के पास स्थित श्मशानघाट पर दिवंगत कुलदीप सिंह के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए पहुंचे। कुलदीप सिंह के ज्येष्ठ पुत्र ने दिवंगत पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ अर्की के विधायक संजय अवस्थी, सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुमन भारती, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर और जिला के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके बाद मुख्यमंत्री अमतर स्टेडियम के पास दिवंगत कांग्रेसी नेता अवतार सिंह ठाकुर के घर भी पहुंचे और वहां शोकग्रस्त परिवार को सांत्वना दी।

### ग्रामीण मंडल की प्रभारी उषा ने किया बूथों पर प्रवास



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर गांव व बस्ती चलो अभियान चलाया गया है। इसी कड़ी में जिला हमीरपुर में भी सभी मंडलों में गांव व बस्ती चलो अभियान चला हुआ है। शनिवार को हमीरपुर ग्रामीण मंडल में भी इस अभियान के तहत मंडल की प्रभारी उषा बिरला ने भी 2 बूथों का प्रवास किया। उषा बिरला ने हमीपुर ग्रामीण के बलोह बूथ 65 और पांडविन बूथ 86 का प्रवास किया और घर-घर जाकर प्रदेश सरकार की नाकामियों वो केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उषा बिरला व मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह पूर्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष कांता शर्मा ने मंदिर परिसर और गांव में पानी के स्रोतों की सफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान मंडल की उपाध्यक्ष मीना जस्वाल के अलावा बूथों के अध्यक्ष बूथ प्रभारी व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### ज्वेलर की दुकान से अंगूठी चोरी करने वाली महिला काबू

**अनंत ज्ञान, नादौन (हमीरपुर)** । थाना क्षेत्र नादौन में पिछले दिनों एक ज्वेलर की दुकान से शातिर महिला ने बड़ी चालाकी से अंगूठी को चुरा लिया था, अब पुलिस ने महिला को पकड़ लिया है। इसे पकड़ने में सबसे अधिक मेहनत ज्वेलर द्वारा ही की गई है। उन्होंने महिला को अपने लोगों की सहायता से पहचाना और उसका पीछा किया, जब यह तसल्ली हो गई कि यही महिला है तो उन्होंने पुलिस को यह जानकारी दी। पुलिस भी अपने स्तर पर मेहनत कर रही थी। बाद में पुलिस ने इसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे किसी बाहरी राज्य से पकड़ लिया। महिला ने नकली अंगूठी रखकर असली को चुरा लिया था। उसने इस वारदात को इतनी चालाकी से अंजाम दिया कि किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। जिसका पता चलने पर ज्वेलर ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। अंगूठी का वजन अधिक बताया जा रहा है। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने कहा कि मामले में आगामी छानबीन की जा रही है।

### पंजाब नेशनल बैंक का रहा गौरवमयी सफर : एलडीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा तहसील टौणी देवी के गांव पटनौण में आयोजित मशरूम प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर और पंजाब नेशनल बैंक के 131 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को मटन सिद्ध स्थित आरसेटी के परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए टशी नमग्याल ने कहा कि 130 वर्षों के सफर के दौरान पीएनबी ने देश, समाज और नागरिकों के लिए बहुत ही सराहनीय योगदान दिया है। शिविर की प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए जिला अग्रणी प्रबंधक ने कहा कि अपना उद्यम स्थापित करने के इच्छुक लोग ऋण योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

भारत की सीमाओं को सुरक्षित बनाने में योगदान देने वाले जोरावर सिंह की जयंती आज , लेकिन मनाएंगे कहां?

# धूल चाट रही जनरल जोरावर सिंह की प्रतिमा

**शशि सोनल, नादौन**



उत्तरी भारत की सीमाओं को सुरक्षित बनाने में ऐतिहासिक योगदान के लिए जनरल जोरावर सिंह की आज जयंती है। लेकिन मनाएंगे कहां। जनरल जोरावर सिंह की जयंती जहां मनाई जाती थी वहां नादौन के बाघनाला में उनकी लगी प्रतिमा धूल चाट रही है। वजह यह है कि यह प्रतिमा फोरलेन की जद में आ गई है इस स्थल पर फ्लाईओवर बन रहा है, जिसके चलते प्रतिमा की अनदेखी हो रही है जिसे लेकर समाजिक संस्थाओं में रोष है।

**प्रतिमा को अन्य जगह स्थापित करने की उठाई मांग**

जनरल जोरावर सिंह समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर लाल चंद जसवाल, नेशनल डिवेलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर ओपी शर्मा, रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस जनरल जोरावर सिंह की प्रतिमा किसी और स्थल पर स्थापित की जाए । (अनंत ज्ञान)

## गांव अन्सरा में हुआ था जोरावर सिंह का जन्म

**लालचंद** जसवाल, डॉक्टर ओपी शर्मा और पीडी शर्मा ने बताया कि जनरल जोरावर सिंह का जन्म 13 अप्रैल, 1786 को चंद्रवंशी राजपूत हरजे सिंह ठाकुर के घर गांव अन्सरा में हुआ था। उनके पिता कहलूर (बिलासपुर) रियासत के दरबारी थे। गांव में भूमि विवाद को लेकर झगड़े के कारण वे घर छोड़ कर हरिद्वार चले गए। लाहौर के शासक रणजीत सिंह व कांगड़ा में महाराजा संसार चंद की सेनाओं में सेवा करने के बाद जम्मू चले गए। वहां पर इनकी भेंट महाराजा गुलाब सिंह से हुई। गुलाब सिंह ने उन्हें अपनी सेवा में लिया एक अन्य विचार के अनुसार जोरावर अन्सरा से हरिद्वार चले गए वहा पर उनकी भेंट राणा जसवंत सिंह से हुई जो जम्मू में मरमत गलियां के जागीरदार थे। उन्होंने जोरावर सिंह के सामने जम्मू चलने का प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। 1802 में जोरावर सिंह जम्मू पहुंच गए।

## जोरावर सिंह ने योग और शस्त्र शिक्षा की थी ग्रहण

**मरमत** गलियां में जोरावर सिंह ने एक योगी से योग व शस्त्र शिक्षा ग्रहण की अब वे राणा की नौकरी छोड़कर जम्मू की ओर आए वहां पर तवी नदी के किनारे राजा गुलाब सिंह उनकी भेंट हुई अब जोरावर सिंह राजा की सेवा में आ गए राजा ने इन्हें किलों में राशन वितरण का कार्य सौंपा। एक वर्ष में एक लाख रुपए की बचत करने पर वे राजा के चहेते बन गए। प्रतिभा से प्रभावित हो कर 1817 ई. में रियासी क्षेत्र का प्रबंध उन्हें सौंपा। 1822 ई. में उन्हें बजीर की पदवी से नवाजा व सेना रखने का अधिकार प्रदान किया। उन्होंने 1834 ई0 में 4000 सैनिकों के साथ किश्तवाड़ के रास्ते आगे बढ़ते हुए सुरु व सोड़ के किलों को अपने अधीन किया। उन्होंने लद्दाख के राजा ग्यालपो त्सेपाल नामग्याल से लेह की सन्धि कर 50000 जुर्माना वसूला व वार्षिक कर देने के लिए मजबूर किया। 1840 ई. तक पूरा लद्दाख क्षेत्र जम्मू रियासत में मिला दिया। जोरावर सिंह की यह नीति रही है कि जिन क्षेत्रों को उन्होंने जम्मू रियासत के साथ मिलाया उन क्षेत्रों में अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की ताकि उनका सहयोग प्राप्त किया जा सके व विद्रोह की संभावना न रहे। मई 1841 ई. में लेह से आगे बढ़ते हुए ताशीगोंज व हानले को पार करके रूडोक व गारो को अपने अधीन किया। जोरावर ने मानसरोवर व राक्षसताल के समीप हुए युद्ध में कड़ी प्राजय दी व मानतलाई का झंडा छीन लिया। इस झंडे पर एक खुखांर चीते की तस्वीर है। यह झंडा आज भी डोगरा रेजिमेंट के पास उस विजय की यादगार में मौजूद है।

## कई क्षेत्रों को जीतकर जम्मू रियासत में मिलाया

**इस** महान सेनानायक ने सैन्य कौशल से लद्दाख, वल्तिस्तान व सुकर्दू जैसे दुर्गम क्षेत्रों को जीतकर जम्मू रियासत में 1,30,000 वर्ग किमी के क्षेत्र को मिलाया था। जोरावर सिंह अपने 4,000 सैनिकों के साथ 19,000 फुट की ऊंचाई के ग्लेशियरों को पार करके 6 दिनों में लेह पहुंचे थे। जोरावर सिंह की सेना द्वारा विजय क्षेत्र में से चीन ने 1962 के युद्ध में लद्दाख के 36,000 वर्ग किमी भू-भाग पर कब्जा कर लिया व 60,000 वर्ग किमी क्षेत्र पर पाकिस्तान का नाजायज कब्जा है।

# एनआईटी के छात्रों ने दिखाए अनोखे तकनीकी प्रोजेक्ट


मॉडल की जानकारी लेते हुए संस्थान की रजिस्ट्रार और कार्यकारी डायरेक्टर।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

एनआईटी में चल रहे टेक-फेस्ट निंबस-2025 का दूसरा दिन भी शानदार रहा। स्टूडेंट्स ने कई तरह की मॉडल तैयार कर रिसर्च वर्क का जो बीड़ा उठाया है उसमें एक मॉडल ऐसा भी है, जो ऊपरी हिमाचल में से की फसल के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। ओलावृष्टि से बचाने के लिए विशेष तकनीक इसमें शामिल की गई है।

तकनीक, नए आइडियाज और छात्रों के जोश ने दूसरे रोज के माहौल को जीवंत बना हुआ था। इनोवेशन, क्रिएटिविटी और इंजीनियरिंग के उत्कृष्टता को समर्पित एक खास अनुभव देने में स्टूडेंट्स ने कोई कसर नहीं छड़ी। देशभर से आए छात्र, फैकल्टी, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और टेक्नोलॉजी में रुचि रखने वालों ने खूब सराहा।

संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए कई नए और अनोखे प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. अनुप कुमार (डायरेक्टर इन-चार्ज), डॉ. अर्चना संतोष ननोटी (रजिस्ट्रार), डॉ. अशोक कुमार (डीन स्टूडेंट वेलफेयर), डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. राजेश कुमार मौजूद थे। इस दौरान क्वांटममिस्ट यह प्रोजेक्ट क्वांटम कंप्यूटिंग, केमिकल वेपर डिपॉजिशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मिलाकर क्वांटम डिवाइसेज के लिए बेहद बारीक और स्मार्ट मटीरियल तैयार करने पर आधारित है।

ऐराक्राफट 3डी एक ड्रोन-बेस्ड सिस्टम है, जो बिल्डिंग्स, गेम डेवेलपमेंट और वीएफएक्स के लिए 3डी मॉडलिंग करता है। वर्चुअल स्कैल्प यह एक वीआर सर्जिकल ट्रेनिंग सिस्टम है, जिसमें हप्टिक ग्लव्स की मदद से रियल ऑपरेशन का अनुभव दिया जाता है। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं ने उत्साहित रखा। (अनंत ज्ञान)

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 35 छात्रों ने दिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर में बी-वॉक रिटेल मैनेजमेंट विभाग में 20 दिनों के अंदर रिलायंस ब्रांड लिमिटेड के बाद स्मार्ट शॉपिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों के साक्षात्कार लिए।

इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 35 छात्रों ने भाग लिया। बी-वॉक रिटेल मैनेजमेंट रोजगार देने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। विभाग द्वारा अपने अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार देने के लिए हर वर्ष किए जाते हैं। बी वॉक रिटेल मैनेजमेंट में छात्र 3 वर्षों में अपनी डिग्री पूरा करते हैं जो कि अन्य डिग्रियों जैसी ही है। परंतु 3 वर्षों के बाद बी वॉक रिटेल मैनेजमेंट डिग्री करने पर रोजगार भी मिलता है।

इस साक्षात्कार के सफल आयोजन के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल एवं विभाग के नोडल अधिकारी प्रो. नीलम गुलेरिया ने विभाग के अधिकार, प्रो अनिल शर्मा, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. सुनील राणा, लैब अटेंडेंट नरेश कुमार आदि का धन्यवाद एवं उत्साहवर्धन किया।

# आकर्षण का केंद्र बना संकटमोचन द्वार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



संकट मोचन द्वार आस्था, श्रद्धा के साथ यह स्थल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हनुमान मंदिर के नाम से संकट मोचन द्वार कहते हैं। महाराजा संसार चंद की सीमा का प्रवेश द्वार हुआ करता था उस समय की हनुमान तथा भैरव की मूर्तियां द्वारा के दोनों और स्थापित है । सुजानपुर से करीब 4 किलोमीटर दूर गांव भलेठ नाम स्थान पर मुख्य सड़क मार्ग के साथ नीचे ग्रामीणों ने मंदिर मूर्तियों का जीर्णोद्धार कर इस द्वार को आस्था का केंद्र बना दिया है। मंदिर में प्राचीन मां टोनी देवी का मंदिर है कहते हैं चर्म रोग से पीड़ित व्यक्ति नमक के चढ़ावे से यह रोग ठीक हो जाता है वहीं मंदिर से नीचे की ओर एक प्राचीन झरना है, कहा जाता है कि औरतों द्वारा यहां पर स्नान करने से संतान की मनोकामना पूरी होती है । कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह पटियाल ने कहा कि 13 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

# खालिस्तानी पन्नू का ऊना में फूंका पुतला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शहर के एमसी पार्क ऊना में विभिन्न अनुसूचित जाति संगठनों सहित हिंदू व सिख धर्मों के लोगों ने शनिवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राम अंबेडकर की खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा बेअदवी करने के विरोध में प्रदर्शन किया और पन्नू का पुतला जलाकर अपना रोष व्यक्त किया।

लोगों ने एमसी पार्क में पन्नू की कार्यप्रणाली व सोच को निंदनीय करार दिया। इसके अलावा पंजाब में बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित करने व उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने की घोर निंदा की।

# 130 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा आरोपी

**हमीरपुर।** भोरंज थाना के तहत सेऊ गांव से 25 वर्षीय युवक से 130 ग्राम चिट्टा बरामद करने के मामले में आरोपी को अदालत में पेश किया गया। आरोपी को अदालत ने 15 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के पंजाब और हिमाचल में केस दर्ज हैं।

एसआईयू और भोरंज थाना की टीम ने संयुक्त दबिश में आरोपी को 130 ग्राम चिट्टे के साथ नंदन पंचायत के सेऊ गांव में स्थित घर से काबू किया था। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि आरोपी को अदालत ने 15 अप्रैल तक पुलिस रिमांड में भेजा है।

# सिद्धपुर में शॉर्ट सर्किट से दो मंजिला मकान जलकर राख

**संजीव कुमार, भोटा**



सिद्धपुर गांव में अजीत सिंह का दो मंजिला रिहायशी मकान में शॉर्ट सर्किट होने से जलकर राख हो गया है। यह घटना शनिवार सुबह 4 बजे के आसपास घटित हुई है।

देखते ही देखते आग पूरी तरह से भड़क उठी और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। कड़ी में मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। वहीं इसकी सूचना जिला परिषद सदस्य राजेश कुमार को मिली तो वह भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

राजेश ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति निजी स्कूल में बस चलाक का कार्य करता है और अति निर्धन परिवार है। जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दी जाए। हल्का पटवारी ने पीड़ित परिवार को फौरी राहत के तौर पर 10 हजार रुपए की सहायता प्रदान की है। (अनंत ज्ञान)

# कर्मचारियों की ग्रेच्युटी रिलीज करे सरकार : राजेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हिमाचल विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में टाउनभराड़ी में हुई, जिसमें प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर पेंशनर्स को संबोधित करते हुए खरवाड़ा ने कहा कि विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष ई एएस गुप्ता और महामंत्री चंद्र सिंह मंडयाल के नेतृत्व में पिछले दिनों 7 अप्रैल को विद्युत बोर्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार से मिलकर पेंशनर्स के लंबित पड़े वित्तिय लाभों की अदायगी को लेकर विस्तृत चर्चा की थी, जिसमें बोर्ड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार ने कहा था कि बकाया राशि की अदायगी कर दी जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल ने पिछले डेढ़ दो साल से सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों के लीव-इन-केशमैंट व ग्रेच्यूटी की अदायगी भी अतिशीघ्र जारी करने की मांग की गई। इस मौके पर न्यू पेंशन स्कीम के तहत सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की लीव-इन-केशमैंट व ग्रेच्यूटी को प्राथमिकता के आधार पर रिलीज करने की मांग की गई।

खरवाड़ा ने बोर्ड प्रबन्धन से मांग की है कि बैठक में हुई चर्चा के अनुरूप अतिशीघ्र पेंशनर्स के वित्तिय लाभों की अदायगी सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** भरेड़ी बाजार में हादसे आम, स्वास्थ्य और व्यापार दोनों पर असर

# बस्सी-तताहर सड़क निर्माण कार्य बना मुसीबत

**अन्त ज्ञान, भोरंज**



बस्सी से तताहर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का सबब बन गया है। पिछले पांच महीनों से इस सड़क का निर्माण एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से किया जा रहा है, लेकिन कार्य की अत्यधिक धीमी गति ने स्थानीय निवासियों, वाहन चालकों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण इस मार्ग से गुजरना लोगों के लिए किसी जंग के मैदान से कम नहीं है। बाजार क्षेत्र से लेकर रिहायशी इलाकों तक निर्माण कार्य से उड़ रही धूल लोगों की सेहत के लिए खतरा बन चुकी है। दुकानों में रखा सामान लगातार धूल से प्रभावित हो रहा है, जिससे दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पानी का छिड़काव न किए जाने से धूल का स्तर अधिक बढ़ गया है। इससे विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में श्वसन संबंधित समस्याएं, एलर्जी और त्वचा रोगों में इजाफा हुआ है। भरेड़ी बाजार में स्थित दुकानदारों ने बताया कि सड़कों की हालत और धूल की वजह से ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं। इससे व्यापार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। निर्माण के दौरान और उसके बाद सड़क पर बने गहरे गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।

## सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द किया जाएगा

**लोक** निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग को गड्ढों की जानकारी है और जल्द ही इन्हें भरने का कार्य किया जाएगा। हालांकि, लोगों का कहना है कि आश्वासन मिलने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और बाजार क्षेत्र में धूल से बचाव के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए।

# ज्वाइन हुए शिक्षकों को करें रेफर बैक : टीजीटी कला संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश शिक्षा विभाग में इस माह हुए टीजीटी युक्तिकरण के आदेश होल्ड करना उचित है और अगर इनको पूरी तरह से रद्द किया जाए तो यह सराहनीय कदम होगा।

ज्वाइंन कर चुके शिक्षकों ने शिक्षा विभाग के आदेशों की अनुपालना की है। उन्हें पिछले स्कूलों में रेफर बैक किया जाए और इन आदेशों के समस्त प्रभाव शून्य किए जाएं। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से उठाई है।

संघ ने अपनी वर्चुअल बैठक में युक्तिकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द करने की मांग दोहराई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि अधिक नामांकन वाले स्कूलों में ट्रांसफर या प्रमोशन से शिक्षकों के रिक्त पद भरे जा सकते हैं। 800 पदों पर टीजीटी से प्रवक्ता और 200 पदों पर टीजीटी से हेडमास्टर प्रमोशन होनी है और 70 टीजीटी ने बीआरसीसी नियुक्त होना है।

ऐसे में सरकार को ये आदेश रद्द करने चाहिए। तबादला आदेशों को न्यायालय में चुनौती ज्वाइनिंग से पहले देने और 30 किलोमीटर दायरे की नई शर्त को वापस कर पुरानी स्वीकार्य व्यवस्था लागू करने की अपील संघ ने सरकार से की है।

वहीं शिक्षकों के तबादलों से प्रतिबंध हटाने की अधिसूचना तत्काल जारी की जाए।

# क्यारकोटी बने पर्यटन स्थल : राज्यपाल

## गांव की गोवर्धन धाम में की गोसेवा, शनिधाम एवं कर्मघाट की प्राण प्रतिष्ठा में भी हुए शामिल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के निकट क्यारकोटी में आयोजित गो कथा में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर, वह शनिधाम एवं कर्मघाट की प्राण प्रतिष्ठा में भी शामिल हुए। उन्होंने यहां स्थापित गोवर्धन धाम में गोमाता को अन्न भेंटकर गोसेवा की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित थे। इस मौके पर संत गोपाल मणि महाराज ने गोमाता की महिमा का गुणगान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस क्षेत्र का उनका यह पहला दौरा है। घाटी की सुंदरता से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की आवश्यकता है, जिसके लिए यहां पर्यटन केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने गोवर्धन धाम स्थापित करने के लिए गोवर्धन धाम वेलफेयर सोसायटी और ग्रामवासियों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल गो संरक्षण का कार्य किया है, बल्कि समाज के लिए शनिधाम और कर्मघाट जैसी सुविधाएं भी विकसित की हैं।

### पहाड़ी गाय का दूध अमृत समान

**पहाड़ी** गाय के दूध को अमृत समान माना जाता है। इसमें औषधीय गुण होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। साथ ही, इसका गोबर प्राकृतिक खेती के लिए सर्वोत्तम खाद है, जो रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करता है और जैविक कृषि को बढ़ावा देता है।

### नशा रहेगा तो देवभूमि नहीं रहेगी

**उन्होंने** कहा कि हिमाचल को देवभूमि कहा जाता है और यहां नशा रहेगा तो देवभूमि नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते चिट्टे के नशे से कई घरों के 'चिराग' बुझ गए हैं, लेकिन फिर भी लोग खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने मातृ शक्ति का आह्वान किया कि वे नशामुक्त हिमाचल अभियान का हिस्सा बनें और नशे के खिलाफ एवं हिमाचल की पवित्रता के लिए संघर्ष करें।

### गोसेवा एक महान कार्य : अनिरुद्ध

**इस** अवसर पर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की भूमि सदैव धर्म, संस्कृति और परंपरा की पोषक रही है। यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी गोसेवा को एक महान कार्य माना जाता है।

### गो संरक्षण को चलाई जा रही कई योजनाएं

**राज्य** सरकार भी गो संरक्षण व गोशालाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि इस गो कथा के माध्यम से हम सभी को यह प्रेरणा मिलेगी कि गौ माता केवल हमारी आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संरचना का भी अभिन्न हिस्सा हैं।



शिमला। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल विख्यात जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

# अंबेडकर के विचारों को समर्पित भाजपा का सामाजिक न्याय अभियान शुरू: बिंदल

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भाजपा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मना रही है। इस अवसर पर शिमला में एक प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। उन्होंने बताया दी कि 13 अप्रैल को सायं सभी स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं और चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन होगा, 14 अप्रैल की प्रात: श्रद्धांजलि स्वरूप माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि दी जाएगी तथा 15 से 25 अप्रैल तक प्रदेश के 17 जिलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें डॉ. अंबेडकर के विचारों और योगदान पर चर्चा की जाएगी।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बार-बार संविधान में संशोधन कर डॉ. अंबेडकर की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया। अब तक संविधान में लगभग 108 बार संशोधन किए गए, जिनमें अधिकांश सत्ता बचाने, तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न केवल संविधान की मर्यादा भंग की, बल्कि 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को भी कुचल दिया। देश को 19 महीने तक जेल में बदल कर लाखों लोगों को बंदी बनाया गया। इसके विपरीत भाजपा ने सदैव डॉ. अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया।

बिंदल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के प्रयासों से उन्हें भारत रत्न की उपाधि मिली और संसद भवन में उनके चित्र की स्थापना संभव हो सकी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पंच तीर्थों का निर्माण कर अनुसूचित वर्गों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य हुआ।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए भारतीय जनता पार्टी आज भी सामाजिक न्याय, समानता और समरसता की राह पर कार्य कर रही है। उनका जीवन और विचार हमारी प्रेरणा हैं, और भाजपा उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)



### कांग्रेस ने संविधान को बनाया वोट बैंक की राजनीति का औजार : सोनकर

**कार्यशाला** में बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों, उनके योगदान और सामाजिक समरसता पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय सचिव विनोद सोनकर ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सबसे अधिक संवैधानिक संशोधन किए, लेकिन जनता के हित में नहीं बल्कि अपने राजनीतिक स्वार्थ और तानाशाही को कायम रखने के लिए, जिनमें से अधिकांश का उद्देश्य वोट बैंक को साधना और लोकतंत्र की मूल भावना को कुचलना था। आपातकाल के काले दौर में मौलिक अधिकारों को कुचला गया, प्रेस की आजादी पर पहरा बैठा, और लाखों लोगों की स्वतंत्रता छीन ली गई।

























# बैसाखी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**अशोक ठाकुर**
ब्यूरो चीफ पठानकोट (इंदौरा) मो. 94184-85666

## बैसाखी मेला

13 अप्रैल 2025

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इन्दौरा में बड़ी धूम-धाम से मनाया जा रहा है। जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं।



## कंवर ग्रेवाल

पंजाबी गायकार

रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## राजू शर्मा पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत मोहटली एवं कांग्रेसी युवा नेता

की तरफ से

## बैसाखी पर्व

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





## न्यूज ब्रीफ

### 22 बोतल शराब व 50.80 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना पुलिस का नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। भवारना पुलिस नशे के कारोबारियों पर कड़ी नजर रखे हुए है। पुलिस ने दो अलग-अलग जगह में गश्त के दौरान शराब और चरस बरामद की है। पहले मामले में भवारना पुलिस ने ककडैं में मंजीत कुमार (59) पुत्र स्व. आत्मा राम गांव व डा. मैंझा तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा से 22 बोतलें देसी शराब संतरा की बरामद की है, जबकि दूसरे मामले में पुलिस ने गढ़ खास में अनिल कुमार पुत्र दसौंधी राम गांव गढ़ खास तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा से 50.80 ग्राम चरस बरामद की है। थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों ने खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ऐश्वर्या राणा ने उत्तीर्ण की नवोदय परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के पंडोल रोड पर स्थित क्रेयोन्स वलर्ड स्कूल की



पांचवीं क्लास में पढ़ने बाली ऐश्वर्या राणा ने जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में जिला कांगड़ा में सातवां रैंक हासिल करके परीक्षा उत्तीर्ण की है। ऐश्वर्या के माता-पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी बेटी ने बिना कोई कोचिंग करके ये मुकाम हासिल किया है। इसके लिए ऐश्वर्या बधाई की पात्र हैं। जिला कांगड़ा में इस परीक्षा में 8000 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से ऐश्वर्या राणा ने सातवां रैंक हासिल किया है बेटी की इस उपलब्धि पर ऐश्वर्या राणा के दादा ब्रहम दास ठाकुर, दादी हिमा देवी, माता-पिता रविंद्र सिंह पूजा देवी ने स्कूल के एमडी सहित सारे स्टाफ को बधाई दी है।

### खटेड़ स्कूल में धूमधाम से मनाई बैसाखी

**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर खटेड़ धर्मशाला में शनिवार को प्रधानाचार्य अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैसाखी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम विद्यार्थियों को इस उपलक्ष्य में बधाई देते हुए इस सत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बैसाखी भारत में बसंत की शुरुआत और फसल के मौसम के अंत का प्रतीक है। यह त्योहार 1999 में गुरु गोबिंद सिंह द्वारा आयोजित खालसा पंथ के गठन और भाईचारे का प्रतीक है एवं सभी सुविधा के लोगों के साथ शांति प्रेम सद्भाव में रहने के लिए समर्पित है। इसके उपरांत कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए विद्यार्थियों के प्रदर्शन नर्सरी का मनमोहन लिया।

### बलवीर संधू लगातार पांचवीं बार बने प्रधान

**अनंत गया, फतेहपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा खंड फतेहपुर के 2025-28 सत्र के त्रैवार्षिक चुनाव पर्यवेक्षक मनजीत सिंह गांधी पीटीएफ प्रधान की अध्यक्षता में कृष्णा मैरिज पैलेस बटाहड़ी में संपन्न हुए। खंड फतेहपुर के समस्त पाठशालाओं से 149 अध्यापक-अध्यापिकाओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से बलबीर सिंह संधू को प्रधान, कुलदीप कौशल को वरिष्ठ उपप्रधान, योगेश शर्मा को महासचिव, सतपाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बलबीर संधू लगातार पांचवीं बार खंड प्रधान बने हैं।

### पेंशनर्स ने पेंशन न मिलने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच नूरपुर जोन की मासिक बैठक मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाल पठानिया की अध्यक्षता में जसूर में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया के देहांत को लेकर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा अप्रैल की 12 तारीख तक मार्च माह की पेंशन न मिलने को लेकर सरकार व निगम के प्रति रोष प्रकट किया गया। इसके साथ ही मार्च 2024 के उपरांत सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के अभी तक पेंशन न लग पाने तथा बकाया भुगतान राशि न मिलने को लेकर भी रोष प्रकट किया। बैठक में वलवान सिंह सिटूंता यार्ड मास्टर व संजय कुमार मकैनिक पठानकोट से सेवानिवृत्त साथियों ने कल्याण मंच की सदस्यता ली।

### मां भगवती देव भराड़ी मंदिर में होगा दंगल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर की पंचायत लौहारपूरा के गांव देव भराड़ी में बैसाखी पर्व पर मां भगवती देव भराड़ी मंदिर में विशाल दंगल व मेले के आयोजन को लेकर युवा मंडल देव भराड़ी के युवा सदस्य तथा गांव वासी जोरों शोरों से तैयारियों में लगे हुए है। यहां पिछले चार-पांच सालों से युवा मंडल देव भराड़ी द्वारा मेले के साथ एक विशाल दंगल का आयोजन भी करवाया जा रहा है। इस दंगल में हिमाचल के साथ-साथ उत्तरी भारत से भी उच्च कोटि के पहलवान कुश्ती करने पहुंचते हैं।

### नगरोटा सूरियां सेवियर्स ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां सेवियर्स संस्था द्वारा एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। धर्मशाला से ज़ोनल अस्पताल की टीम के सहयोग से 76 यूनिट रक्त एकत्रित किया। संस्था ने यह शिविर महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह जी, राजगुरु जी, और सुखदेव जी को उनके महान कार्य को लेकर समर्पित किया। नगरोटा सूरियां सेवियर्स संस्था रक्तदान शिविरों का आयोजन और लोगों को आपातकालीन स्थिति में रक्त देने के साथ साथ रक्तदान देने के लिए लोगों को प्रेरित करने का भी काम करती है। संस्था ने कांगड़ा और धर्मशाला सेवियर्स का धन्यवाद किया जिनके मार्गदर्शन से यह सब कुछ संभव हो पाया है।

### सुरिंद्र दूसरी बार प्रधान, भूपेंद्र चौथी बार महासचिव



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड नगरोटा बगवां के त्रैवार्षिक चुनाव में सुरिंद्र राणा फिर से संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। राणा दूसरी बार खंड के प्रधान बने, भूपेंद्र जम्वाल चौथी बार महासचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष के पद पर पुनः सतीश कुमार का चयन किया गया। मुख्य संरक्षक कमलजीत गुलेरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप आनंद, महालेखाकार आनंद अवस्थी, मुख्य सलाहकार हरिया राम और संयुक्त सचिव अनिल डोगरा बने। प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िला अध्यक्ष अनिल भाटिया भी चुनाव में उपस्थित रहे। चुनाव पर्यवेक्षक खंड कांगड़ा के अध्यक्ष कमलजीत, महासचिव सुशील सिहोत्रा, कोषाध्यक्ष विजय सिंह तथा नरेश रहे। इस अवसर पर अनिल भाटिया ने विजयी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शिक्षक हित में दुगनी ऊर्जा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सुरिंद्र राणा, भूपेंद्र जम्वाल और सतीश कुमार सहित समस्त पदाधिकारियों ने सभी प्राथमिक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और शिक्षा तथा शिक्षक हित में निरंतर कार्यरत रहने का वादा किया।

# कालेश्वर बैसाखी मेले का संजय रत्न ने किया शुभारंभ

## पंजतीर्थी से कालेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, देहरा**

कालेश्वर महादेव मंदिर में शोभायात्रा और पूजा-अर्चना के साथ तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कालेश्वर बैसाखी मेले का शनिवार को आगाज हुआ। ज्वालामुखी विधायक संजय रत्न ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पंजतीर्थी से कालेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली गई शोभायात्रा में भाग लिया और ऐतिहासिक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

संजय रत्न ने प्रदेशवासियों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज पूरे भारतवर्ष में बैसाखी का महापर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कालेश्वर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का अपना ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। इस मंदिर और यहां पर स्नान की महत्ता हरिद्वार के समान है। उन्होंने कहा कि बैसाखी का त्योहार हमारा पारंपरिक पर्व है जिसे कालेश्वर महादेव मंदिर में राज्य स्तरीय मेले के रूप में मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इसका आयोजन राज्य स्तर पर इस दिव्य स्थान में होना हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कालेश्वर महादेव में बैसाखी के दिन स्नान से पांच तीर्थों का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को संजोए रखने हेतु इन मेलों का बहुत महत्व है। प्रदेश सरकार सांस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कलाकारों को मेले में मनोरंजन के लिए बुला रही है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय बैसाखी मेले में आस्था और परंपरा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम भी देखने को मिलेगा। जहां तीन दिनों तक कई नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे और सभी का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय लोक लाकारों को बुलाया गया है।

# बठरा के पंचायत सचिव, प्रधान पर 42900 रुपए की रिकवरी

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

परागपुर के तहत ग्राम पंचायत बठरा के सचिव तथा प्रधान पर जिला पंचायत द्वारा 42900 रुपए की रिकवरी डाली गई है। पंचायत विभाग द्वारा यह कार्रवाई चार फर्जी मस्ट्रोल तैयार करने पर की गई है, जिनकी कुल राशि 42 हजार 900 रुपए बनी थी। मामले की जांच पूर्व खंड विकास अधिकारी मुकेश ठाकुर द्वारा पंचायत निरीक्षक द्वारा करवाई गई थी, जिसमें यह पाया गया कि प्रधान और पंचायत सचिव दोनों ने मिलकर सभा निधि की राशि का दुरुपयोग किया था, जिसका संज्ञान लेते हुए उस समय के खंड विकास अधिकारी ने प्रधान और सचिव के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की अनुशंसा जिला पंचायत अधिकारी से की थी। इस बारे जब कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी परागपुर मनोज शर्मा ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि जिला पंचायत अधिकारी कांगड़ा ने बठरा पंचायत के प्रधान और सचिव से रिकवरी वसूल करने के निर्देश दिए हैं। मामले को लेकर प्रधान और पंचायत सचिव को जिला पंचायत अधिकारी द्वारा नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन पंचायत प्रधान तथा पंचायत सचिव का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया जिसके चलते अब प्रधान तथा सचिव को पंचायत के खाते में उक्त रिकवरी जमा करवानी होगी। सरकारी मस्ट्रोलों में सेम डे कुछ मजदूरों की दिहाड़ी लगाने का मामला इसी ग्राम पंचायत के स्थानीय निवासी परीक्षित धीमान द्वारा उजागर किया गया था। उन्होंने इसकी प्रथम शिकायत खंड विकास अधिकारी परागपुर से की थी।

### सभा निधि से की अनुचित निकासी

**जिला** कांगड़ा पंचायत अधिकारी नीलम कटोच ने विकास खंड परागपुर के खंड विकास अधिकारी को जारी पत्र में कहा कि उक्त ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों के साथ सभा निधि से 42900 रुपए की अनुचित निकासी की गई है। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अलग-अलग कार्यों के चार फर्जी मस्ट्रोल तैयार किए गए जिनकी कुल राशि 42 हजार 900 रुपए बनती है। उन्होंने कहा प्रधान और सचिव को रिकवरी जमा करवाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## हैप्पी बर्थडे



धनोटू (सुंदरनगर) के तिलक राज को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### धनाग में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाजपा मंडल महामंत्री चेतक कंवर ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी मंडल बैजनाथ ग्राम पंचायत धनाग में कार्यकर्ता सम्मेलन करने जा रही है। इसमें मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी होंगी और बैजनाथ के पूर्व विधायक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में स्पोर्ट्स कैंप का आगाज



**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में स्टेट मर्दानी स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश (मार्शल आर्ट) तथा स्टेट गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश कैंप का आयोजन 12 व 13 अप्रैल को किया जा रहा है। कैंप के शुभारंभ पर गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष शुभकरण सिंह को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कैंप में दिल्ली के प्रोफेशनल मर्दानी कोच जगदीश प्रसाद तथा गतका कोच मनविंदर विकी द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग दी गई। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि जो बच्चे इस स्टेट कैंप में चयनित होंगे, वे बच्चे में नेशनल लेवल में खेलने जाएंगे और नेशनल लेवल में चयनित बच्चे साउथ एशियन चैंपियनशिप, जोकि भूटान में हो रही है, उसमें अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### राजपूत कल्याण सभा ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजपूत कल्याण सभा एवं राजपूत कल्याण ट्रस्ट हिमाचल प्रदेश की त्रैमासिक बैठक शनिवार को सभा भवन परिसर कांगड़ा में ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप सिंह एवं इंजीनियर कैसे चंबियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सबसे पहले शोक प्रस्ताव रखा गया जिसमें ट्रस्ट का जीवन ट्रस्टी तथा भूतपूर्व प्रधान राजपूत कल्याण सभा करनाल एससी परमार और अन्य साथियों के अकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष ने बताया कि धर्मगिरी में 29 मई को महाराणा प्रताप सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

# युवाओं के लिए नौकरी के नए अवसर पैदा कर रही सुक्खू सरकार : निशु मोंगरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एपीएमसी और हिमाचल ओबीसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा है कि प्रदेश सरकार रोजगार सृजन पर कई कार्य कर रही है। ढगवार मिल्क प्लांट, आईटी पार्क और रोजगार मेलों का आयोजन इसका बड़ा उदाहरण है। निशु मोंगरा शनिवार को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तहत टांडा खोली में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान टांडा खोली व अन्य स्थानों से करीब 100 फरियादी निशु मोंगरा के पास पहुंचे। मोंगरा ने 80 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया, जबकि 20 समस्याएं विभागीय अधिकारियों को भेजने की बात कही। निशु मोंगरा ने कहा कि आगामी खरीफ फसल के मददेनजर कांगड़ा विधानसभा हलके में खेती, बागवानी और खाद्य आपूर्ति आदि विभागों के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### ढगवार में बंद पड़ी कूहल जल्द होगी बहाल



**एपीएमसी** और हिमाचल ओबीसी के चेयरमैन निशु मोंगरा से मिलने इच्छी गांव के दर्जनों किसान पहुंचे। किसानों ने बताया कि ढगवार में छोटी मांझी नामक कूहल बंद हो गई है। इस पर निशु मोंगरा ने कहा कि वह मौके का दौरा करेंगे। इस कूहल को समय पर खुलवाया जाएगा।

### खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**कांगड़ा।** खेल मैदान पुराना कांगड़ा में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में एचपीएमसी के अध्यक्ष निशु मोंगरा ने शिरकत कर खेल प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। मोंगरा ने आयोजकों को 5100 रुपए नकद प्रोत्साहन राशि दी। बता दें कि मनोनीत पार्षद अनिल कुमार चौधरी पुराना कांगड़ा मैदान में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाते आ रहे हैं।

### पुलिस थाना डमटाल बेस्ट अचीवमेंट अवार्ड के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** 15 अप्रैल हिमाचल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम पर हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस थानों को सम्मानित करने के लिए चुना है। इनमें डमटाल पुलिस थाना, पुलिस स्टेशन सदर जिला बिलासपुर, पुलिस बीएसएन कॉलोनी मंडी व एकमात्र महिला पुलिस स्टेशन ऊना शामिल है। इन्हें वर्ष 2024 में बेहतरीन सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। इस सम्मान को लेने के लिए थाना प्रभारी इंदौरा कल्याण सिंह कल पांगी के लिए रवाना होंगे।

# तिब्बत के लोगों का मुझ पर अटूट विश्वास : दलाईलामा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा ने धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर में कहा है कि तिब्बत के लोगों का मुझ पर अटूट विश्वास है और स्पीति और ट्रांसहिमालयन क्षेत्र के आप लोगों ने भी इसी तरह का समर्पण दिखाया है और जहां भी संभव हो, मेरी मदद की है। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जब मैं भारत में निर्वासन में आया, तो मैंने पाया कि देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में ऐसे लोगों का समुदाय था, जिन्होंने मुझ पर अपना विश्वास और भरोसा रखा था। उन्होंने कहा कि जब से मुझे एक बच्चे के रूप में पहचाना गया, मैंने जागरूकता, ज्ञान, तर्क और तर्क के साथ-साथ ज्ञान की पूर्णता और मध्यम मार्गदर्शन का अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि चीन मे लोगों में आस्था तो है, लेकिन वे बहुत अधिक अध्ययन नहीं करते हैं। यही कारण है कि मुझे लगता है कि हमारी तिब्बती परंपरा इच्छुक चीनी लोगों को बौद्ध धर्म को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है।

### पौंग बांध विस्थापित समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब।** प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति की शनिवार को राजा का तालाब में विशेष बैठक हुई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील विनोद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसमें पांच दशक से अधिक समय से न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पौंग बांध विस्थापित की समस्याओं पर चर्चा की गई।

### ईश्वर की तुलना किसी भी वस्तु से नहीं हो सकती

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** परमात्मा सर्व समर्थ और असीम है, जबकि संसार की वस्तुओं की एक सीमा है। इसलिए परमात्मा की स्मृति को दूसरी स्मृतियों के साथ नहीं जोड़ी जा सकती। ईश्वर की तुलना संसार की किसी भी वस्तु से नहीं हो सकती। हम सोचते हैं कि मकान बनाएंगे, दुकान में कमाएंगे, धन जमा करेंगे, यश प्राप्त करेंगे और परमात्मा को भी पा लेंगे। उक्त वचन श्रीमदभागवत कथा के छठे दिवस पर अतुल कृष्ण महाराज ने चौली में व्यक्त किए।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार किए सम्मानित



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर (इंदौरा) की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. ऋचा महाजन की अध्यक्षता में अकादमिक अचीवर समारोह का आयोजन किया गया इसमें मुख्यातिथि एसडीएम इंदौरा सुरंद्र ठाकुर, स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन व डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन रहे। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर में अकादमिक अचीवर समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नेट एसओएफ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रेणु परमार ने कहा कि यह दिन उन छात्रों की मेहनत और लगन का सम्मान करने का दिन है, जिन्होंने विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं, स्कूल की एमडी डॉ. ऋचा महाजन ने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने खेलकूद प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और नेशनल खेल प्रतियोगिता में स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं, मुख्यातिथि एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल के हेड ब्वॉय और हेड गर्ल का चयन किया गया जिसमें बारहवीं कक्षा के तन्मय शर्मा और वंशिका के सिर पर इसका ताज लगाया गया। (अनंत ज्ञान)

# शाहपुर के चंगर में बनेगा श्रीराम मंदिर : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंगर क्षेत्र में शीघ्र ही भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने दी। वे आज लपियाणा में श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि शाहपुर में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसी कड़ी में अब चंगर क्षेत्र में भी मंदिर निर्माण की योजना तैयार की गई है। चंगर कांग्रेस कमेटी के सहयोग से स्थान चिन्हित कर जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। पठानिया ने कहा कि लपियाणा में 15 लाख रुपए से वन विभाग के सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

# महेंद्र चंद को प्रधान, राजेश्वर पठानिया को चुना महासचिव

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

> नगरोटा में ट्रक ऑपरेटर्स यूनियनों सोसाइटीज और एसोसिएशनों का गठन

जिला कांगड़ा में जितनी भी ट्रक यूनियनें या सोसायटियां जो पंजीकृत हैं और भारतीय खाद्य निगम, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, वन निगम, सरकारी या गैर सरकारी तथा आम जनता के माल की ढुलाई का कार्य कर रही हैं, उनकी संयुक्त बैठक नगरोटा गुड्स ट्रांसपोर्ट कार्यालय में हुई। बैठक में मारंडा, नगरोटा, रानीताल, देहरा, जसूर, चैतड़ू, ज्वालाजी, टैरेस आदि यूनियनों और सोसायटियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान ट्रक ऑपरेटरों ने पेश आ रही कठिनाइयों के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि ट्रासपोर्ट उद्योग डूबने के कगार पर है और कोई भी सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है। इसलिए अपने हित तथा जनहित में लड़ाई लड़ने के लिए जिला कांगड़ा ट्रक आप्रेटर्स यूनियनों, सोसाइटीज एवं एसोसिएशनों का गठन किया गया। प्रधान महेंद्र चंद चौहान देहरा, वरिष्ठ उपप्रधान पंकज धीमान नगरोटा, उपप्रधान रोहित गुप्ता मारंडा व शमशेर चंद टैरेस, महासचिव राजेश्वर पठानिया रानीताल, अतिरिक्त महासचिव मोहिंद्र सिंह जसूर, उप मुख्य सलाहकार बलराम पुरी नगरोटा, कोषाध्यक्ष दिनेश कटोच नगरोटा, सचिव योगराज चैतड़ू को चुना गया। इसके अलावा अनिल कुमार, अशोक कुमार देहरा, मंजीत सिंह मारंडा, धर्मपाल, रविंद्र सिंह नगरोटा बगवां, संजय कुमार अक्षण पठानिया रानीताल और अखिल सूद ज्वालाजी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

### विद्यार्थियों को दी वेब डिजाइनिंग की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पं. संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में बीसीए विभाग के विद्यार्थियों के लिए नेट कोडर टेक्नोलॉजी टीम धर्मशाला द्वारा 15 दिवसीय वेब डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नेट कोडर टेक्नोलॉजी टीम ने विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे वे अपने भविष्य की दिशा को बेहतर रूप से निर्धारित कर सकें। इस अवसर पर बीसीए फाइनल ईयर के दो विद्यार्थियों पुरुषोत्तम और अभिषेक को बेस्ट परफॉर्मर के रूप में विशेष प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

**एजुकेशन** सुख की सरकार ग्रामीण नौनिहालों के लिए बेहतर शैक्षणिक संस्थान कर रही तैयार

# डे-बोर्डिंग स्कूलों को लैंड ट्रांसफर करने में कांगड़ा सबसे आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



> सीएम के विजन से जिले को आठ डे बोर्डिंग स्कूलों की मिली है सौगात

कांगड़ा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वर्तमान सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सरकारी क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान तैयार करने के सीएम के विजन पर कांगड़ा जिला के लिए पहले चरण में आठ डे-बोर्डिंग स्कूल स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से छह डे-बोर्डिंग स्कूल की आधाशिला रखी जा चुकी है, जबकि दो स्कूलों में कार्य आरंभ भी हो चुका है। इसके अतिरिक्त शाहपुर के रैत तथा जसवां प्रागपुर में भी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलना प्रस्तावित हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक ज्वाली के ठंगड़, जयसिंहपुर के सोलबनेड़, पालमपुर के कमलेहड़, नगरोटा बगबां के रणहूं, फतेहपुर के मंझार, ज्वालामुखी के लाहडू में बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखी जा चुकी है जबकि पालमपुर तथा ज्वालामुखी में इस दिशा में कार्य भी आरंभ हो चुका है।

बता दें, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल बनाने की घोषणा की है। इसे लेकर पहले चरण में प्रदेश में 15 विधानसभा क्षेत्रों में यह स्कूल बनाने को मंजूरी दी गयी थी।

कांगड़ा जिले के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा के लिए जो घोषणाएं की हैं, उन कार्यों को प्राथमिकता पर किया जा रहा है। जिला प्रशासन की तेज रफ्तारी से डे-बोर्डिंग स्कूलों के लिए लैंड ट्रांसफर में कांगड़ा जिला सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि डे-बोर्डिंग स्कूल ग्रामीण तथा निर्धन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

इन डे-बोडिंग स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

### समग्र शिक्षा का केंद्र बनेंगे ये स्कूल





**पर्यटन** विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा जिले को 8 स्कूलों के उपहार के लिए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएम के विजन से कांगड़ा जिला चहुंमुखी विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ये स्कूल कांगड़ा में शिक्षा के मूलभूत ढांचे को और सुदृढ़ करने के साथ सांस्कृतिक, पुरातन, आधुनिक और तकनीकी नवाचार के साथ समग्र शिक्षा का केंद्र बनेंगे। वहीं, विधायक आशीष बुटेल, विधायक संजय रत्न ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि हिमाचल का भविष्य शिक्षा से ही उज्ज्वल होगा। इसके लिए प्रदेश में खोले जा रहे राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल महात्वपूर्ण होंगे तथा राज्य को ज्ञान पटल पर नए आयाम के साथ स्थापित करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने हमेशा नजरअंदाज किए किसान: मच्छान

**हिमाचल दस्तक, रोहड़ू।** भाजपा ने रोहड़ू में पार्टी स्तर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसके बाद उन्होंने रोहड़ू बाजार में एक रैली निकाली। इसमें नाममात्र लोग ही शामिल रहे। इस रैली में उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी की। किसान कांग्रेस ब्लॉक रोहड़ू के अध्यक्ष राज यशवंत मच्छान ने बताया कि यह किसान और बागवानों के हितों तक सीमित है। भाजपा ने इस रैली में प्रदेश की कांग्रेस सरकार को किसान और बागवान विरोधी बताने का दुष्प्रचार भी किया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई किसान एवं बागवानों का विरोधी है, तो वह केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार और प्रदेश में पूर्व में रही भाजपा सरकार है। जिन्होंने हमेशा किसानों और बागवानों के हितों को नजरअंदाज किया है।

### सुन्नी का मशहूर बैसाखी मेला कल

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी में बैसाखी मेला 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस मेले का शुभारंभ स्थानीय देवताओं के आगमन से होगा। व्यापार मंडल सुन्नी के अध्यक्ष टेक चंद ने बताया कि सुन्नी में बैसाखी मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। हर वर्ष की भांति मेले में देव कुर्गण मंडोर घाट, देवता बथिदलू खटनोल व देवता सहस्त्र बाहु सुन्नी मेले में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे और मेले की शोभा बढ़ाएंगे। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए 14 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। उत्तराखंड के जाने माने गायक कलाकार अजय चौहान और अजय तोमर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। स्थानीय कलाकार नितिन कौशल सहित अन्य कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां पेश करेंगे। मेले में साथ लगते करसोग विधान सभा क्षेत्र के विधायक दीप राज कपूर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और उनके साथ सुन्नी के समाजसेविका रिया बतौर विशेष अतिथि शिरकत करेंगी।

### कल बल्देयां में होंगे मंत्री अनिरुद्ध सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 14 अप्रैल को प्रातः 11 बजे बल्देयां स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर में फायर सर्विस-डे के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय पुष्पांजलि समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### सुन्नी में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली झांकी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुन्नी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया और झांकी भी निकली गई। झांकी हनुमान मंदिर सुन्नी से आरंभ हो कर सुन्नी स्कूल तक परिक्रमा करते हुए वापस हनुमान मंदिर में समाप्त की गई। उसके पश्चात समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भारी संख्या श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सुन्नी सहित तत्तापानी और साथ लगते क्षेत्रों से हनुमान भक्तों ने इस आयोजन में हाजरी लगाई और पूजा-अर्चना की। आयोजक कपिल गुप्ता ने बताया कि सुन्नी के हनुमान मंदिर का प्राचीन इतिहास है और सभी भक्तजनों के सहयोग से हर ज्येष्ठ मंगलवार को भंडारे का आयोजन बिना विलम्ब किया जाता है और वर्ष भर मंदिर में अनुष्ठान का आयोजन भी किया जाता है।

### पुलिस भर्ती में 1464 ने पास किया ग्राउंड टेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के भराड़ी पुलिस मैदान में पुलिस कांस्टेबल भर्ती के तहत आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस परीक्षा में ज्यादातर अभ्यर्थियों को असफलता का सामना करना पड़ा। एक अप्रैल से 11 अप्रैल तक चले इस ग्राउंड टेस्ट में कुल 12,975 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से केवल 1,464 उम्मीदवार ही सफल हो पाए जो कुल आंकड़े का महज 11.2 प्रतिशत है। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया में कुल 7,825 अभ्यर्थी ही मैदान में उतरे, जबकि 4,970 पंजीकृत अभ्यर्थी टेस्ट में शामिल नहीं हुए। इसके अलावा 30 युवाओं को पंजीकरण संबंधी त्रुटियों के चलते ग्राउंड टेस्ट में भाग लेने की अनुमति नहीं मिली। इन सबके बीच केवल 1,464 अभ्यर्थी ऐसे रहे जिन्होंने ग्राउंड टेस्ट के सभी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इनमें 926 पुरुष और 538 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, कुल 5,023 पुरुषों में से केवल 926 ही सफल हो सके, जबकि 2,302 महिला प्रतिभागियों में से 538 ने ही ग्राउंड टेस्ट पास किया।

# बाबा भलकू की प्रतिभा से हैरान थे अंग्रेज : शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने रेल यात्रा को दिखाई हरी झंडी, समरहिल तक स्वयं की यात्रा व 31 लेखक किए सम्मानित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमालय** साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच द्वारा भाषा और संस्कृति विभाग के सहयोग से लोकप्रिय बाबा भलकू स्मृति कालका शिमला साहित्य रेल यात्रा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रेल यात्रा के आरंभ होने से पहले बतौर मुख्यातिथि पधारे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने इस रेल यात्रा में देशभर से पधारे 31 लेखकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने इस साहित्यिक यात्रा को रेलवे द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए रेलवे के अधिकारियों को भी सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया और स्वयं भी समरहिल तक यात्रा की। उनके साथ उनकी पुत्री प्रोफेसर दीपाली और स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ गोपाल बेरी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने हिमालय मंच द्वारा बाबा भलकू और कामगारों की स्मृति में इस तरह की पहल की सराहना की और कहा कि भलकू एक निरक्षर दिव्य शक्तियों का मालिक मजदूर था, जिसने शिमला से किन्नौर तक हिंदुस्तान-तिब्बत सड़क के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सतलुज पर कई पुलों को बनाने में मदद की। बाद में जब अंग्रेज कालका-शिमला रेल के लिए पटरी के सर्वेक्षण में असफल हुए तो भलकू ने ही परवाणू से शिमला तक न केवल सर्वे किया। बल्कि बड़ोग जैसी सर्वाधिक लंबी सुरंग के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हिमालय साहित्य मंच पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

उन्होंने लेखकों से आह्वान किया कि वह नशाबंदी के लिए भी अपनी कलम चलाएं। ताकि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतरीन समाज दे सकें। यही कारण रहा कि रेलवे ने ओल्ड बस स्टैंड के साथ भलकू की स्मृति में एक म्यूजियम की स्थापना भी की। यात्रा में शामिल होने वाले लेखकों में मुंबई से प्रो.हूबनाथ सिंह, रमण मिश्र, डॉ.अर्जुन घरत, डॉ.प्रमोद यादव, डॉ. शशि श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश गुना से मधुर कुलश्रेष्ठ और नीलम कुलश्रेष्ठ, कानपुर से राजेश अरोड़ा, फिरोजपुर से हरीश मोंगा, चंडीगढ़ से सुनैनी शर्मा, कीरतपुर पंजाब से सीमा गौतम, सुंदरनगर से प्रियंवदा शर्मा, कांगड़ा से रचना पठानिया, बिलासपुर से अनिल शर्मा नील, सोलन से अंजू आनंद, कुमारसैन से जगदीश बाली और हितेंद्र शर्मा, शिमला से डॉ. विजय लक्ष्मी नेगी, सलिल शमशेरी, दक्ष शुक्ला, स्नेह नेगी, जगदीश कश्यप, लेखराज चौहान, दीप्ति सारस्वत, डॉ. देव कन्या ठाकुर, वंदना राणा, हेमलता शर्मा, शांति स्वरूप शर्मा, वीरेंद्र कुमार, जगदीश गौतम और यादव चंद शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### कंडाघाट में बाबा भलकू की याद में लगेगा विशाल गेट

**मशोबरा** के साथ जो लिंक रोड ठियोग की तरफ निकलता है, उसका नाम ही भलकू रोड है। मंत्री ने कहा कि सरकार भलकू की याद में कंडाघाट हाईवे पर एक विशाल गेट भी लगा रही है। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण चलती ट्रेन और बस में साहित्यिक गोष्ठियां हैं, जिससे साहित्य को बढ़ावा मिलता है व कालका-शिमला रेलवे का प्रचार प्रसार भी होता है।



### लेखकों ने कई साहित्यिक व संगीत गोष्ठियों की आयोजित

**हिमालय** साहित्य मंच के अध्यक्ष और प्रख्यात लेखक एसआर हरनोट ने जानकारी दी कि इस दो दिवसीय यात्रा में मुंबई, कानपुर, मध्य प्रदेश, फिरोजपुर, बिहार सहित हिमाचल के विभिन्न भागों से 31 लेखक शामिल हुए हैं। लेखकों ने शिमला से बड़ोग और बड़ोग से वापस रेल में ही कई साहित्यिक और संगीत गोष्ठियां आयोजित कीं।

### प्रख्यात लेखिका व पत्रकार के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**पहले** सत्र में पिछली यात्रा में आई प्रख्यात लेखिका और पत्रकार रोमी अरोड़ा के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें उनके पतिदेव विख्यात कवि और रंगकर्मी राजेश अरोड़ा ने उनकी स्मृति में सोने कविता संग्रह 'चिड़िया' में से बहुत सी कविताएं पढ़ीं। इसके बाद डॉ विजय लक्ष्मी, अंजू आनंद, डॉ देव कन्या ठाकुर और हितेंद्र शर्मा ने रचनाओं का पाठ किया।

### फार्मेसी कॉलेज रोहडू में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी विदाई पार्टी

# शिवानी मिस फेयरवेल, सिद्धांत चुने मिस्टर फेयरवेल

**दशमी रावत, रोहडू**



**राजकीय** फार्मेसी महाविद्यालय रोहडू में तीसरे वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा चौथे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा विभाग व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश के निदेशक अक्षय ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार शर्मा व अन्य स्टाफ ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। समारोह में कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा नाटी, गणेश वंदना, पंजाबी भांगड़ा, आदि आकर्षण का केंद्र रहे। इस उपलक्ष पर रैंप, मॉडलिंग राउंड, एवं क्वेश्चन राउंड के बाद शिवानी को मिस फेयरवेल, सिद्धांत को मिस्टर फेयरवेल, सत्यम को मिस्टर जीसीपी, अदिति को मिस जीसीपी चुना गया। जबकि तमना को मिस, और आयुष कुमार को मिस्टर पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया।

मुख्यातिथि अक्षय सूद ने अपने संबोधन में विदाई ले रहे छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि फार्मेसी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इन छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इस मुकाम को हासिल किया है। उन्होंनें छात्रों को नैतिकता और ईमानदारी के साथ अपने पेशेवर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विवेक कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अक्षय सूद का आभार व्यक्त किया । उन्होंनें विदाई ले रहे छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया । उन्होंनें कहा कि कॉलेज को अपने इन छात्रों पर गर्व है और उन्हें विश्वास है कि वे फार्मेसी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। प्रो. शर्मा ने छात्रों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय के अध्यापक वर्ग, गैर-शिक्षण वर्ग, लैब स्टाफ व अन्य सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## शिमला में होटलों की बुकिंग 70 फीसदी के पार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में होटलों की बुकिंग 70 प्रतिशत के पार पहुंच गई है। शिमला में शुक्रवार से ही पर्यटकों की आवाजाही में भारी इजाफा देखने को मिल रहा है। शिमला पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक लगभग 7,000 वाहन दाखिल हुए। इनमें से अधिकांश गाड़ियां बाहरी राज्यों की थीं जो पर्यटकों को लेकर शिमला, कुफरी और नारकंडा की ओर बढ़ रही थीं।

इस दौरान भारी वाहनों की आवाजाही के चलते कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर शिमला के प्रवेश द्वार पर लंबा जाम लगा रहा। शिमला आईएसबीटी बाइपास से लेकर ओल्ड बस स्टैंड तक का महज तीन किलोमीटर का सफर तय करने में कम से कम एक घंटे तक का समय लग रहा है।

# मिड-डे मील वर्कर्स को तीन माह बाद भी पूरा नहीं मिल रहा वेतन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीटू** से संबंधित हिमाचल प्रदेश मिड-डे मील वर्कर यूनियन कुसुम्पटी ब्लॉक सम्मेलन में प्रधान सुमन, महासचिव कविता, कैशियर रेखा व उपप्रधान जयवंती, बिंदु, देवी सिंह, सहसचिव अनिता, राधा, रीना, सदस्य सरला लीला, शानू, राधा, बबली, कमला, सुनिता, क्रिस्तान आदि वर्करों को चुना गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वर्करों को ना तो प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। यदि 2-3 माह से मिलता भी है, तो वह भी 3500, 1000, 2000 अलग-अलग मदों में मिल रहा है। जिससे वर्कर्स बहुत परेशान हैं। इसके साथ ही साथ न तो छुट्टियां वर्करों को मिलती हैं और न ही वर्दिया वर्करों को सरकार द्वारा दी जाती है।

इसके साथ ही साथ वर्करों से अतिरिक्त कार्य स्कूल में करवाए जाते हैं, जो कि उचित नहीं है। यदि समय पर सरकार द्वारा प्रतिमाह वेतन भुगतान, छुट्टियों की सुविधा, वर्कर्स को प्रताड़ित करने पर प्रतिबंध न लगाया व 12 माह का वेतन लागू नहीं किया। मिड-डे मील वर्करों द्वारा 20 मई को हिमाचल प्रदेश में मिड-डे मील वर्करों द्वारा पूर्ण रूप से हड़ताल की जाएगी।

# कलियुगी बाप अपनी नाबालिग बेटी से ही करता रहा दुराचार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला के तहत आने वाले एक गांव में एक ऐसा मामले सामने आया है, जिसमें बाप-बेटी का रिश्ता तार-तार हुआ है। हैरानी वाली बात यह है कि घर के अन्य सदस्यों को यह सब पता होने के बाद भी यह सब होता रहा, लेकिन उन्होंने पीड़ित को यह कहकर चुप करवा दिया कि ऐसा करने से समाज में बेइज्जती होगी। इसका फायदा उठाते हुए कलियुगी बाप अपनी नाबालिग बेटी के साथ वर्षों तक दुराचार करता रहा। जब पीड़िता ने चाइल्ड हेल्पलाइन के सामने सच्चाई बताई तो उसके बाद महिला पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने इस बारे में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर गत 8 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिस पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने पीड़िता की उसके घर जाकर काऊंसलिंग की। काउंसिलिंग के दौरान पीड़िता ने बताया कि जब दूसरी कक्षा में पढ़ती थी, तब से ही आरोपी ने छेड़छाड़ करना शुरू कर दी थी और जब वह छठी कक्षा में पढ़ती थी, तब उसके साथ दुराचार किया था। इतना ही नहीं, पीड़िता जब विरोध करती थी तो आरोपी उसे ब्लैकमेल करने की नीयत से सुविधाएं उपलब्ध करवाना बंद कर देता था और डील करने की कोशिश करता था, इससे उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हुई। पीड़िता के मुताबिक जब उसने यह बात परिजनों को बताई तो उन्होंने भी यह कहकर चुप करवा दिया कि किसी को भी इस बारे में नहीं बताना। ऐसा करने से समाज में बेइज्जती होगी। उधर, पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### हस्तबली सिद्ध चानों मंदिर में भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विकास खंड घुमारवीं की कसारू पंचायत के गांव बद्धाघाट स्थित हस्तबली सिद्ध चानों मंदिर में 13 अप्रैल को अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन लोगों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### कला और शिल्प गतिविधियां बच्चों के मानसिक, शैक्षणिक और भावनात्मक विकास में सहायक : धर्माणी

# मंत्री ने हटवाड़ में चार भवनों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की हटवाड़ पंचायत में चार प्रमुख भवनों का लोकार्पण किया। इन भवनों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटवाड़ का आर्ट एंड क्राफ्ट भवन, कनिष्ठ अभियंता कार्यालय एवं आवास अनुभाग भवन, तथा युवक मंडल एवं महिला मंडल हटवाड़ भवन शामिल हैं। मंत्री राजेश धर्माणी ने 17.13 रुपए लाख की लागत से निर्मित आर्ट एंड क्राफ्ट भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कला और शिल्प गतिविधियां बच्चों के मानसिक, शैक्षणिक और भावनात्मक विकास में सहायक होती हैं। ये गतिविधियां एकाग्रता, समस्या-समाधान और योजना निर्माण जैसे गुणों को निखारने के साथ-साथ तनाव और चिंता को कम करने में भी कारगर हैं।

**17.13 लाख से निर्मित आर्ट एंड क्राफ्ट भवन का किया उद्घाटन**

उन्होंने कहा कि यह भवन विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय के लिए रचनात्मक अभिव्यक्ति और मानसिक स्वास्थ्य के संवर्धन का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही मंत्री ने 16.33 लाख रुपय की लागत से बने कनिष्ठ अभियंता कार्यालय एवं आवास अनुभाग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह भवन प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित युवक मंडल एवं महिला मंडल भवन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का दैनिक जीवन अत्यंत व्यस्त होता है, ऐसे में उन्हें महीने में एक-दो दिन अपने लिए अवश्य निकालना चाहिए। इस भवन के माध्यम से वे योग, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य, मनोरंजन और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर खुद को न केवल स्वस्थ और ऊर्जावान रख सकती हैं, बल्कि तनावमुक्त जीवन भी जी सकती हैं। उन्होंने युवाओं से भी अपील कि वे इस भवन का रचनात्मक कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में भरपूर उपयोग करें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हुए समाज के लिए एक प्रेरणा बनें।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह भवन युवाओं के लिए सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। मंत्री धर्माणी ने कहा कि इन चार भवनों के निर्माण से हटवाड़ क्षेत्र में शैक्षणिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में नई ऊर्जा और गति आएगी, जिससे स्थानीय विकास को मजबूती मिलेगी।

### बाढ़ सुरक्षा दीवार एवं सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने हटवाड़ पंचायत के गलाही नाला और बम पंचायत के गलाह नाला में 5 करोड़ 45 लाख की लागत से बनने वाली बाढ़ सुरक्षा दीवार एवं सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह परियोजना स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग रही है,जिससे अब स्थायी समाधान मिलने जा रहा है। हर वर्ष बरसात के मौसम में इन दोनों नालों का पानी आसपास कघरों और खेतों में घुस जाता था, जिससे न केवल ग्रामीणों के मकानों को क्षति होती थी बल्कि कृषि योग्य भूमि और फसलें भी भारी नुकसान झेलती थीं। इसके अतिरिक्त, बरसात के बाद यहां की संपर्क सड़क बार-बार टूट जाती थी, जिससे क्षेत्र की कनैक्टिविटी प्रभावित होती थी। अब इस परियोजना से हटवाड़ और बम पंचायतों के लगभग 5 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### लड़की की शादी के लिए दिए 5100 रुपए

**अनंत ज्ञान, दधोल।** दि भराड़ी एक्स स्टूडेंट्स सोशल वेलफेयर समिति भराड़ी की मासिक बैठक समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति का वार्षिक अधिवेशन 10 मई को मनाया जा रहा है। इसकी अंतिम रूपरेखा तैयार की गई और निश्चित किया गया कि कार्यक्रम में किन-किन लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ समिति के महासचिव जेके शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा हर वर्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराड़ी के मेधावी व उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया जाता है तथा साथ में समिति के वरिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया जाता है । इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। समिति द्वारा ललिता देवी गांव मलोट की लड़की की शादी के लिए 5100 रुपए की आर्थिक सहायता कन्यादान स्वरूप दी गई। समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा ने समिति के समस्त सदस्यों से आग्रह किया कि आने वाली 10 मई को समिति का वार्षिक अधिवेशन मनाया जा रहा है, जिसमें सभी बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने विचार रखें। इस मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें।

### अग्निशमन कर्मचारियों ने की बावड़ी की सफाई

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपअग्निशमन केंद्र झंडूता के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आज गांव रोपड़ी तहसील झंडूता में एक स्वच्छता अभियान चलाते हुए श्रमदान किया। इस अभियान के तहत गांव की पीने की बावड़ी की सफाई की गई।इस सराहनीय पहल में केंद्र प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रशामक श्यामलाल, सुखविंदर सिंह,जगदीश चंद, प्रशाजिया लाल, रतन सिंह, राकेश कुमार, राजेश कुमार, गृह रक्षक रोहित शर्मा, गृह रक्षक चालक रितेश कुमार, पवन कुमार और हंसराज ने भाग लिया। इस अभियान में स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संतोखा, दिनेश कटवाल, रोहित कटवाल, अजय कटवाल, राकेश कुमार और प्रिंस कुमार ने अपनी सहभागिता से अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने मिलकर न केवल बावड़ी की सफाई की, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। इस प्रकार का समर्पण और सामूहिक प्रयास समाज में स्वच्छता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है।

### हटवाड़ में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत हटवाड़ कस्बे में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला है। युवक ने आत्महत्या की या मौत की कोई अन्य वजह रही है पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटना शुक्रवार रात की है। जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के केंथा गांव का युवक विशाल कुमार हटवाड़ कस्बे में एक दुकान पर पल्लेदारी का काम करता था। अभी करीब तीन दिन पहले ही युवक यहां काम करने के लिए आया हुआ था। शुक्रवार रात को उसका शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला है। मृतक युवक विशाल के साथ कमरे में रहने वाले संजीवन ने बताया कि वह दोनों एक ही गांव के हैं। संजीवन के मुताबिक वह काफी वर्षों से यहां काम करता है, जबकि विशाल अभी तीन दिन पहले ही यहां आया था। संजीवन ने बताया कि शुक्रवार शाम के समय दोनों कमरे में मौजूद थे। इस दौरान संजीवन खाना बना रहा था। उसी दौरान विशाल फोन पर बात करता करता कमरे से बाहर निकल गया। संजीवन ने बताया कि काफी देर तक जब विशाल कमरे में नही लौटा तो उसे ढूंढने के लिए बाहर निकला। इस दौरान कमरे से महज कुछ दूरी पर विशाल को आम के पेड़ से लटका हुआ देखा। शोर मचाने पर अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों में देखा कि विशाल का शव शाल के सहारे आम के पेड़ से लटका हुआ है। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विशाल का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ग्रेपलिंग आत्मरक्षा व अनुशासन का खेल

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** जिला बिलासपुर एमेच्योर ग्रेपलिंग एसोसिएशन द्वारा शनिवार को स्टेट ग्रेपलिंग चैंपियनशिप-2025 का आयोजन सुन्हाणी में किया गया। इस चैंपियनशिप में झंडूता विधानसभा के विधायक जीत राम कटवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्टेट ग्रेपलिंग चैंपियनशिप प्रदेश से लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक जीत राम कटवाल ने कहा कि ग्रेपलिंग केवल एक लड़ाई की कला नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, अनुशासन और मानसिक संतुलन का भी माध्यम है। इस तरह के खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं बल्कि आत्म-विश्वास और आत्म-नियंत्रण की भावना भी जगाते हैं। वर्तमान समय में, जब आत्मरक्षा की आवश्यकता हर किसी के लिए अनिवार्य हो गई है, ग्रेपलिंग एक अत्यंत उपयोगी और प्रभावी विकल्प है, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए। मौजूदा परिवेश में जहां नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है युवाओं को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**मेले-त्योहार**

### पूर्व प्रधान किशोरी लाल ने पूजा-अर्चना व झंडा रस्म के साथ किया मेले का आगाज

# जांगला के रुक्मिणी कुंड में बैसाखी मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के ग्राम पंचायत जांगला के अंतर्गत आस्था के प्रतीक रुक्मिणी कुंड में तीन दिवसीय बैसाखी मेले का शुभारंभ पूर्व प्रधान जांगला किशोरी लाल द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना व झंडा रस्म के साथ किया गया। उन्होंने रुक्मिणी कुंड का एतिहास बताते हुए कहा कि रुक्मिणी कुंड को रुक्मिणी के बलिदान का स्थान माना जाता है। यहां कुआं खोदने के उनके बार-बार प्रयासों के बावजूद पानी की कमी के कारण पूरा औहर क्षेत्र संकट में था।

एक बार बरसंध के शासक को स्वप्न आया कि यदि उसके पुत्र या पुत्रवधू की बलि दी जाए, तो जल निकल सकता है। किंवदंती है कि तरेढ़ गांव की रुक्मिणी नाम की एक नवविवाहित युवती, जिसकी शादी बरसंध गांव के राजपूत शासक रुंध परिवार से हुई थी, को उस स्थान के किनारे जिंदा दफना दिया गया था, जिसे बावड़ी खोदने के लिए चुना गया था। वर्तमान रुक्मिणी कुंड उनके साहसी कार्य का परिणाम है। ऐसा कहा जाता है कि उन्हें उस स्थान पर जिंदा दफनाया गया था जहां आज यह कुंड है। रुक्मिणी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लोग घास पर रिबन, चूड़ियां बांधते हैं। यह भी माना जाता है कि इस जलाशय का पानी त्वचा रोगों को ठीक कर सकता है। रुक्मिणी तरेड गांव की रहने वाली थीं और आज भी रुक्मिणी के गांव के लोग न तो इस कुंड का पानी पीते हैं और न ही उसमें स्नान करते हैं। बैसाखी पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर स्नान किया व मां रुक्मिणी की आराधना की। बैसाखी पर तीर्थ स्थल पर स्नान का विशेष महत्व होता है। स्थानीय ग्राम पंचायत व जल शक्ति विभाग द्वारा कुंड में स्नान करने पर पाबन्दी लगाई गई है क्योंकि रुक्मिणी कुंड क्षेत्र के कई गांवों के लिए जल आपूर्ति का स्रोत है।

प्रधान सरला चंदेल ने बताया कि पूर्व प्रधान किशोरी लाल ने ही वर्ष 2002 में पंचायत भवन के लिए 5 विस्वा जमीन विभाग के नाम की थी, जिससे पंचायत का अपना भवन अस्तित्व में आया। इस मौके पर प्रधान सरला चंदेल, उप प्रधान अमर नाथ कौंडल, पंचायत सचिव कर्म दयाल शर्मा, ग्राम सेवक निक्कू राम, प्रताप सिंह चंदेल, विजय चंदेल,सदस्य चंद्र किरण, पूनम कुमारी, नीलम कुमारी, दिलबर चंदेल, गौरव शर्मा, शशि कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नंद नगराओं पुल बनने से तीन जिलों के लोग होंगे लाभान्वित



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के तहत बन रहा नंद नगराओं पुल क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं में से एक है, जो झंडूता क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। इस पुल के निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि आसपास के तीन जिलों कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह पुल पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र को नई पहचान दिलाएगा। पुल के माध्यम से चंडीगढ़ और अन्य राज्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को अब लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा, जिससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि यात्रा में खर्च होने वाले पैसों की भी बचत होगी। बता दें कि झंडूता उपमंडल के तहत आने वाले क्षेत्र में 56 करोड़ रुपये की लागत से 387 मीटर लंबे नंद नगराओं पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अब तक पुल का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। पुल के पूरा होते ही यह तीन जिलों को जोड़ने वाला एक अहम मार्ग बन जाएगा, जो क्षेत्रीय संपर्क को सशक्त बनाएगा।

### नेता प्रतिपक्ष ने चंबा जिला में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए कई स्थानों पर विशाल जनसभाओं को किया संबोधित

# घोषणाओं की सरकार, जमीनी काम शून्य : जयराम

**आरके सहगल, चंबा**

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को चंबा जिले में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए कई स्थानों पर विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया और सरकार की वादाखिलाफी तथा जनविरोधी नीतियों को जमकर उजागर किया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार विकास के नाम पर केवल लुभावनी घोषणाओं तक सीमित है। हिमाचल की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और विकास के ठहराव से जूझ रही है। कांग्रेस ने जो चुनावी वादे किए थे, वे आज तक केवल कागजों में सिमटे हैं। उन्होंने कहा कि ना युवाओं को रोजगार मिला, ना महिलाओं को सुरक्षा और ना ही किसानों को राहत मिली है। (अनंत ज्ञान)



## 2027 के चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाना ही हमारा लक्ष्य

**जयराम** ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जन-जन तक पार्टी की नीति, नीयत और कार्यों को पहुंचाएं। जयराम ठाकुर ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाना ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को घर-घर जाकर जनता से जुड़ना होगा।

## भाजपा के कार्यकाल को किया याद

**जयराम** ठाकुर ने याद दिलाया कि भाजपा सरकार के दौरान चंबा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर अभूतपूर्व कार्य हुआ था। लेकिन मौजूदा सरकार ने इन विकास कार्यों पर विराम लगा दिया है।

## अस्पताल का दौरा कर सुनीं समस्याएं

**जयराम** ठाकुर शुक्रवार शाम को मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचे। वहां उन्होंने तीसरी मंजिल पर मरीजों से भेंट की, हिमकेयर कार्ड से जुड़ी समस्याएं सुनीं और गरीब परिवारों से आत्मीय संवाद किया। इसके उपरांत उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के संबधित समस्याओं को सुना और व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## जनसंपर्क अभियान में दिखा उत्साह

**इस** दौरे के दौरान जयराम ठाकुर के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायकगण, ज़िला पदाधिकारी, भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता तथा स्थानीय जनता मौजूद रही। पूरे चंबा में इस जनसंपर्क अभियान से नया उत्साह और ऊर्जा दिखाई दी।

# सेरी नाला का 'चमत्कारी पुल' 5 साल से अधूरा, जनता में रोष



**अनंत ज्ञान, चुराह**

**ग्राम** पंचायत शलेला बाड़ी के सेरी नाला में पिछले 4 से 5 वर्षों से अधूरे पड़े 'चमत्कारी पुल' के कारण जनता में भारी रोष है। इस पुल का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के तहत शुरू किया गया था, लेकिन आज भी यह पुल पत्थरों के पिलरों पर खड़ा अधूरा सपना बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल तीन पंचायतों की आवाजाही का मुख्य मार्ग है और इसकी अधूरी स्थिति ने दैनिक आवागमन को जोखिम भरा बना दिया है। हालात यह हैं कि हर महीने या दो महीने में एक बार इस पर अस्थायी मरम्मत करवा दी जाती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि मामला अब मेरे संज्ञान में आया है। मैंने इस पर जांच के आदेश दे दिए हैं। विभागीय बैठक के बाद समाधान निकाला जाएगा।

# पति को शराब पिलाने से खफा पत्नी ने व्यक्ति पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

- घायल अस्पताल में भर्ती
- पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरु की छानबीन

**तहसील** की धलारा पंचायत के अपर बल्ह गांव में विवाद के बाद झगड़े में एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि टेकचंद पुत्र कातकू राम उम्र करीब 50 साल पर उसी के गांव की संतोषी देवी पत्नी संजय कुमार ने बीती शाम बोतल से हमला कर घायल कर दिया, जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल संधोल लाया गया। सिर पर चोट लगने के कारण उसे पुलिस द्वारा सीटी स्कैन के लिए मंडी भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि टेक चंद और संजय कुमार ने पहले साथ में शराब पी उसके बाद उक्त दोनों व्यक्तियों की पत्नियां अपने अपने पति को ढूंढती हुई मौके पर पहुंची, जहां संतोषी देवी और टेक चंद में आपसी बहस हुई, जिसमें बताया जा रहा है कि संतोषी ने टेक चंद को उसके पति को जबरन शराब पिलाने का आरोप लगाया। इसी बहस के दौरान संतोषी ने आप खोते हुए टेक चंद पर वहीं पड़ी बोतल से हमला कर दिया, जिसमें टेक चंद घायल हो गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की छानबीन की जा रही है। वहीं एक अन्य मामले में कून पंचायत के रसाडी गांव के अनूप कुमार पुत्र शंभू राम ने आज सुबह नशे की हालत में अपने ही घर में पत्नी के साथ गाली गलौज कर उसे मारपीट की कोशिश की, जिसमें उसकी मां ने पुलिस को सूचित कर मदद मांगी। पुलिस ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। दोनों मामलों की पुष्टि डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने की।

### राणा सांगा पर दिए बयान ने राजपूत समाज की भावनाओं को किया आहत

# राजपूत समाज ने जताया विरोध, निकाली सम्मान रैली

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारतीय** इतिहास के वीरतम योद्धाओं में शुमार राणा सांगा पर दिए गए एक राजनीतिक बयान ने राजपूत समाज की भावनाओं को गहराई से आहत किया है। इसी संदर्भ में राजपूत कल्याण सभा चंबा ने कुछ दिन पहले एक आपातकालीन बैठक बुलाई थी। जिसकी अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह संब्याल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से इस बयान की निंदा करते हुए 12 अप्रैल को एक भव्य सम्मान रैली निकालने का निर्णय लिया गया, जो कि शांतिपूर्ण तरीके से समाज की एकता और वीरों के सम्मान का प्रतीक बनी।

सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह संब्याल और महासचिव कुलदीप सिंह कुड़ियाल ने विशेष बातचीत में कहा कि राणा सांगा न केवल राजपूत समाज बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए सम्मान और बलिदान का प्रतीक हैं। इतिहास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे महापुरुष के बारे में असम्मानजनक टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारा उद्देश्य किसी दल विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि वीरों के गौरव की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि यह समय है जब समाज में प्रेम, एकता और ऐतिहासिक विरासत के प्रति सम्मान को और सुदृढ़ किया जाए। सभा ने स्पष्ट किया कि किसी भी राष्ट्रनायक का अपमान समाज को स्वीकार्य नहीं है, और ऐसे विषयों पर बयान देते समय संवेदनशीलता आवश्यक है।

इस रैली में शामिल प्रमुख व्यक्तित्वों में नरेंद्र सिंह सम्ब्याल, ठाकुर दीवान चंद, पारुल जसरोटिया, भूपेंद्र जसरोटिया, मनजीत जसरोटिया, भुवनेश्वर कटोच तथा कुलदीप कुड़ियाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## हनुमान व राणा सांगा जयंती की दी शुभकामनाएं

**सभा** ने हनुमान जयंती और राणा सांगा जयंती की शुभकामनाएं भी दीं और इस अवसर को समर्पित किया उन समस्त वीरों को, जिन्होंने राष्ट्र और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

# राष्ट्रपति बहादुरी पुरस्कार विजेता नवनीत ने उठाई दुरकुंड-करेरी सुरंग की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जैसे सीमांत और भू-आवृत्त क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर प्रबल स्वर में सामने आई है। राष्ट्रपति बहादुरी पुरस्कार (गैलेंट्री अवार्ड) से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत चौफला ने दुरकुंड-करेरी सुरंग की आवश्यकता को लेकर एक बार फिर राज्य और केंद्र सरकार के दरवाजे खटखटाए हैं।

नवनीत चौफला ने कुछ दिन पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक पत्र लिखकर सुरंग के निर्माण की आवश्यकता, संभाव्यता और इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भी इस संबंध में शनिवार को एक ज्ञापन सौंपा।

नवनीत चौफला ने कहा कि दुरकुंड से करैरी तक सुरंग मात्र 3 किलोमीटर लंबी है, लेकिन इसका महत्व पूरे चंबा जिले के लिए अत्यधिक है। दुरकुंड-करेरी सुरंग का निर्माण होने पर चंबा से शिमला की दूरी 200 किलोमीटर तक कम हो जाएगी और कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने में मात्र डेढ़ घंटे का समय चंबा के सर्किट हाउस से लगेगा। यह न केवल आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि चंबा को उस मुख्यधारा से जोड़ने में मदद करेगी, जिससे वह दशकों से वंचित रहा है। उन्होंने बताया कि यह सुरंग क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। आज की तारीख में चंबा 'लैंड लॉक्ड' है, लेकिन यह टनल उसका भविष्य का दरवाजा बन सकती है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस प्रस्ताव को सकारात्मक दृष्टिकोण से लेते हुए भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उचित मंच पर प्रस्तुत करेंगे।



# पुखरी में हनुमान जयंती पर गूंजा जय बजरंग बली का जयघोष

**अनंत ज्ञान, पुखरी**

**हनुमान** जयंती के पावन अवसर पर पुखरी मंदिर कमेटी द्वारा गाँव गाती स्थित हनुमान मंदिर में एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा और जय श्रीराम व बजरंग बली की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ के साथ हुई, जिसमें क्षेत्र के कई विद्वान पंडितों ने भाग लिया। भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से हनुमान जी की आराधना की और प्रसाद ग्रहण किया।

पुखरी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने आयोजन की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से संभाली। भोजन व्यवस्था, बैठने के स्थान, जल सेवा और प्रसाद वितरण—हर पहलू में सेवा भाव झलकता रहा। समिति के सदस्य सुबह से ही आयोजन स्थल पर सक्रिय दिखे।



ग्राम गाती ही नहीं, आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में शामिल हुए। भक्तों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता और सेवा का प्रतीक बन गया है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी नियमित रूप से किए जाएंगे और मंदिर परिसर में विकास कार्यों के लिए भी योजनाएं बनाई जा रही हैं।

# अंबेडकर के आदर्श और सिद्धांत युवाओं के लिए प्रेरणादायक

## चंबा कॉलेज में धूमधाम से मनाई भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** महाविद्यालय चंबा में भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान (लेक्चर) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय अंबेडकर के सामाजिक न्याय संबंधी विचार और उनकी वर्तमान में प्रासंगिकता, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्वानों ने अपने-अपने विचार साझा किए।

लेक्चर के मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. परविंदर कुमार, अंग्रेजी विभाग से डॉ. कुलदीप राज और कॉमर्स विभाग से डॉ. वीरेंद्र ने आंबेडकर के विचारों की गहराई से व्याख्या की। उन्होंने डॉ. आंबेडकर के संघर्षों, संविधान निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका और आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की ज्वलंत प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया रहे, जिन्होंने राजनीति विभाग द्वारा सामाजिक विषयों पर इस तरह के गंभीर विमर्श आयोजित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्श और उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांत आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. केवल कृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के हाशिये पर खड़े वर्गो— दलितों, श्रमिकों और महिलाओं — के अधिकारों और सम्मान के लिए जो योगदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्राध्यापक — हिंदी विभाग से प्रो. संतोष कुमार, जर्नलिज्म विभाग से प्रो. संजीव कुमार, इतिहास विभाग से प्रो. मणिराज सिंह, अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. संतोष कुमारी, राजनीति विभाग से प्रो. अंकिता और प्रो. आशा भी मंच की गरिमा में शामिल रहे। इस व्याख्यान में स्नातकोत्तर स्तर के छात्र — राजनीति शास्त्र, अंग्रेज़ी, हिंदी, अर्थशास्त्र और इतिहास विभागों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने विषय से जुड़ी जिज्ञासाओं को साझा कर इसे और भी जीवंत बना दिया।



## युवक से 166 ग्राम चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस ने एक युवक से 166 ग्राम चरस बरामद कर छानबीन शुरू की दी है। जानकारी के अनुसार जिला मंडी के भुराह मोड़ में कुल्लू जिला के बंजार क्षेत्र के रहने वाले 21 वर्षीय आरोपी के कब्जे से पुलिस टीम ने 166 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस थाना औट ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान सन्नी दयोल (21) पुत्र बेली राम गांव परवाडी डाकघर तुंग तहसील बंजार जिला कुल्लू के तौर पर हुई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना औट ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

### सूडोकु नवताल- 7399 (***** मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |




मंडी। पूर्णिमा के अवसर पर एकादश रुद्र घाट पर ब्यास आरती करते हुए स्वामी सत सुंदरम व श्रद्धालु। बता दें कि हर माह पूर्णिमा को ब्यास आरती का आयोजन किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

## घटासनी में लगाया हलवा चने का भंडारा

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह उपमंडल के सेहल, बेहल, पैड़ी गांव के ग्रामीणों ने हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर घटासनी में हलवा चने का भंडारे का आयोजन किया। ग्रामीण आत्म राम, काकू, कमल शर्मा, रमेश कुमार ने कहा कि हनुमान जयंती के दिन हर वर्ष यहां पर भंडारे का आयोजन किया जाता है व इस स्थान पर हनुमान की मूर्ति की स्थापना भी ग्रामीणों द्वारा की गई है।

# सड़कों पर पड़े गड्ढों से वाहन चालक परेशान

**अनत ज्ञान, महादेव**

**क्षेत्रभर** में बारिश से सड़कों में पड़े गड्ढों से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। उपमंडल सुंदरनगर के लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती सड़कों पर पड़े गड्ढे हादसो को न्यौता दे रही हैं। वहीं नालियों भी कीचड़ से भर गई हैं इस कारण बारिश होने पर नालियों का पानी भी सड़कों पर आ जाता है जिससे भी वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो सड़कों पर चलती गाड़ियों से गंदा पानी आदि उछलकर राहगीरों के कपड़े खराब कर रहा है और इन दिक्कतों का सामना करने का सिलसिला लंबा हो चला है।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार सड़कों एवं पुल सुविधा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते नहीं थकती और सरकार का यह भी कहना रहा है कि सुरक्षित यातायात के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे वहीं सड़कों पर चमकदार पेंट भी जगह -जगह लगाया जाएगा । लोगों ने संबंधित विभाग तथा प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बदहाली का शिकार हुई सड़कों को बड़े पैमाने पर सुधारने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जाएं।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष** दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृषभः** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मिथुनः** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क**: स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**सिंहः** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**कन्याः** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**तुलाः** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिकः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनुः** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने काम सुबह ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनेगा।

**मकरः** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कुंभः** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**मीनः** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

## आज का पंचांग

13 अप्रैल, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** प्रतिपदा पूर्ण रात्रि : **नक्षत्र** चित्रा, **पक्षः** कृष्ण, **योग** : हर्षण (09:37) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित, **राहुकाल** (05:09-06:45)।

**विशेष दिन**

- 13 अप्रैल 2025: बैसाखी पर्व आज।
- 13 अप्रैल 2025: मीन मलमास आज होगा पूर्ण।

# कलाकारों व साहित्यकारों के प्रोत्साहन के लिए सरकार से करेंगे बात: पंकज ललित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- हिमाचल कला संस्कृति अकादमी ने मंडी मनोहर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**हिमाचल** कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी द्वारा मनोहर सिंह जयंती का आयोजन संस्कृत सदन कंगनी धार मंडी के सम्मेलन कक्ष में किया गया। सचिव हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी एवं निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल डॉ पंकज ललित ने इस अवसर पर कहा कि मनोहर सिंह हिमाचल ही नहीं बल्कि भारतीय रंगमंच और रंगकर्मियों के प्रेरणा स्रोत रहीं है। उन्होंने कहा कि कलाकारों और साहित्यकारों के प्रोत्साहन और विस्तार के लिए जल्दी सरकार के साथ बात कर कई कार्यक्रमों को आरंभ करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रमों में दर्शकों के रुझान को बढ़ाने के लिए उन्होंने कलाकारों एवं अन्य विधा से जुड़े लोगों से इस संदर्भ में गंभीर प्रयास करने का भी आग्रह किया ताकि कार्यक्रमों दर्शकों की उपस्थिति को बढ़ाया जा सके। अकादमी की सहायक सचिव डॉक्टर श्याम वर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के मंतव्य पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय नाटक विद्यालय नई दिल्ली के पूर्व निदेशक एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने मनोहर सिंह व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत पत्र प्रस्तुत किया जिसमें मनोहर सिंह के कार्यों तथा उनके द्वारा रंगमंच और रंग कर्म के परिपक्वता के संदर्भ में किए गए कार्यों का पता लगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित वरिष्ठ साहित्यकार, कलाकार स्तंभकार पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्ति श्रीयुत श्रीकांत श्रीनिवास जोशी ने मनोहर सिंह के साथ बिताए अपने उन पलों और संस्मरणों का अपने संबोधन में उल्लेख किया उन्होंने मनोहर सिंह को यथा नाम तथा कार्य क्षमता से से रंगमंच को समर्पित व्यक्ति बताया। प्रदेश में उनके द्वारा किए गए कार्यों का भी उन्होंने उल्लेख किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रेखा वशिष्ठ ने कहा कि रंगमंच से जुड़े लोग या किसी भी विद्या से सम्बद्ध व्यक्ति संघर्षील होता है उन्होंने कहा कि रंगमंच के विस्तार के लिए सभी कलाकारों रंग कर्मियों को समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना होगा।

## सार्वजनिक सूचना

श्री रघुबीर पठानिया, मैसर्ज काजल स्टोन क्रशर पर्यावरण के संदर्भ में वन पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग पर्यावरण भवन शिमला गत दिनांक 06.03.2025 को काजल स्टोन क्रशर को पर्यावरणीय अनुमति प्रदान की गई है। परियोजना खसरा नंः 582/1, 585/1 और 725/1 जिसका रकबा 04-87-36 हेक्टेयर है तथा (सरकारी भूमि) उत्पादन 31,500 M.T./Y है। अनुमति की प्रति परिवर्तन, वन, जलवायु, परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की वैबसाइट www.moef.gov. in पर देखी जा सकती है।

**रघुबीर सिंह पठानिया मैसर्ज काजल स्टोन करार गाँव मोच, पी. ओ. सुनेत, तहसील फतेहपुर, जिला कांगडा, हिमाचल प्रदेश फोन न. 8894387663**

बुराई को खत्म करने के लिए प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। -महात्मा बुद्ध

## संपादकीय

## नासूर बना आतंक

पाकिस्तान वर्षों से भारत के साथ छद्म युद्ध छेड़े हुए है। जम्मू-कश्मीर में अखनूर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के दौरान हमीरपुर जिले की गाहलियां पंचायत के सूबेदार कुलदीप चंद ने शहादत देकर मातृभूमि की रक्षा की। सवाल यह उठता है कि आखिर पाकिस्तान भारत को इतना परेशान करने पर क्यों तुला हुआ है? भारत को सीमा के मोर्चे पर पाकिस्तान ने उलझाकर रखा है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से भारत की शक्ति आतंकियों से निपटने में लगी है, जिससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध आजादी के समय से ही तनावपूर्ण रहे हैं। 1947 के बंटवारे के बाद से अब तक दोनों देशों के बीच तीन युद्ध हो चुके हैं, जिनमें से 1965, 1971 और 1999 (कारगिल युद्ध) प्रमुख हैं। इन युद्धों के अलावा एक छद्म युद्ध भी जारी रहता है। भारत के मुकाबले पाकिस्तान हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है-चाहे वह आर्थिक विकास हो, लोकतंत्र हो या वैश्विक प्रभाव। पाकिस्तान की सेना ने अपने अस्तित्व और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए भारत विरोध को एक रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया है।

पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर मुद्दे को हथियार बनाकर भारत को अस्थिर करने की लगातार कोशिश की है। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता फैलाकर पाकिस्तान भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव में लाना चाहता है। ऐसा आभास होता है कि आतंकवाद पाकिस्तान की विदेश नीति का एक हिस्सा बन चुका है। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैसे लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन आदि का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करना और भारत में अस्थिरता पैदा करना है। इन संगठनों को पाकिस्तान में न सिर्फ शरण मिलती है, बल्कि वित्तीय और सामरिक समर्थन भी मिलता है। आतंकी गतिविधियों का उद्देश्य भारतीय सुरक्षाबलों का ध्यान सीमाओं पर केंद्रित कर देना होता है, जिससे भारत अपने आंतरिक विकास और वैश्विक भूमिका को मजबूती से नहीं निभा सके। ये आतंकी घटनाएं भारत की आर्थिक स्थिति पर भी असर डाल रही हैं। जम्मू-कश्मीर में आए दिन हो रही आतंकी वारदातों से जहां निवेशकों का विश्वास कम हो रहा है तो वहीं, पर्यटन उद्योग को भी नुकसान पहुंच रहा है।

दूसरी ओर 26/11 मुंबई आतंकी हमला भारत के इतिहास का एक काला दिन था। इस हमले में पाकिस्तानी आतंकियों ने भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई को हिलाकर रख दिया था। तहव्वुर हुसैन राणा, जो इस साजिश का एक हिस्सा था, ने पाकिस्तान के इशारे पर दाऊद इब्राहिम और हाफिज सईद जैसे लोगों के साथ मिलकर इस हमले की योजना बनाई थी। हाल ही में अमेरिका ने तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने की अनुमति दी, लेकिन पाकिस्तान ने हमेशा की तरह अपने नागरिक को पहचानने से इनकार कर दिया-जैसे उसने कारगिल युद्ध के दौरान अपने मारे गए सैनिकों को स्वीकार नहीं किया था। इससे पाकिस्तान का दोहरा चरित्र और आतंकवाद के प्रति उसकी नीतियों की पोल खुलती है।

पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय में ठोस रणनीति अपनानी चाहिए। साक्ष्य आधारित कूटनीति पर ज्यादा तवज्जो देनी होगी। पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता के प्रमाणों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना होगा। जैसे कि पुलवामा, उड़ी और पठानकोट हमले के पीछे पाकिस्तानी लिंक को अंतरराष्ट्रीय न्यायालयों और संयुक्त राष्ट्र में पेश किया। भारत को अमेरिका, यूरोपीय संघ, रूस और अन्य शक्तिशाली देशों के साथ मिलकर पाकिस्तान पर दबाव बनाना चाहिए कि वह आतंकियों को पनाह देना बंद करे। वित्तीय कार्यदल यानी एफएटीएफ में सक्रिय भूमिका बनाए रखनी होगी। भारत ने पाकिस्तान को एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डलवाने में भूमिका निभाई थी। यदि पाकिस्तान आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाता, तो भारत को यह प्रयास जारी रखने चाहिए कि उसे 'ब्लैक लिस्ट' में डलवाया जाए। आज का युग केवल सैनिक ताकत का नहीं है। भारत को सोशल मीडिया और वैश्विक मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी पाकिस्तान के झूठ और पाखंड को बेनकाब करना चाहिए। पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार का द्विपक्षीय व्यापार सीमित करना या पूरी तरह से रोक देना चाहिए, ताकि उसे आर्थिक रूप से भी चोट पहुंचे। सीमा पर कड़ी चौकसी और हाई-टेक निगरानी करते हुए भारत को सतर्क रहना होगा। जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील इलाकों में स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को और ज्यादा सक्षम बनाना होगा।

आतंकियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों से यह स्पष्ट संकेत देना होगा कि भारत किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। पाकिस्तान से बातचीत की संभावनाएं तब तक व्यर्थ हैं, जब तक वह अपनी जमीन से आतंकवाद को खत्म करने के लिए ईमानदारी से काम नहीं करता। भारत को पाकिस्तान के साथ रिश्तों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले वक्त में भारत और पाकिस्तान के दरमियान रिश्ते मधुर होंगे और पाकिस्तान आतंकी राह से अपने पैर पीछे खींच लेगा। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## बॉलीवुड के कभी न भूलने वाले कलाकार


सतीश कौशिक
जन्म : 13 अप्रैल, 1956
मृत्यु : 9 मार्च, 2023

सतीश कौशिक हिंदी फिल्म जगत में 'कैलेंडर' के नाम से मशहूर अभिनेता, निर्माता, निर्देशक, कॉमेडियन और पटकथा लेखक थे। उनका नाम बॉलीवुड सिनेमा का एक ऐसा नाम है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। अभिनय से लेकर निर्माता-निर्देशक तक उन्होंने अपने काम से खूब वाहवाही लूटी। उस दौर में हरियाणा में हिंदी फिल्मों को इतना क्रेज भी नहीं था। बॉलीवुड में अपना करियर चुनना बहुत बड़ी चुनौती थी, लेकिन फिर भी इस चुनौती को स्वीकार करते हुए सतीश कौशिक ने बॉलीवुड में अपना लोहा मनवाया। महेंद्रगढ़ जिले के गांव धनौंदा में जन्मे सतीश कौशिक अपनी सफलता की वजह से हमेशा सुर्खियों में बने रहे। हरियाणा सरकार ने उन्हें 'हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड' का चेयरमैन भी बनाया था। उन्होंने कई बार हरियाणा में एक फिल्म सिटी बनाने की इच्छा जाहिर की। बॉलीवुड में करियर शुरू करने से पहले सतीश कौशिक ने रंगमंच में काम किया। हर कोई उनके अभिनय का दीवाना था। उन्हें 1987 में आई फिल्म 'मिस्टर इंडिया' के कैलेंडर से फिल्म अभिनेता के रूप में पहचान मिली थी। उनके इस किरदार को लोगों ने खूब पसंद किया था। इसके बाद उन्होंने कई मजेदार रोल प्ले कर दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया। ■

कविता



## जीवन क्रीड़ा

डॉ. राजीव शर्मा, गांव जनयानकड़, कांगड़ा

*सोच न बंदे गंदगी*
*तु कर ले ईश्वर की बंदगी।*
*यही तो जीवन की मर्यादा है*
*तु खुद का ही भाग्य विधाता है।*
*अजर अमरता को रहने दें*
*जीवन को विभिन्न सुर में बहने दें।*
*जीवन में जो भी आता है*
*उसको उल्लास से आने दें।*
*जीवन से जो भी जाता है*
*उसको भी मुस्कुराते हुए जाने दें।*
*मस्ती को अपनी हस्ती में रहने दें*
*जीवन को सस्ती बस्ती में बहने दें।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# प्राइवेट सिस्टम का खेल : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है, लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले ले, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है।


लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**शिक्षा या व्यापार :** प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस-हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी 'अधिकृत वेंडर' से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाजार दर से दोगुना होता है क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे 'अनिवार्य' बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है और दिलचस्प बात यह है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क और फिर ट्यूशन, खुद के लिए न समय, न सोच, न बचपन। इन सबका उद्देश्य एक ही होता है '99 प्रतिशत लाओ' और जब ये नंबर नहीं आते, तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है।

**स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का काम :** अब अगर शिक्षा में यह स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा 'कमाई' पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही 'पर्ची' कटती है, फिर तरह-तरह की जांचें, महंगी दवाइयां, ड्रिप, और 'एडवांस पेमेंट' की मांग - और वह भी बिना यह बताए कि मरीज की स्थिति क्या है।

सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है। यहां तक की मौत के बाद भी लाश को एक-दो दिन रोककर 'मर्चुरी चार्जेस', 'फ्रीजर चार्जेस' आदि के नाम पर अंतिम सांस तक पैसा वसूला जाता है। यह एक क्रूर मजाक है, उस परिवार के साथ जो पहले ही अपनों को खो चुका होता है।



**सरकार की चुप्पी क्यों :** इस लूट का सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब किसी को छिपकर नहीं करना पड़ता, सब कुछ खुलेआम होता है। अखबार, सोशल मीडिया, न्यूज चैनल हर जगह यह मुद्दा उठता है। हर साल प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी और हॉस्पिटल बिलों पर शोर होता है, लेकिन हर बार यह शोर धीरे-धीरे दबा दिया जाता है। क्यों? क्योंकि अधिकतर प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, इन सबके पीछे किसी न किसी नेता का हाथ होता है। चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का, सिस्टम में बैठे अधिकतर लोग कहीं न कहीं इस खेल में हिस्सेदार होते हैं। नियम-कानून बनते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं होता। आरटीई (शिक्षा का अधिकार कानून), सीजीएचएस (स्वास्थ्य सुविधा योजना), नैशनल मेडिकल काउंसिल, ये सब नाम भर हैं, जिनका प्रयोग प्रचार में होता है, न कि आम आदमी को राहत देने में।

**मध्यम वर्ग की त्रासदी :** गरीबों के लिए सरकार कभी-कभी योजनाएं बना देती है, अमीरों को कोई चिंता नहीं, लेकिन सबसे ज्यादा पिसता है मध्यम वर्ग। न उसे सरकारी स्कूलमें भेजना गवारा होता है, न सरकारी अस्पताल में जाना। मजबूरी में वह प्राइवेट विकल्प चुनता है और फिर उसी जाल में फंस जाता है, एक ऐसा जाल जिसमें न कोई नियंत्रण है, न कोई जवाबदेही। मध्यम वर्ग न तो सड़क पर उतरता है, न ही आंदोलन करता है। वह हर महीने अपनी जेब काटकर ईएमआई देता है, स्कूल की फीस चुकाता है, हॉस्पिटल के बिल भरता है, और बस यही सोचता है और कोई रास्ता भी तो नहीं है।

**समाधान की संभावनाएं :** अगर वास्तव में इस समस्या से निपटना है, तो कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। निजी संस्थानों की पारदर्शिता, स्कूलों और अस्पतालों को अपने शुल्क और सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक रूप से वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर लगानी चाहिए। एक स्वतंत्र नियामक संस्था होनी चाहिए जो फीस और सेवा की गुणवत्ता की निगरानी करे।

एक ऐसी प्रणाली, जहां आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसका समाधान समयबद्ध तरीके से हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या उनके परिवार का हित इन संस्थानों से न जुड़ा हो। जब तक आम जनता एकजुट होकर आवाज नहीं उठाएगी, तब तक यह लूट का सिलसिला चलता रहेगा। जब तक हम खुद नहीं जागेंगे, आवाज नहीं उठाएंगे, और सिस्टम से जवाबदेही नहीं मांगेंगे, तब तक यह प्राइवेट सिस्टम हमें ऐसे ही लूटता रहेगा।

हमें यह समझना होगा कि दिखावे की दौड़ में शामिल होकर हम अपने बच्चों का बचपन, अपने परिवार की शांति, और अपने भविष्य की स्थिरता दांव पर लगा रहे हैं। यह समय है सवाल पूछने का, व्यवस्था को आईना दिखाने का, वरना जेब तो जाएगी ही, आत्मसम्मान भी खो जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# महावीर हनुमान : आस्था, बल और बुद्धि के संगम

संस्कृति के लोक का कलेवर अत्यंत विशाल, व्यापक और आमजन को सामर्थ्यवान बनाने वाला होता है। उसके अंतर्गत परिकल्पित परिवेश के पात्र अक्सर देश-काल की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए विचार, प्रतिमा, प्रथाओं और विभिन्न अनुष्ठानों की सहायता से सबके लिए उपलब्ध रहते हैं। उनके साथ कथाएं और किंवदंतियां भी जुड़ती रहती हैं क्योंकि उनसे लोगों को जीवन जीने के लिए जरूरी समर्थन, प्रेरणा और शक्ति मिलती है।


लेखक : गिरीश्वर मिश्र
वर्धा विवि के पूर्व कुलपति

राम-भक्ति के सिरमौर पवनसुत श्री हनुमान शारीरिक बल और उत्तम कोटि की मेधा या बुद्धि में श्रेष्ठ ऐसे ही विरल भारतीय व्यक्तित्व की सर्जना हैं। हनुमान जी कई अर्थों में विलक्षण हैं। वे कई तरह के परस्पर विरोध दिखाने वाली विशेषताएं भी रखते हैं। मानवेतर होने पर भी गूढ़ राम-रसायन का तत्व उन्हीं के पास है। वे श्रीराम के निकट परिवार के सदस्य न होकर भी 'राम पंचायतन' के प्रमुख और स्थायी सदस्य हैं। मंदिरों और चित्रों में सर्वत्र श्रीराम का स्मरण श्री हनुमान के बिना पूरा नहीं होता है। भगवान श्रीराम अपने प्रिय भक्त हनुमान को भरत की ही तरह सगा छोटा भाई मानते हैं।

भरतजी भक्त-शिरोमणि कहलाते हैं। उन्हीं की तरह महावीर श्री हनुमान भी निर्विवाद रूप से श्रीराम के परम भक्त हैं। गोस्वामी जी उनको कपीश्वर कहते और कवीश्वर वाल्मीकि के साथ याद करते हैं। ये दोनों सीताराम के गुणों के पुण्य जंगल में विचरण करते रहते हैं सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिनौ कवीश्वरकपीश्वरौ। श्रीराम की कथा हनुमान जी को अत्यंत प्रिय है और यदि वे उसके रसिया हैं तो श्रीराम और सीताजी को भी हनुमान जी अत्यंत प्रिय हैं और उनके मन में बसे रहते हैं। श्री हनुमान की लौकिक उपस्थिति और अलौकिक कार्य-शैली सबको चकित करने वाली है। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता असाधारण रूप से बढ़ती रही है। बचपन से ही श्री हनुमान के स्मरण के साथ बल, तेज और निर्भीकता की भावनाएं जुड़ जाती हैं। श्री हनुमान के कई मंदिरों की सिद्ध स्थानों के रूप में प्रसिद्धि है और बड़ी आस्था के साथ भक्त और दुखियारे सभी वहां पहुंचते हैं।



रामकथा के ब्यौरे में जाएं तो पता चलता है कि जब जटिल प्रसंग आते हैं, जब कठिन समस्या का कोई समाधान नहीं मिलता तो हनुमान का स्मरण किया जाता है। वे रामदूत और एक संवादी के रूप में जगत प्रसिद्ध हैं। जैसा कि हम सब जानते हैं, श्रीराम द्वारा लंका विजय की मानुष अवतार वाली रामकथा में कई जटिल अवसरों पर बजरंग बली के बिना उलझनों का समाधान ही नहीं मिलता और कथा आगे ही नहीं बढ़ती। हनुमान जी सभी सिद्धियों के आगार और गुणों में निष्णात तो हैं ही, उनके पास सभी निधियां भी हैं। यह सब होने के बावजूद अतुलित बलशाली हनुमान जी बड़े सरल स्वभाव के हैं। सभी तरह की संपदा होने के बावजूद उन्हें अहंकार का लेश मात्र नहीं है।

उनका अहं भाव विगलित हो चुका है और वे इस मायावी जाल से परे हैं। श्रीराम और उनके भक्तों के साथ उनका व्यापक तादात्मीकरण है। इस तरह के अद्वैत के साथ वह प्रभु श्रीराम के साथ निर्विकल्प रूप से जुड़े हुए हैं। रामकाज करना ही उनका प्रथम और अंतिम ध्येय है। विमल यश वाले हनुमानजी मित्रता, शौर्य, साहस, धैर्य, चातुर्य और बुद्धिमत्ता आदि गुणों में अतुलनीय मानक सदृश हैं। वे दुर्मति को हटा कर सुमति को प्रतिष्ठित कर भक्तों का क्लेश दूर करते हैं। वस्तुत: श्रीराम तक की यात्रा बिना हनुमानजी की सहायता के संभव नहीं है और उन जैसे नि:स्पृह स्वभाव वाले को निश्छल प्रेम के सिवा कुछ भी नहीं चाहिए, इसलिए हनुमान जी सर्वजनसुलभ हैं। आज देश के कोने-कोने में गांव और शहर सर्वत्र उनकी पूजा-अर्चना के लिए लोग तत्पर रहते हैं और अनेकानेक भव्य मंदिर उनको समर्पित हैं। लोग अपनी मनोकामना की साध लिए बड़े भरोसे के साथ हनुमानजी की शरण में आते हैं।

हनुमानजी को रिझाने के लिए मंदिरों में मंगलवार को भीड़ टूट पड़ती है, पर हमें यह भी जरूर याद रखना चाहिए कि सच्ची भक्ति तो भक्त और भगवान के बीच किसी तरह का हिसाब-किताब नहीं करती। वह निर्मल मन से समर्पण और अखंड प्रीति चाहती है। हनुमानजी की भक्ति हमें अपने जीवन में अभय, परदुखकातरता, निष्कपट मित्रता, सदाचार और ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे मूल्यों को उतारने के लिए प्रेरित करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कुछ हद तक अलग है, लेकिन इसे सुधारने की अभी भी बहुत ज्यादा आवश्यकता है। प्रदेश का शिक्षा क्षेत्र, जो पहले कई राज्यों से बेहतर माना जाता था, अब विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में कई ऐसे पहलू हैं जिन पर काम किया जा सकता है, ताकि यहां के छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके और प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का आधार प्राथमिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा है। सकारात्मक बात यह है कि प्रदेश में स्कूलों की अच्छी संख्या है, खासकर प्राथमिक स्तर पर। राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाओं की शुरुआत की है, जैसे कि स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती, छात्रवृत्तियों की व्यवस्था और शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार। इन योजनाओं से काफी लाभ भी हो रहा है। **-अंकुश, सुलह**

# गांवों में आज के समय में भी मजबूत है सामाजिक रिश्तों की डोर

नाबार्ड की इस साल मार्च में जारी रिपोर्ट से जहां संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा है, वहीं यह चिंता की बात है कि जरूरत के समय गैर संस्थागत स्रोतों से कर्ज लेने वाले ग्रामीणों में करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याज दर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे साफ है कि एक बार गैर संस्थागत स्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत मुश्किल जरूर है।


लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

नाबार्ड की रिपोर्ट को आधार मानकर चलें तो पिछले साल सितंबर में जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी तात्कालिक आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर हैं। हालांकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है। पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर थे। हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुख-दर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गए धन पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की धन की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह तथ्य भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है। चाहे ग्रामीण हों या शहरी ऐसी आवश्यकताएं आ ही जाती हैं, जिनके लिए तत्काल धन की जरूरत होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपए उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक का ब्याज देना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याज दर पर ऋण को चुकाना पड़ता है।



साफ है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों का बोलबाला बना हुआ है। संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किस्त बकाया रह गई तो पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है।

एक बात और शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ऋण देने का कार्य किया जाता है। इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले दैनिक आधार पर दस रुपए के ग्यारह रुपए शाम को देना आसान लगता हो, पर इस किस्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाए तो यह बहुत महंगा होने के साथ जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेंडर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याज दर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है, पर ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा।

इतना जरूर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टि नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर हैं। ये लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरूरत के समय एक-दूसरे का आर्थिक सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाए रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालों पर सख्ती दिखानी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बैसाखी का पवित्र दिन महापुरुषों के पद्चिन्हों पर चलने के लिए करता है प्रेरित

कृषि प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर पंजाब का प्रमुख त्योहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरुआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाइयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढोल-नगाड़ों की धुन पर पारंपरिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरुद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।


लेखक: योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उत्तर भारत और विशेषकर पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्योहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरुआत मानते हैं।



बैसाखी पर विशेष

हिंदू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान की भी परंपरा रही है।

13 अप्रैल, 1919 को बैसाखी का दिन आज भी अंग्रेजों की बर्बरता और जुल्मों की दास्तान बयां करता है। दरअसल, रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे। 'रोलट एक्ट' के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी, लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिंदुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्योहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरु गोबिंद सिंह जैसे महापुरुषों के महान आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### अफीम की खेती को लेकर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पधर पुलिस ने सात खेतों से अफीम की खेती को लेकर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना पधर के अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने गस्त के दौरान मुकाम मरखाण में गेहूं के खेतों के बीच गेहूं, जौ और लहसुन के खेतों के बीच सात खेतों में अफीम की खेती की हुई पाई। राजस्व अधिकारी मनोज कुमार ने खेतों का विवरण दिया और खेत न0 1 में 196 पौधे अफीम खसरा नंबर 170, खेत नंबर 2 में 926 पौधे अफीम खसरा नंबर 176, खेत नंबर 3 में 138 पौधे अफीम खसरा नंबर 181, खेत नंबर 4 में 245 पौधे अफीम खसरा नंबर 188/1, खेत नंबर 5 में 288 पौधे अफीम खसरा नंबर 111, खेत नंबर 6 में 415 पौधे अफीम खसरा नंबर 105 व खेत नंबर 7 में 408 पौधे अफीम खसरा नंबर 57 कुल सात खेतों में 2616 पौधे अफीम के बरामद हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो मामलों में पकड़ी अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत नरोला के अंतर्गत बारीं गांव में दो जगह एक किराने की दुकान और चिकन शॉप से 95250 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद हुई है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना हटली को गुप्त सूचना मिली की बारीं गांव में दो दुकानदार जो आपस में सगे भाई हैं व



अपनी-अपनी दूकान में काफी समय से अवैध शराब बेचने का कारोवार कर रहें है। उन्होंने अपनी दूकान और पोल्ट्री फार्म में अवैध शराब छुपा कर रखी हुई है। थाना प्रभारी हटली वृज लाल शर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यशवंत सिंह पुत्र समुंदा गांव व डाकघर बारीं तहसील बल्द्वाड़ा की किराने की दुकान और कुलवंत सिंह पुत्र समुंदा गांव व डाकघर बारीं तहसील बलद्वाड़ा की चिकन शॉप और पोल्ट्री फार्म में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान यशवंत सिंह की किरणे की दुकान से 10 पेटी मार्का संतरा ब्रांड और कुलवंत सिंह की चिकन शॉप और पोल्ट्री फार्म से 7 बोतल मार्का संतरा ब्रांड अवैध शराब की बरामद की। पुलिस थाना हटली में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने की है।

### हिमाचल दिवस पर डिप्टी सीएम करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल दिवस को लेकर मंडी जिला के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शहर के ऐतिहासिक सेरी मंच पर 15 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिरकत करेंगे। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम मंडी शहर के सेरी मंच पर भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इसमें सर्वप्रथम मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री शहीद स्मारक पर वीरों को श्रद्धांजलि और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके उपरांत सुबह 11 बजे ध्वजारोहण और राष्ट्रगान होगा। मुकेश अग्निहोत्री द्वारा कार्यक्रम में आयोजित परेड और मार्च पास्ट का निरीक्षण किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री अपना संदेश देंगे। इसके बाद कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और अंत में मुख्यातिथि द्वारा पारितोषिक वितरण भी किया जाएगा।

### सेरी मंच पर जांचा रोगियों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रोटरी क्लब मंडी द्वारा सेरी मंच पर शनिवार को मैक्स हॉस्पिटल मोहाली की मदद से मेगा मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग विधाओं से डॉक्टरों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें मुख्यता दिल से संबंधित डॉक्टर हड्डियों से संबंधित एवं जनरल फिजिशियन डॉक्टर शामिल हुए। डॉक्टर अनमोल कार्डियक सर्जन, डॉक्टर अखिलेश्वर शर्मा, जनरल फिजिशियन, डॉक्टर करण जिंदल ऑर्थोपेडिक डॉक्टर एवं अरुण सिंह ठाकुर मैक्स हॉस्पिटल के नार्थ के मार्केटिंग हेड ने लोगों का चेकअप किया। इस मेडिकल शिविर में अनियमित ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, बुखार, वजन, बॉडी मास इंडेक्स इत्यादि जांच भी मुफ्त में कराई गई। इस मेडिकल शिविर में रोटरी क्लब मंडी की तरफ से रोटेरियन धर्मेंद्र राणा, कौशलेश कपूर, कुशालचंद ठाकुर, एमएल गुप्ता, रोटेरियन गजेंद्र बहल, डॉक्टर जीवानंद चौहान, लता, तारा सेन इत्यादि सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### भक्तों ने हनुमान चालीसा का किया पाठ

**भीम बसेडू, महादेव।** हनुमान जयंती यानि हनुमान जन्मोत्सव का धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर गांव रोहांडा, गांव लोअर धनोटू, गांव नागचला में श्रद्धालु लोगों ने नतमस्तक होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा खासकर सुंदरनगर के एमएलएसएम कॉलेज परिसर में पूर्व सुकेत रियासत काल के हनुमान (महावीर मंदिर) मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर संकटमोचक हनुमान से मन्नत मांगी। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सैनिक लीग टीहरा के सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पूर्व सैनिक लीग टिहरा की बैठक, लीग के अध्यक्ष कैप्टन रमेश तपवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पूर्व सैनिक लीग टिहरा की पंचायत स्तरीय टीम का भी गठन किया गया, जिसमें ग्रेयोह पंचायत प्रमुख कैप्टन टेक चंद, सधोट पंचायत प्रमुख सूबेदार ओम प्रकाश, सजायो पीपलू पंचायत प्रमुख सूबेदार रत्न चंद, डरवाड़ पंचायत प्रमुख सूबेदार राम स्वरूप तथा गद्दीधार पंचायत प्रमुख हवलदार बिहारी लाल को नियुक्त किया गया। पंचायत प्रमुख फौजियों की जिम्मेदारियों में उस पंचायत से संबंधित पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लीग को बताना व पूर्व सैनिकों की सहमति से उन्हें लीग से जोड़ने की होगी। इस मौके पर टीहरा लीग के सचिव कैप्टन अशोक चंदेल, उपाध्यक्ष सूबेदार रविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सूबेदार चमन लाल, वेटरन टेक चन्द, वेटरन दलीप सिंह, वेटरन रश पाल, वेटरन राम स्वरूप, वेटरन सुरेश बरारी, वेटरन बिहारी लाल, वेटरन ओ पी वर्मा, वेटरन कुलदीप सिंह, वीरनारी नारो देई व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### जालपा माता मंदिर की गुफा का निर्माण शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत तनिहार में प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर की गुफा बनाई जा रही है जिसमें आम जनता के सहयोग से व पंचायत के सौजन्य से 8 फुट की माता की मूर्ति जनता के दर्शनार्थ के लिए लगाई जाएगी ग्राम पंचायत उप प्रधान पवन ठाकुर ने बताया अधिकतर श्रद्धालुओं की मांग थी की माता की मूर्ति सिर्फ गुफा में ही स्थापित की जाए जिसके लिए जन सहयोग से 18 फीट लंबी और 14 फुट चौड़ी गुफा का निर्माण किया जा रहा है उन्होंने बताया कि माता जालपा मंदिर के उत्थान के लिए यह कार्य किया जा रहा है जिसमें आम जनता भी अपनी आस्था और विश्वास को लेकर पंचायत का सहयोग कर रही है। सभी से अनुरोध है कि इस कार्य के लिए हमारा मार्गदर्शन करें।

# हाईवे निर्माण की कंपनी ने वन भूमि पर बना दी डंपिंग

## जेसीबी से रौंद डाले सैकड़ों हरे पेड़; वन विभाग ने दबाए रखा मामला, पूर्व मंत्री की धमकी से हुई कार्रवाई

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**एनएच** 03 का निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने मनमानी की सारी हदें पार कर डाली हैं। सांसद और विधायक दोनों नींद में हैं और जनता की आवाज सुनने वाला कोई नहीं प्रदेश के पूर्व मंत्री और धर्मपुर से कभी न हारने वाले विधायक महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस राज में बुरी तरह पिस रही जनता की आवाज को कमजोर न होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह दौर उनके राजनीतिक जीवन में कभी नहीं आया। आज विधायक अपनी मस्ती में है और जनता दु:खी है। एनएच का निर्माण करा रही कंपनी ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी विशेष कारणों से चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट करके एनएच निर्माण में हो रही धांधली, वन भूमि में पेड़ों की बरबादी और लूट का काला चिट्ठा उनके समक्ष पेश करेंगे। बताया जा रहा है कि फॉरेस्ट रेंज ऑफिस से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी पर डीपीएफ में डंपिंग बनाकर सैंकड़ों डंपर मलबा फेंक दिया इस मलबे के नीचे हरे पेड़ों को जेसीबी से गाजर मूली की तरह रौंद दिया गया। यह काम कई दिनों तक चलता रहा लेकिन विभाग के अधिकारी चैन की नींद सोए रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह डंपिंग विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ही हुई है। ग्रामीण इस से पहले भी वन भूमि पर फेंके जा रहे मलबे के बारे में आवाज उठा चुके हैं लेकिन रेंज ऑफिस की सांठ गांठ से उनकी आवाज को दबा दिया गया। डीपीएफ खैरी में न केवल एक जगह बल्कि आधा दर्जन जगहों पर मनमर्जी से डंपिंग कर दी गई है। आम जनता के प्रतिरोध को कंपनी प्रबंधन, वन विभाग और मॉर्थ के अधिकारियों द्वारा नजरंदाज किया गया जिसके कारण ही कंपनी के लोगों ने सैंकड़ों पेड़ पौधों की बलि दे दी। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस की भूमिका संदेहों के घेरे में

**अवैध** डंपिंग के दर्जन मामलों में कई बार शिकायतें मिलने के बावजूद भी पुलिस दोषियों जहां बचाव करती रही वहीं, रेंज ऑफिसर भी शिकायत करने में आनाकानी करते रहे जबकि दो ब्लॉक अफसरों और गार्डों ने लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। लकड़ी कटान के बाद यह दूसरा मामला है। जब वन विभाग के अधिकारियों ने कंपनी के साथ मिलकर डीपीएफ में सैकड़ों पेड़ पौधों को तहस करा दिया। इसमें वन विभाग के संबंधित बीओ और गार्ड ने शुक्रवार को नुकसान का आकलन चालीस लाख बताया था लेकिन धर्मपुर पुलिसजांच का बहाना बना कर तीन दिन से टालमटोल कर रही है।



**कंपनी** द्वारा वन भूमि में अवैध रूप से मलबा फेंकने पर वन विभाग ने 40 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसकी छानबीन जारी है।

**संजीव सूद, डीएसपी, धर्मपुर।**

**धर्मपुर** के बीओ और गार्ड की ओर से शिकायत मिली है कि कंपनी ने मनमानी करते हुए डीपीएफ में सैकड़ों टन मलबा फेंक दिया है। विभाग के कर्मचारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। अभी पूरी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है कि कितने पेड़ों को नुकसान पहुंचा है, रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

**-कमल भारती, डीएफओ जोगेंद्रनगर।**

## धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपी संजोली के चलौंठी से गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

**जिला** मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित एक उद्घोषित आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को शिमला जिला के संजोली के चलौंठी से गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी को पुलिस टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना करसोग के हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ टीम को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी करसोग द्वारा वर्ष 2021 में करसोग थाना में आईपीसी की धारा 409 के तहत दर्ज धोखाधड़ी के एफआईआर में न्यायालय से फरार चल रहे उद्घोषित आरोपी को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया था। मामले में



आरोपी को न्यायालय ने बीते वर्ष 2 सितंबर को उद्घोषित आरोपी घोषित किया था। आरोपी की पहचान यशपाल पुत्र कमल देव निवासी गांव और डाकघर दुराह तहसील आनी जिला कुल्लू के रूप में है। पुलिस टीम में एचएचसी मोहिंद्र सैनी, रवि कुमार और नरेश कुमार व कांस्टेबल हरीश शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## छात्रवृत्ति व अन्य प्रोत्साहन योजनाओं पर 12 .42 करोड़ व्यय

### जिले में पहली से आठवीं कक्षा तक के 9411 पात्रों को 56.48 लाख की दी छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** सरकार प्रत्येक बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चत करने के लिए दृढ़ कदम उठा रही है। इसके दृष्टिगत पूरे प्रदेश सहित मंडी जिला में भी शिक्षा विभाग के माध्यम से विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। गत वर्ष के कार्यकाल में वर्तमान प्रदेश सरकार ने छात्रवृत्ति सहित अन्य योजनाओं पर जिला में लगभग 12.42 करोड़ रुपए व्यय किए हैं। गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आईआरडीपी छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।

मंडी जिला में इस योजना के अंतर्गत गत वर्ष पहली से आठवीं कक्षा तक के 9411 पात्र छात्र-छात्राओं को लगभग 56.48 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में डाली गई। माध्यमिक मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। मंडी जिला में गत वर्ष इस योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के 292 छात्र-छात्राओं को लगभग 3.50 लाख रुपए प्रदान किए गए। इसी प्रकार स्वर्ण जयंती माध्यमिक मेधावी छात्रवृत्ति के तहत छठी से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को 15.12 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति प्रदान करने के साथ ही प्रदेश सरकार स्कूली छात्रों को नि:शुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें प्रदान करने के साथ ही उन्हें पोषक दोपहर भोजन की सुविधा भी प्रदान कर रही है।

स्कूल वर्दी योजना के तहत गत वर्ष जिला में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं बी.पी.एल. परिवार से संबंधित पहली से आठवीं कक्षा के 43,630 छात्र-छात्राओं को लगभग 2.62 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इसके अतिरिक्त पहली से आठवीं कक्षा तक के 1,34,452 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें आवंटित की गईं। इस पर गत वर्ष 9.05 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की गई।

#### लगभग 7.10 करोड़ रुपए भोजन पर खर्चे

**राजकीय** पाठशालाओं में वितरित किए जाने वाले मध्याह्न भोजन के अंतर्गत प्राथमिक एवं अप्पर-प्राइमरी में भोजन पकाने की लागत पर लगभग 7.10 करोड़ रुपए व्यय किए गए। योजना के अंतर्गत जिला की विभिन्न प्राइमरी व अप्पर-प्राइमरी पाठशालाओं में हजारों छात्रों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत कुक-सह-हेल्पर्स को 7.91 करोड़ रुपए के लगभग मानदेय प्रदान किया गया। इससे छात्रों को दोपहर भोजन के रूप में पोषक आहार के साथ ही हजारों लोगों को एक सुनिश्चित आय भी उपलब्ध करवाई गई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि शिक्षा का हमारे व्यक्तित्व विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। मंडी जिला में शिक्षा विभाग के माध्यम से सरकार की विभिन्न प्रोत्साहन एवं छात्रवृत्ति योजनाओं का सभी पात्र छात्र-छात्राओं तक समयबद्ध लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

## एसमसी के प्रयास से कन्या स्कूल मंडी में बहाल हुए शिक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय मंडी में युक्तिकरण प्रक्रिया के तहत जिन तीन टीजीटी शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया था उन सभी शिक्षकों को वापस कन्या विद्यालय मंडी में नियुक्ति के आदेश शिक्षा विभाग से जारी हो गए हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इसका स्वागत किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने शुरू से ही इन युक्तिकरण प्रक्रिया के तहत किए गए स्थानांतरण का पुरजोर विरोध किया था।

समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद राणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शिमला में शिक्षा सचिव व निदेशक से भी मिला था और उनके समक्ष इन स्थानांतरण को अनुचित ठहराते हुए अपना भारी विरोध जताया था। प्रसाद राणा ने बताया कि शिक्षा विभाग के इस निर्णय से जहां स्कूल में नामांकन प्रक्रिया को बढ़ाने में और मदद मिलेगी, वहीं बच्चों के भविष्य को सुनहरा बनाने में भी सफलता हासिल होगी।

## जैविक खेती के लिए किसान किए जागरूक

### भारतीय किसान संघ जिला मंडी ने नेरचौक में की बैठक

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

**भारतीय** किसान संघ जिला मंडी द्वारा किसानों को रासायनिक खादों के प्रयोग को छोड़कर जैविक खाद के प्रयोग पर बल देने के लिए नेरचौक में एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष संत राम ठाकुर ने की। इस मौके पर जिला मंडी की समस्त कार्यकारिणी तथा 11 खंडों से आए हुए अध्यक्ष और मंत्री भी बैठक में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बल्ह खंड अध्यक्ष कृष्ण चन्द ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं इस मौके पर भूमि पूजन प्रांत मंत्री नंद लाल शर्मा द्वारा मंत्रोंच्चारण के साथ नेर चौक में भूमि पूजन किया गया। जिला अध्यक्ष संत राम ठाकुर ने जिले से आए हुए सभी जिला कार्यकारिणी तथा खंडों से आए हुए सदस्यों से रासायनिक खाद से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया और भविष्य में रासायनिक खाद को बंद कर जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया। प्रांत कार्यालय मंत्री रोशन लाल सैनी ने बल्ह क्षेत्र में अत्याधिक रासायनिक खाद तथा खरपतवार नाशक दवाओं के प्रयोग पर और उससे होने वाली कैंसर जैसी खतरनाक बिमारियों पर चिंता जताई है। (अनंत ज्ञान)

### बीज समय पर आने से उपनिदेशक का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा और अन्य पदाधिकारी ने कृषि उपनिदेशक डॉक्टर रामचंद्र चौधरी का अग्रिम तौर पर खरीफ फसल के धान, मक्की, चरी बाजरा, मक्का चरी तथा सब्जियों के बीजों की खेप मंडी में पहुंचाने का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पहले जिला के किसानों को समय पर बीज नहीं मिलता था। ऐसे में किसान खुले बाजार से महंगे दामों पर बीज खरीदने पर मजबूर होते थे। इस बार एक महीना पहले ही बीज सभी विक्रय केंद्रों में पहुंचने शुरू हो गए हैं। इससे किसानों ने राहत की सांस ली है।

## धनोटू में वर्षाशालिका न होने से खुले में बस लेने को मजबूर लोग



**भीम बसेडू, महादेव**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 धनोटू में वर्षाशालिका न होने से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धनोटू जैसे विशाल जंक्शन प्वाइंट के आर-पार एक भी वर्षाशालिका न होने से कई क्षेत्रों के लिए बस पकड़ने वाले राहगीरों को खुले में ही मजबूर होकर बस का इंतजार करना पड़ता है, जबकि चिलचिलाती धूप और बर्षा की हालत में उन्हें दूर की दुकानों आदि में सामान के साथ धक्के खाने पड़ते हैं।

धनोटू में वर्षाशालिका को लेकर कई बार मांग उठाई जा चुकी है, मगर अभी तक इस दिशा में किसी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही धनोटू में वर्षाशालिका बनाई जाए। (अनंत ज्ञान)

## रिवालसर में चार दिवसीय बैसाखी मेला शुरू

### गोकुल बुटेल ने बाबा लोमष ऋषि का रथ खींचकर भव्य जलेब की अगुआई की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**रिवालसर** में चार दिवसीय बैसाखी मेला शुरू हो गया। बाबा लोमष ऋषि मंदिर में उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (आईटी, इनोवेशन एंड गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने अराध्य देव श्री बाबा लोमष ऋषि व माता श्री नैणा देवी का रथ खींच कर भव्य जलेब की अगुआई की। यह भव्य शोभायात्रा बाबा लोमष ऋषि मंदिर से शुरू हुई व पवित्र रिवालसर झील की परिक्रमा करते हुए सभा स्थल में पहुंची। इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी और ब्रह्मकुमारी संस्था ने झांकी भी निकाली। इस मौके पर गोकुल बुटेल ने कहा कि रिवालसर त्रिवेणी संगम है जहां हिंदु, सिक्ख व बौध धर्म के लोग सदियों से प्रेम और आपसी भाईचारे से रहते आ रहे हैं।




उन्होंने कहा कि रिवालसर अपने धार्मिक महत्व के साथ ही पर्यटन क्षेत्र में भी अहम स्थान रखता है। मंडी जिला मुख्यालय के समीप स्थित इस धार्मिक नगरी में वर्ष भर पर्यटक घूमने आते रहते हैं। यहां आने वाले सैलानियों को पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यटन की दृष्टि से रिवालसर स्थल को विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाने के लिए प्रदेश सरकार से आग्रह किया जाएगा, ताकि इसका पुराना गौरव लौटाया जा सके तथा यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से और अधिक उन्नति कर सके। इस मौके पर अध्यक्ष एपीएमसी मंडी संजीव गुलेरिया ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने मेले के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय निवासियों सहित यहां आए हुए सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं।

## नहर में गिरी बछड़ी स्थानीय युवकों ने निकाली बाहर

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बीबीएमबी की बग्गी धनोटू नहर में शनिवार को एक गाय की बछड़ी गिर गई। करीब 3 किलोमीटर तक बछड़ी तेज धार पानी में जिंदगी और मौत से जूझती रही। पाली पुल के पास कुछ युवाओं ने जान जोखिम में डालकर नहर में कूद कर बछड़ी को पकड़ कर पानी से बाहर निकाल दिया। बीबीएमबी प्रबंधन जब तक सुरक्षा की दृष्टि से बग्गी से लेकर धनोटू तक नहर किनारे दोनों ओर लोहे के जाले नहीं लगाएगा तब तक नहर में आवारा पशुओं के गिरने व दुर्घटना होने की संभावना बनी रहेगी। हालांकि बीबीएमबी प्रबंधन नहर पर क्रॉसिंग वाले बग्गी से लेकर धनोटू तक जितने ब्रिज है उनके आसपास रेलिंग लोहे के जाले लगाने का कार्य कर रहा है।

## बरोट-मियोट मार्ग पर समय पर नहीं चल रही एचआरटीसी बस

**रूपी ठाकुर, बरोट**

**बरोट-मियोट** मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस निर्धारित समय पर नहीं चल रही है। इस बस रूट पर मंडी डिपो से सरकारी बस लगभग दो बजे मंडी से चलती है व बरोट होते हुए रात्रि ठहराव मियोट में करती है। सुबह लगभग सात बजे मियोट से मंडी के लिए रवाना हो जाती है। मगर यह बस शाम को निर्धारित समय पर न पहुंच कर कभी सवा पांच, साढ़े पांच, छह तथा साढ़े छह बजे बरोट पहुंच रही है। इस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बरोट-मियोट सड़क मार्ग से जुड़े खलैहल, मियोट, छोटी झरवाड़ व बड़ी झरवाड़ के लोगों में से होशियार सिंह, हमीर चंद, ध्यान सिंह, प्रेम सिंह, नुपा राम, रागी राम, बलदेव, रामचंद, संतोष कुमार आदि का कहना है कि बरोट में बस के निर्धारित समय पर न आने से लोगों को हर दिन परेशानी उठानी पड़ रही। (अनंत ज्ञान)

### लोगों में पनपा रोष

**लोगों** का पथ परिवहन निगम के प्रति गहरा रोष पनपा हुआ है। लोगों सहित खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि मंडी से बरोट-मियोट बस रुट पर चलने वाली सरकारी बस को एक निर्धारित समय पर चलाया जाए, क्योंकि बस के इंतजार में बरोट बस ठहराव में खड़े हुए लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। लोगों का कहना है कि कभी सरकारी बस शाम को बरोट में कभी जल्दी तो कभी देरी से पहुंच रही है, जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है

# मिड-डे मील वर्करों को हर माह वेतन दे विभाग : भूपेंद्र

## मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन धर्मपुर खंड के वार्षिक सम्मेलन में बोले सीटू के जिला प्रधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**मिड-डे** मील वर्कर्स यूनियन धर्मपुर खंड का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को धर्मपुर में सीटू के जिला प्रधान भुपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। राणो देवी व सत्या देवी ने गत वर्ष की रिपोर्ट पेश की और उन्होंने कहा कि धर्मपुर के दोनों शिक्षा खंडों में यूनियन के 125 सदस्य हैं।

यूनियन ने गत वर्ष बंद किए स्कूलों में सरप्लस हुए वर्करों को दूसरे स्कूलों में एडजस्ट करने के लिए सरकार से मांग उठाई थी और उसके लिए संघर्ष भी किया। जिसके चलते अब सभी को एडजस्ट कर दिया गया है, लेकिन उन्हें सरकार दूसरे वर्करों से 1500 अर्थात 3500 रुपए मासिक वेतन ही अदा कर रही है, जबकि बाकियों को 5000 रु मिल रहा है। यूनियन की मांग है कि उन्हें भी बराबर वेतन दिया जाए और वेतन हर माह दिया जाए।

यूनियन ने सभी वर्करों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन देने की मांग की है। सीटू जिला प्रधान भुपेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार मिड-डे मील वर्करों को किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं दे रही है और यदि वर्कर बीमार पड़ जाए तब भी उसे अपने बदले में किसी को दिहाड़ी पर स्कूल में खाना बनाने भेजना पड़ता है। यूनियन की मांग है कि इन्हें आकस्मिक, मेडिकल व अन्य सभी प्रकार की छुटियां जो मजदूरों को मिलती है दी जाए। इसके अलावा इन्हें 12 महीने का वेतन दिया जाए जो वर्तमान में 10 माह का ही दिया जाता है। पच्चीस बच्चों की शर्त के आधार पर 15 साल से काम कर रहे वर्करों की छंटनी पर रोक लगाई जाए।



### खंड कमेटी की गठित

**बैठक** में खंड कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें राणो देवी, धलारा को प्रधान, चंपा बरोटी, निशा कोढहुवां, बिना चौकी और गौरी देवी हवानी को उपप्रधान, सत्या मंडप को सचिव, रजनी संधोल, रजनी सजाओ, सुनीता, निर्मला लगेहड को सह सचिव व रीना कोढहुवां को कोषाध्यक्ष बनाया गया। यूनियन का जिला सम्मेलन 29 मई को मंडी में होगा जिसमें 30 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

**मनोरंजन** | लड़भड़ोल के बनांदर मेले की सांस्कृतिक संध्या में लोकगीतों का जादू

# काकू राम के पहाड़ी गीतों पर झूमे दर्शक

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**लडभड़ोल** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनांदर में स्थित अखिलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक मेले की दूसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुई। सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध हिमाचली लोकगायक काकू राम ठाकुर रहे, जिन्होंने एक के बाद एक अपने लोकप्रिय पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

काकू राम ठाकुर के साथ मंच साझा करते हुए लोकगायिका सुनीता भारद्वाज और स्थानीय कलाकारों में सुभाष राणा, कुलबीर राणा, शिवचरण तथा अभिषेक ने भी बेहतरीन प्रस्तुति दी और समां बांध दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लडभड़ोल क्षेत्र के समाजसेवी केके सकलानी उपस्थित रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष अनित ठाकुर और समिति के अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। केके सकलानी ने मेला कमेटी द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला क्षेत्र की आस्था, एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने भविष्य में इस मेले में तीन सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित करने की बात कही ताकि क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अधिक मंच मिल सके और सांस्कृतिक परंपराएं और अधिक समृद्ध हों।

इसके साथ ही समाजसेवी सकलानी ने मेला आयोजन के लिए 50,000 रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की, जिससे मेला कमेटी को आगामी आयोजनों में सहायता मिल सकेगी। मेला इस बार न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी क्षेत्रवासियों के लिए अविस्मरणीय रहा। (अनंत ज्ञान)



**समाजसेवी केके सकलानी ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत, मेला कमेटी को दी 50,000 की राशि**

## न्यूज ब्रीफ

### महाविद्यालय के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा शनिवार को स्नातकोत्तर (एमए अर्थशास्त्र) के विद्यार्थियों का एकदिवसीय औद्योगिक भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मीता शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर अपनी शुभकामनाएँ देते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने बिलासपुर जिला के औद्योगिक क्षेत्र ग्वालथाई स्थित टाइडल लेबोरेटरिस प्राइवेट लिमिटेड की उत्पादन प्रक्रिया को जाना और उक्त प्लांट में कार्यरत श्रमिकों से उनकी समाजिक और आर्थिक स्थिति के बारे में आंकड़े एकत्रित किए। प्लांट प्रबंधक सोमिनदरा पांडा ने विद्यार्थियों को अपने उद्योग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया। प्लांट भ्रमण के दौरान उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जगजीत सिंह तथा संजीव कुमार ने विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भगवान दास सहित प्राध्यापक डॉ. शाम सिंह बैंस, मनजीत सिंह मान, विजय कुमार मौजूद रहे।

### बडोआ शिव मंदिर में राम कथा का समापन

**अनंत ज्ञान, जोल।** तलमेहड़ा बाजार के समीप शिव मंदिर बडोआ में श्री राम कथा का समापन राजतिलक के साथ धूमधाम से हुआ। कथा के अंतिम दिन आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने कहा कि मन, सुख और दुख के बंधन से मुक्त है, और मन को बस में करने वाला व्यक्ति महामानव कहा जाता है। भरत जैसे भाई का चरित्र, लक्ष्मण जैसी सेवा और हनुमान जी जैसी भक्ति, अतुलनीय है। यही सभी को अपने चरित्र में उतरना चाहिए। मन को बस में करने वाला मनुष्य महामानव कहा जाता है। मन के वश में रहने वाला मनुष्य आध्यात्मिक मार्ग से भटक जाता है। साथ ही राजतिलक एवं पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथा समापन पर तलमेहड़ा बाजार के चौक में हनुमान मंदिर में भोग प्रसाद लगाया गया।

### लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वैद्य सुनील क्राउन ऊना के अजय हेल्थकेयर में लगे शिविर में युवक की जांच करते हुए, उन्होंने करीब दो दर्जन लोगों की जांच की।



# उपमंडल बंगाणा के नायली में उपजा मूर्ति विवाद सुलझा

## कार्यकारी एसडीएम की सूझबूझ और दोनों पक्षों की सहभागिता से हुआ समाधान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की नायली पंचायत में पहाड़ी बाबा की मूर्ति के साथ गुरु रविदास जी तथा अन्य मूर्तियां स्थापित करने को लेकर उपजा विवाद आखिरकार सुलझा लिया गया है। कार्यकारी एसडीएम अमित शर्मा की सूझबूझ व दोनों पक्षों की सहभागिता से इस मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकाला गया।

सूत्रों के अनुसार, नायली में पहले से स्थापित पहाड़ी बाबा की मूर्ति के समीप कुछ समय पूर्व गुरु रविदास जी सहित अन्य मूर्तियां भी स्थापित कर दी गई थीं। इससे दोनों पक्षों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया था, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति



बन रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्यकारी एसडीएम अमित शर्मा ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के साथ बैठक की। बातचीत के माध्यम से समाधान निकालते हुए दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सभी मूर्तियों को वहां से हटा दिया गया। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाए रखना है। उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसे संवेदनशील मामलों में संयम बरतें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की तत्परता की सराहना की और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने के लिए कार्यकारी एसडीएम का आभार जताया। यह समाधान क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## भक्तों ने प्रभु श्रीराम के पावन चरित्र का किया श्रवण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल के अंतर्गत ठाकुरद्वारा मंदिर थानाखास में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों की भारी भागीदारी देखने को मिली। अखंड श्री राम चरित मानस पाठ से हुई, जो 24 घंटे



तक चला। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के पावन चरित्र का श्रवण किया और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा एवं समिति के सभी आयोजन ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया।

## दमामियां तक सड़क निर्माण कार्य जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत दिवस शुक्रवार को सिद्ध बाबा श्री भृतहरि जी की तपोस्थली दमामियां तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से विधायक प्राथमिकता योजना के अंतर्गत इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने सिद्ध स्थल पर बाबा भृतहरि जी का आशीर्वाद लिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सड़क न केवल आस्था से जुड़ी हुई है, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास और सुविधाओं के विस्तार का भी सशक्त माध्यम बनेगी।

## विधायक विवेक शर्मा ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर शहर गांव में खेलों को प्रोत्साहन देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से शिव शक्ति यूथ क्लब द्वारा आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया।



विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि शिव शक्ति यूथ क्लब द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा सामाजिक उद्देश्य भी छिपा है, युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलों से जोड़ना है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा शिव शक्ति यूथ क्लब द्वारा किया गया यह कार्य न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि अनुकरणीय भी है। विधायक विवेक ने श्री हनुमान जन्मोत्सव पर कुटलैहड़ में दो दर्जन कार्यक्रमों में शिरकत करके आशीर्वाद भी लिया।

## कैंब्रिज स्कूल धुसाड़ा में मनाई बैसाखी

**अनंत ज्ञान, ऊना**


जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने अपनी धर्मपत्नी डॉ. रेणु शेरावत के साथ कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। स्कूल के बच्चों ने हिमाचली और पंजाबी संस्कृति को जीवंत कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य, गीत, व्यंजन प्रदर्शनी और सांस्कृतिक धरोहरों की झलक देखने को मिली।



डीसी जतिन लाल और उनकी धर्मपत्नी डॉ. रेणु शेरावत ने इन पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और बच्चों के साथ मिल जमकर डांस भी किया। डॉ. रेणु शेरावत ने बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एआई हमारी सहायता के लिए है, न कि उस पर पूर्ण निर्भरता के लिए।













# शिंकुला दर्रे में आवाजाही प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले में पिछले चार दिनों से मौसम में बदलाव हुआ है और बर्फबारी और बारिश का दौर जारी है। लाहौल घाटी का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को भी चोटियों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश का दौर जारी रहा।

उधर, कुल्लू व मनाली में भी दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। कुल्लू व लाहौल-स्पीति में मौसम के करवट बदलने से दोनों जिला में ठंड भी बढ़ गई है। शनिवार सुबह रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रों में बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया। रोहतांग दर्रे सहित सभी दर्रों में चार से छह इंच बर्फबारी हुई है। लाहौल व कुल्लू-मनाली में शनिवार को बादल छाए रहे। शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई है, जबकि रोहतांग सहित कुंजम व बारालाचा दर्रों में चल



**बर्फबारी से रोहतांग, कुंजम व बारालाचा में सड़क बहाली प्रभावित**

रही बीआरओ की सड़क बहाली प्रभावित हुई है। शनिवार सुबह से ही रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशहोर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे।

रोहतांग के उस पार चंद्रताल, लेडी ओफ केलांग, दारचा की पहाड़ियों सहित सीबी रेंज की समस्त चोटियों पर हिमपात हुआ। लाहौल घाटी के ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों छीका, रारीक, योचे, दारचा, जिस्पा, कोकसर, अटल टनल, नैन गाहर, गवाड़ी व मायड़ घाटी में बर्फ के फाहे गिरे।

बीआरओ अधिकारी ने बताया कि बर्फबारी होने से चल रही रोहतांग, कुंजम व बारालाचा दर्रे की बहाली प्रभावित हुई है। मौसम साफ होते ही दर्रों की बहाली युद्धस्तर पर शुरू की जाएगी। लिहाजा, कुल्लू व लाहौल स्पीति में अप्रैल माह में बदले मौसम के मिजाज से गर्मी के मौसम में ठंडक महसूस हो रही है। देश दुनिया से यहां घूमने पहुंचे पर्यटक यहां पर विभिन्न पर्यटन स्थलों में खूब मौज-मस्ती कर रहे हैं।

## तीर्थन घाटी में मौसम हुआ सुहावना

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** बंजार उपमंडल में तीर्थन घाटी में बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया है। इससे कुछ दिन से बढ़ते तापमान से लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं, शनिवार को भी तीर्थन घाटी में बादल छाए रहे और बंजार क्षेत्र में बारिश हुई। बारिश होने से घाटी के किसानों-बागवानों ने भी राहत की सांस ली है और खेतीबाड़ी के लिए किसानों को काफी समय से इंतजार था।

**पर्यटक कैसे पहुंचें बंजार :** मंगलौर पुल टूटने के कारण अब पर्यटकों को बंजार, तीर्थन, सोझा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। हालांकि मंगलौर में हाईवे-305 पर नया पुल का निर्माण होने तक सैलानी बंजार घाटी की वादियों को निहारने के लिए शिमला से आनी व खनाग होकर बंजार के पर्यटन स्थलों में पहुंच सकते हैं, लेकिन यह काफी लंबा रूट पड़ेगा। वहीं, यहां पर छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनकर तैयार हो गया है।

# केशरी गांव में ऋषि जमलू के पास मिली देवता की मूर्ति

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के केशरी गांव में ऋषि जमलू की तपोस्थली एवं 12 देऊघरों में से चौथा देऊघरा कशेरी से महज 100 मीटर की दूरी पर देवता की मूर्ति मिलने से घाटी में देव आस्था एक बार फिर अपने चरम पर है। यह अद्भुत नजारा कशेरी गांव में उस समय देखने को मिला जब गांव की एक महिला आमरा देवी ने रास्ते पर पूर्व में विद्यमान देवता होरा होरशू की छोटी बाई (बावड़ी) के पास मिट्टी में दबी मूर्ति को देखा। यह स्थान देवता ऋषि जमलू के स्थान से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इससे पूर्व भी यहीं पास में देवता की बड़ी बाई भी एकाएक प्रकट हुई थी। जानकारी के अनुसार गांव की महिला आमरा देवी ने सर्वप्रथम पत्थर से बनी मूर्ति को देखा व गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी। गांव में यह स्थान देवता होरा होरशू की बाई के पास है। मान्यता है कि इस बाई के पानी के स्नान से चरम रोग से छुटकारा मिलता है। घाटी के अनेक लोग यहां पवित्र स्नान के लिए पहुंचते हैं। देवता ऋषि जमलू के कर्मिष्ठ धर्म चंद ने बताया कि मूर्ति के प्रकट होने के उपरांत देवता की आज्ञा अनुसार बाई वाले स्थान को साफ कर दिया गया है। आगे देवता के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई होगी।



ऋषि जमलू के स्थान से मात्र है 100 मीटर की दूरी।

### देवता होरा होरशू भगवान विष्णु का अंश

**मान्यताओं** के अनुसार देवता होरा होरशू भगवान विष्णु के अंश माने जाते हैं, जो भगवान विष्णु के शरीर के किसी भाग का अंश हैं। देवता का एक मुख्य स्थान हलाण प्रथम में विद्यमान है। लोगों की मान्यता अनुसार देवता का नया रथ बनाने के उपरांत बाई का प्रकट होना, मूर्ति का प्रकट होना देवता के ही चमत्कार हैं।

### रोड कटिंग का चल रहा है काम

जिस स्थान पर यह मूर्ति प्रकट हुई है, उस स्थान पर रोड की कटिंग का काम चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर कटिंग किए हुए काफी समय हो गया है। कटिंग के दौरान मूर्ति की उपस्थिति का किसी को पता नहीं चला। आज सुबह गांव की महिला द्वारा मूर्ति देखे जाने पर इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली। इसे भी लोग चमत्कार मान रहे हैं क्योंकि कथाचित मूर्ति काफी नीचे रही होगी। कटिंग के बाद यह स्थान सड़क के लिए उपयोग होना है। मूर्ति का एकाएक प्रकट होना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

# भारी भरकम भार से टूटा मंगलौर पुल

## खड्ड में गिरा ट्रक, कुल्लू-मंडी सीमा पर सीमेंट से भरे ट्रक के गुजरने से पेश आया हादसा

**शीला कौल, बंजार**

औट-बंजार-लुहरी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर शनिवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। मंडी और कुल्लू की सीमा पर स्थित मंगलौर पुल तड़के करीब साढ़े तीन बजे अचानक टूट गया। पुल उस समय टूटा, जब उस पर से एक सीमेंट से लदा भारी भरकम ट्रक गुजर रहा था। औट-बंजार-सैंज हाईवे -305 में आने वाले मंगलौर के पास मंगलौर खड्ड पर बना यह पुल 52 साल पुराना था और भारी भार से ध्वस्त हो गया है। सुबह करीब 3.30 बजे दस पहियों वाले क्लिंकर ट्रक का भार क्रंकीट पुल सहन नहीं कर पाया। सीमेंट मिक्चर वाला यह ट्रक पुल टूटने के बाद मंगलौर खड्ड में जा गिरा जिस कारण चालक घायल हुआ है।

इसके बाद एनएच में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। 12 घंटों के बाद वैकल्पिक मार्ग बनाकर एनएच से छोटे वाहनों की आवाजाही बहाल हो सकी। वहीं, डीसी कुल्लू ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सुबह-सवेरे पुल टूटने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सुबह जैसे ही लोग गाड़ियों में यहां पहुंचे तो दोनों तरफ वाहनों की लाइन लगना शुरू हो गईं। पर्यटकों और लोगों को जब कोई विकल्प नहीं मिला तो वे खड्ड में होकर ही जान जोखिम में डाल कर आर-पार होने लगे। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं सहित अन्य यात्रियों ने खड्ड जान जोखिम में पार की। हालांकि सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस भी मौके पर पहुंची। लोगों की सहायता में कर्मचारी जुट गए। लोगों की मुश्किल सुबह 10 बजे और बढ़ी तो वैकल्पिक मार्ग की तलाश शुरू हुई। सुबह 10 बजे चार मशीनें मौके पर पहुंची और वैकल्पिक मार्ग बनाया।

वहीं, दोपहर बाद उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश भी मौके पर पहुंची और उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि पुल काफी पुराना था, जो टूट गया है। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं, उन्होंने बताया कि नया पुल बनने तक वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**मंगलौर** पुल हादसे में ट्रक चालक के खिलाफ अब मंडी पुलिस की ओर से बालीचौकी में मामला दर्ज करवाया है। इसमें क्षमता से अधिक लोड ले जाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि घायल चालक को उपचार के लिए बंजार अस्पताल पहुंचाया गया है।

### बंजार के विधायक ने लिया घटनास्थल का जायजा

**बंजार** के विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया, साथ ही मार्ग बहाली कार्य को लेकर भी संबंधित राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्रबंधन को जल्द स्थाई समाधान निकालने का आग्रह किया।

### वैकल्पिक मार्ग बनकर तैयार : एसडीएम

**उधर,** एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने कहा कि युद्धस्तर पर कार्य कर वैकल्पिक मार्ग बन कर तैयार है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस वैकल्पिक मार्ग से वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।

### पर्यटकों को पंडोह से और शांघड़ से किया डायवर्ट

पुल टूटने के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इसके बाद प्रशासन ने वाहनों को पंडोह से वाया छतरी गाड़ागुशैणी होते हुए जिभी भेजा गया। इसके साथ ही कुछ वाहन जो औट से बंजार की तरफ निकले थे, उन्हें लारजी से सैंज घाटी के शांघड़ में भेजा गया। ऐसे में कई पर्यटक बंजार नहीं पहुंच पाए।

### जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया में लिखा

**वहीं,** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि विधानसभा क्षेत्र बंजार और सराज के बालीचौकी को आपस में जोड़ने वाले औट-लुहरी-रामपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 के ऊपर बने मंगलौर पुल के क्षतिग्रस्त होने से यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। मैंने सभी संबंधित अधिकारियों से बात कर निर्देश दिए हैं कि तत्काल अस्थायी निर्माण कर वैकल्पिक मार्ग बहाल किया जाए ताकि स्थानीय जनता और फंसे हुए पर्यटकों को कोई परेशानी न हो।

# कृषक विकास संघ थरास को सौंपी जल बहाव सिंचाई उप परियोजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण दो) जाइका- ओडीए के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू जिले की ओर से तहसील भुंतर के गांव थरास में जल वहाव सिंचाई परियोजना थरास का निर्माण कार्य पूरा होने पर यह उप परियोजना खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू ने परियोजना निदेशक डॉक्टर सुनील चौहान, हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण दो) जाइका- ओडीए, हमीरपुर, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) व जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉक्टर हेमराज वर्मा की उपस्थिति में कृषक विकास संगठन थरास को सौंपी गई। जाइका के तहत बनी इस योजना के निर्माण कार्य पर 82,91,588 रुपए खर्च किए गए।

इस योजना के तहत लगभग 35.57 हेक्टेयर भूमि को शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत 159 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इस मौके पर खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से खंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर गोपाल चंद भारद्वाज, निर्माण अभियंता भरत भूषण, कृषि अधिकारी सौरभ

**परियोजना के अंतर्गत होंगे 159 किसान परिवार लाभान्वित**

शर्मा, संजय कुमार, कनिष्ठ अभियंत्र शिवंकित धीमान, कृषि प्रसार अधिकारी कुमारी मोनिका सैनी व पर्यवेक्षक साहिल भारद्वाज उपस्थित रहे। इस उपलक्ष पर पंचायत रोट-2 पंचायत से पंचायत प्रधान राजेंद्र पाल शर्मा, कृषक विकास संगठन थरास से प्रधान प्रताप चंद, सचिव मति कल्पना देवी व अन्य गांववासी मौजूद रहे।

जाइका की परियोजना का मुख्य लक्ष्य फसल विविधकरण करके किसानों की आय में बढ़ोतरी करना है। कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी होने के कारण किसान फसलों की सही पैदावार नहीं ले पाते थे। जाइका के तहत ऐसे क्षेत्रों में पहले सिंचाई लाने के लिए कूहल का निर्माण किया जाना है तथा कूहल ने निर्माण के बाद किसानों को नकदी फसलों को उगाने के लिए प्रेरित करना है, जिससे किसानों को फसलों के अच्छे दाम मिले तथा अपनी आर्थिक स्तिथि में सुधार करें। इस सिंचाई योजना के बनने से किसानों कि आमदनी बढ़ेगी।

## पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लंबित मांगों की उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** पुलिस पेंशनर्स संघ आनी की एक बैठक पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह आनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अमर सिंह ने की। इस बैठक में कुल 10 सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान सदस्यों ने पूर्व लंबित मुद्दों को दोहराते हुए अपनी मांगों को फिर से सरकार के समक्ष रखने की बात कही। प्रमुख मांगों में 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) के एरियर की अदायगी, छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत बकाया राशि के भुगतान तथा पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के जल्द भुगतान की मांग शामिल रही। सदस्यों ने बताया कि पेंशनर्स को विशेष रूप से, डीए के एरियर और छठे वेतन आयोग के बढ़े हुए वेतनमान का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान न होने के कारण वरिष्ठ पेंशनर्स को अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वयं खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे वे आर्थिक दबाव में हैं। एसोसिएशन के महासचिव सूरज शर्मा ने कहा कि सरकार को इन लंबित बकाया राशि को जल्द से जल्द जारी करें, ताकि पुलिस पेंशनर्स को राहत मिल सके। सरकार यदि उनकी मांगों को अनदेखा करती है, तो पेंशनर्स आगे की रणनीति तय करने के लिए मजबूर होंगे।

## कोकसर, डिंफुक व रमथांग गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं : सचिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** कोकसर पंचायत के प्रधान सचिन मिरुपा ने कहा कि अटल टनल खुले चार साल से अधिक हो गए हैं, लेकिन कोकसर पंचायत में अभी भी सुविधाएं शून्य हैं। डिम्फुक, रमथांग और कोकसर के ग्रामीण हर साल तीन से चार महीने मूलभूत सुविधा से वंचित रह रहे हैं। गांव में न बिजली न ही सड़क और न ही संचार सुविधा उपलब्ध है। कोकसर गांव के समीप जकशंग नाले के भारी हिमखंड को पैदल पार कर और पीठ पर सामान उठा कर पहुंचना पड़ रहा है।

लोनिवि ने एक जेसीबी 40 से 60 फुट ऊंचे हिमखंड को हटाने के लिए लगा रखा जो नाकाफी हैम सचिन ने कहा कि निजी कंपनी की जेसीबी अपने बलभूते पर लगाई है। संचार व्यवस्था भी ठप पड़ी है। जनवरी महीने के ग्रामीणों के पलायन के बाद निजी टावर सहित बीएसएनएल टावर भी बंद पड़ा है। उधर, बिजली बोर्ड की माने तो तेलिंग कोकसर भूमिगत केबल लाइन में फाल्ट चल रहा है। प्रधान सचिन ने सरकार और प्रशासन से उक्त ग्रामीणों के लिए शीघ्र अति शीघ्र तीनों मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द बहाल करने की अपील की है। उधर, लोनिवि के अधिशाषी अभियंता पवन राणा ने बताया कि रविवार से एक अतिरिक्त मशीन जकशांग हिमखंड हटाने के लिए भेजी जाएगी और शीघ्र अति शीघ्र संपर्क मार्ग बहाल किया जाएगा। बिजली बोर्ड 33 केवी के सहायक अभियंता रजत ने बताया कि कोकसर से रोहतांग लाइन दुरुस्त है और मनाली से मढ़ी तक भी लाइन ठीक पाई गई है। मढ़ी और रोहतांग के बीच की खराब लाइन को ठीक करने के लिए मौसम अनुकूल रहने पर मनाली टीम का साथ उनकी टीम भी देगी और जल्द कोकसर वासियों के लिए बिजली बहाल कर दी जाएगी।

# 29 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के लंकाबेकर में भुंतर के दो युवकों को 29 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने सूचना के आधार पर योजना के अनुसार लंका बेकर स्थित किराये के मकान में दबिश दी, जहां से टीम ने दो व्यक्तियों को 29 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।

टीम ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि टीम में इंस्पेक्टर गगन सिंह, एचसी सारंग, एचएचसी नितेश, कांस्टेबल दिनेश गिर, कांस्टेबल अशोक शामिल थे। टीम ने आरोपी प्रेम चंद (35) पुत्र ढाले राम गांव दियार धार डाकघर दियार तहसील भुंतर जिला कुल्लू तथा रमन कुमार (25) पुत्र रतन चंद वीपीओ पिपलागे तहसील भुंतर जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आगामी जांच के लिए मामला कुल्लू थाना के सुपुर्द किया गया है।



लंकाबेकर में भुंतर के दो युवकों से चिट्टा बरामद किया गया।

# स्वामी आलोकानंद करवा रहे ध्यान प्रविधियों का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया, जो परमहंस योगानंद महाराज द्वारा स्थापित विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्था कुल्लू में भुंतर स्थित दियार रोड़ वर्मा कॉटेज में 12 व 13 अप्रैल को दो दिवसीय आध्यात्मिक शिविर का आयोजन कर रही है। इस शिविर में सोसयटी के दो संन्यासी स्वामी आलोकानंद तथा ब्रह्मचारी एकत्वानंद प्रतिभागियों को जीवन में योग, ध्यान और आध्यात्मिक अनुशासन की महत्ता पर प्रवचन कर रहे हैं।



सन्यासी स्वामी आलोकानंद ने कहा कि हम इंटरनेशन योगा डे मना रहे हैं। भुंतर में हम योग की प्रवृत्तियां बता रहे हैं, जो विज्ञान प्रबितियां हैं। उन्होंने कहा हम राजयोग सीखते हैं। मेडिटेशन जो क्रिया योग है, भारत की असिएंट साइंस हैं। उन्होंने कहा आज का युवा अपने रास्ते से भटक रहा है। योग ही

**योगदा सत्संग सोसायटी, भुंतर में करवा रही आध्यात्मिक शिविर का आयोजन**

एक ऐसा मार्ग है, जो भटके हुए को राह दिखाता है। स्वामी लोकानंद बताते हैं कि परमहंस योगानंद द्वारा विकसित क्रियायोग के सिद्धांतों पर आधारित ध्यान प्रविधियों का अभ्यास प्रतिभागियों को करवा रहे हैं।

शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को आंतरिक शांति, आत्मज्ञान तथा ईश्वर साक्षात्कार को जीवन का उद्देश्य बनाने तथा आध्यात्मिक उन्नयन की ओर प्रेरित करना है। योगदा सत्संग ध्यान मंडली कुल्लू के को-ऑर्डिनेटर अनूप कटोच ने सभी से आग्रह किया है कि हमारी सतसंत मंडली में सदस्यता ग्रहण कर मानव जीवन को सफल बनाने के गुर सीखें।

# सुख आश्रय के बच्चों का विधायक ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत बिलासपुर जिले से आए 17 बच्चे दो दिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण के लिए लाहौल पहुंचे। स्थानीय विधायक अनुराधा राणा ने बच्चों का स्वागत किया और उनके साथ संवादकर उनकी भावनाओं, जरूरतों और भविष्य की योजनाओं को जाना। विधायक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना बच्चों को सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक अनुराधा राणा ने मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाहौल-स्पीति जिला के अंदर भी जिन दो बच्चों की पहचान अनाथ के रूप में हुई है, उन्हें योजना के तहत तुरंत लाभान्वित किया जाए, साथ ही उन्होंने इस योजना की



**शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक दो दिवसीय भ्रमण के लिए लाहौल पहुंचे हैं बच्चे**

जानकारी पंचायत स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा लाभ से वंचित न रह जाए।

भ्रमण के पहले दिन बच्चों ने लाहौल-स्पीति के प्रसिद्ध उदयपुर मंदिर और त्रिलोकीनाथ मंदिर के दर्शन किए। बच्चों ने इन धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के महत्व को समझा और लाहौल की सांस्कृतिक विरासत से परिचित हुए। यह यात्रा बच्चों के लिए एक शैक्षणिक अनुभव रही, जिसमें उन्हें प्रदेश के एक भौगोलिक रूप से कठिन लेकिन समृद्ध सांस्कृतिक क्षेत्र को देखने और समझने का अवसर मिला। इस आयोजन में सहयोग कर रहे विभागीय अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया गया।

# अपने पद से इस्तीफा दें आत्मा राम व सेसराम ठाकुर : गुलशन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा है कि पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में मालरोड शिमला में हुई धक्का-मुक्की से तथाकथित कर्मचारी नेताओं का असली चेहरा सामने आया है। उन्होंने कहा कि सिविल पेंशनर एवं वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा और कुल्लू जिला अध्यक्ष सेसराम ठाकुर को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के शिमला और कुल्लू के अध्यक्ष हिमाचल के सभी पेंशनर्स का विश्वास खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस एसोसिएशन की अंदरूनी कलह ही इन लोगों को ले डूबेगी। वहीं, उन्होंने कहा कि कुल्लू में तो सेसराम ठाकुर ने चुनाव में सारी हदें ही पार कर दी हैं। वह चुनाव में संवैधानिक प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाकर खुद ही स्वयंभू अध्यक्ष बने हैं। यदि कुल्लू में पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के तथाकथित अध्यक्ष सेसराम ठाकुर असली अध्यक्ष हैं, तो उन्होंने हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ द्वारा तलब किया गया, उनके चुनाव का रिकॉर्ड आज तक पेश क्यों नहीं किया। गुलशन ने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि ये लोग फर्जी अध्यक्ष हैं।

**मांग** सड़कों की खस्ताहाल को लेकर एक्सईएन से मिला जंन संघर्ष मंच बुच्छैर का प्रतिनिधिमंडल

# क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को जल्द किया जाए दुरुस्त : मंच

**सीआर शर्मा, निरमंड**

आनी के बुच्छेर लढागी क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को लेकर जन संघर्ष मंच बुच्छेर का एक प्रतिनिधिमंडल एक्सईएन निरमंड मनोज भारद्वाज से मिला और उन्हें क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों से अवगत कराकर उन्हें जल्द सुधारने की मांग उठाई।

जन संघर्ष मंच के संयोजक पदम प्रभाकर और पंचायत समिति सदस्या बुच्छेर रंजना ठाकुर ने बताया कि सड़कों की दशा को सुधारने चार माह पहले पंचायतों और जनता की तरफ से विभाग को मांग पत्र दिया था, जिसमें अधिशाषी अभियंता निरमंड ने आश्वासन दिया था कि अप्रैल मई माह में कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से टेंडर व रिटैंडरिग की मांग हुई थी। कुछ डंगों, कलबट



और रेलिंग ब पैरापिट आदि कार्य प्रमुख थे। इन पर कोई कार्रवाई न होने के कारण हाल ही में जन संघर्ष मंच ने फिर से रिमांडर देकर लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई है।

इन कार्यों में जाओं से लढागी रिटेंडरिंग की एप्रूवल देकर शीघ्र कार्य करवाना, इसमें पड़े गड्ढों को तुरंत भरना और निकासी पूरी करना। लढागी से तराला सड़क मे टेंडर के तहत काम मे तेजी लाते हुए पहले निकासी और गड़का बिछाना, विभाग द्वारा चिन्हित स्थानों पर डंगे लगाना, जुहाट, शिलापानी सलैब कलबट,जानटु आगे परेआ घसाल स्लाइड प्वाइंट चिन्हित करना व दुर्घटनाग्रस्त स्थानों पर तुरंत कलबट या रेलिंग लगाना। जाओं बान मोड, जाओं मोड़, नाली मोड़, सनाह से रूमाली मोड़, रखाईधार, पानबी मोड़, जीरो प्वाइंट से खादबी शोहण सड़क को पूरी तरह दुरुस्त करके जनता को समर्पित करना, रखाईधार से डीम सड़क मे चिन्हित स्थानों पर डंगे लगाकर सड़क को ठीक करके जल्द पास करना आदि प्रमुख हैं। इन सभी मांगों को लेकर लोक निर्माण विभाग डिवीजन निरमंड के अधिशाषी अभियंता मनोज भारद्वाज ने प्रतिनिधिमंडल का इन सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने खादबी शौहण और डीम सड़क को ठीक कर इसे मई महीने में जनता को समर्पित करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इन मांगों पर यदि अमल न हुआ तो क्षेत्र की जनता विभाग के मंडल कार्यालय के बाहर 24 घंटे की निश्चित हड़ताल पर बैठेंगे। (अनंत ज्ञान)

# रेकी हीलिंग प्रक्रिया शारीरिक-मानसिक आध्यात्मिक चेतना का समग्र माध्यम : छवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू-मंडी जिले की सीमा पर स्थित बजौरा रोपा में शनिवार को रेकी हीलिंग प्रक्रिया से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर रेकी हीलिंग की प्रमुख छवि ठाकुर ने शिविर में आए प्रतिभागियों को रेकी हीलिंग के संदर्भ में बताया कि रेकी हीलिंग प्रक्रिया जापान से निकली है, जिसके मुख्य जनक मकाउ द्वारा वर्ष 1925 में इसकी खोज की थी।

इसके बाद धीरे-धीरे रेकी हीलिंग पूरे विश्व में फैल गई। भारत में भी इस प्रक्रिया को अपनाने वाले लोग भारी संख्या में हैं। उन्होंने कहा कि रेकी हीलिंग सात चक्र के साथ जुड़ी हुई है। सात चक्र प्रक्रिया को करने से शारीरिक, मानसिक तनाव व अन्य व्याधियों से मुक्ति मिलती है। वहीं, अध्यात्म के साथ भी सीधा जुड़ाव होता है। उन्होंने प्रतिभागियों को रेकी हीलिंग की विभिन्न प्रक्रिया से व्यावहारिक तौर पर अवगत करवाया।



रोपा के ओशो फ्रेंड्स होम में आयोजित शिविर में पंजाब से भी प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जबकि ओशो फ्रेंड्स होम रोपा के संचालक व शिविर के संयोजक केशव ठाकुर ने बताया कि रेकी हीलिंग से संबंधित शिविरों का आयोजन रोपा के अलावा जिला के विभिन्न इलाकों में भी आयोजन किया जाएगा।

छवि ठाकुर का कहना है कि वह आने वाले समय में रेकी के विषय में लोगों को जागरूक करने के संदर्भ में हिमाचल में शिविरों का आयोजन करेंगे। हालांकि रेकी हीलिंग की प्रशिक्षक छवि ठाकुर दिल्ली में रहती हैं, लेकिन वह स्थायी तौर पर हिमाचल की निवासी हैं, ऐसे में इनका पूरा ध्यान हिमाचल पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### 636 ग्राम गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पावंटा।** पुलिस थाना पुरुवाला के तहत रामपुरघाट की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहित कुमार पुत्र भूरा निवासी कुंजा मतरालियों में बंगाला बस्ती में मोहित कुमार के रिहायशी मकान में दबिश देकर, मोहित कुमार के कब्जे से 636 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिस पर पुलिस थाना पुरुवाला में आरोपी मोहित के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। उपयोग का अन्वेषण जारी है।

### हनुमान जयंती की विधायक सोलंकी ने दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हनुमान जयंती का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिरमौर जिले के नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने सिरमौर जिले के समस्त निवासियों और प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने शुभकामना संदेश में विधायक अजय सोलंकी ने भगवान हनुमान के शौर्य, भक्ति और सेवाएं भाव का स्मरण करते हुए कहा कि बजरंगबली शक्ति और समर्पण के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें निष्ठा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि हनुमान की कृपा सभी पर बनी रहे और सबके जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास हो। इस पवित्र अवसर पर विधायक सोलंकी ने विशेष रूप से हिंदू-मुस्लिम भाईचारे पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे हनुमान के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। विधायक अजय सोलंकी ने विश्वास व्यक्त किया कि भगवान हनुमान की कृपा से प्रदेश में हमेशा अमन और खुशहाली बनी रहेगी।

### सुक्खू सरकार नहीं बना पाई एक भी नई पंचायत : रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश में 403 नई पंचायतों का गठन किया था, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल में एक भी नई पंचायत का गठन नहीं कर पाए हैं जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रावत ने बताया कि भाजपा नेता जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता प्रदेश की जनता को सिर्फ और सिर्फ झूठी गारंटी देते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज मंत्री ने भी प्रदेश की जनता को नई पंचायतें बनाने की गारंटी दी थी, लेकिन यह गारंटी भी उनकी झूठी साबित हुई है, क्योंकि इसी साल दिसंबर में पंचायतों के चुनाव होना प्रस्तावित है। हमने भी अपनी पंचायत सांगना को अलग करने के लिए उपायुक्त जिला सिरमौर के माध्यम से सरकार को प्रस्ताव भेजा था। हमारी पंचायत की जनसंख्या दो हजार से अधिक है और पंचायत का क्षेत्रफल भी पांच किलोमीटर से अधिक है लेकिन इसके उपरांत भी हमारी पंचायत अलग नहीं हो पाएगी, ऐसी और भी बहुत सारी पंचायतें हैं जो झूठी गारंटी की भेंट चढ़ गई हैं।

### स्प्रिंग शेड परियोजना के अंतर्गत दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नाबार्ड एवं अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग द्वारा संचालित स्प्रिंग शेड परियोजना के अंतर्गत गांव बाजन में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंबुजा फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक हरि कृष्ण शर्मा ने उपस्थित लोगों को भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारा भूमिगत जल स्तर दिन- प्रतिदिन कम होता जा रहा है। यदि समय पर इसका उचित रखरखाव नहीं किया गया तो यह एक दिन समाप्त हो जाएगा। शर्मा ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से लोगों को वर्षा जल को संग्रहण करने की विभिन्न तकनीकों जैसे ट्रेंचिंग, मेडबंदी, पौधरोपण, खाल आदि बनाने के बारे में लोगो को बताया। जलशक्ति विभाग से विशेष रूप से उपस्थित बीआरसी जयदेव ने जल से स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया और मौके पर ही विभिन्न गांव से लाए हुए पानी के 10 नमूनों की जांच की। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत 5 गांव के लोग लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें जल संरक्षण की विभिन्न गतिविधियों को किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के प्रधान बाबू राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि हमें अपने पानी के स्रोतों को बचाने की लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। उनके अलावा आसपास के 5 गांव के लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।

# बारिश ने दिलाई ड्राई स्पेल से निजात

## सोलन में वर्षा से तापमान में आई गिरावट, किसान-बागवान हुए खुश

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेशभर में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश और ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी का दौर चल रहा है। मौसम के बदलाव का असर जिला मुख्यालय सहित उप-नगरों में भी देखने को मिला। जहां शनिवार को सोलन में जोरदार बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई, साथ ही मौसम भी सुहाना हो गया। इससे लोगों को ड्राई स्पेल से निजात मिलेगी साथ ही पेयजल स्रोतों का जल स्तर भी बढ़ेगा। बारिश से किसान बागवानों के लिए संजीवनी का काम करेगी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 20.0-22.0 डिग्री सेल्सियस और 5.0 से 7.0 के बीच रहेगा। पर्यावरण में हवा की गति उत्तर पूर्व दिशा में 6-9 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच


सोलन में बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दिलाई जिससे किसान-बागवान खुश हुए।

रहेगी, जबकि सापेक्षित आर्द्रता 61-85 प्रतिशत के बीच रहेगी। डॉ.वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने मौसम बुलेटिन में कहा है कि आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

इस दौरान जहां ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा, वहीं निचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वैज्ञानिकों ने लोगों को सलाह दी है कि गरज और बिजली गिरने से सावधानियां बरतें। किसानों को सलाह दी है कि वे खुले मैदानों में जाने से बचें और ऊंचे पेड़ों और अन्य वस्तुओं से दूर रहें।

वर्षा की संभावना के कारण सिंचाई स्थगित कर दें। किसानों को सलाह दी कि वे खेत में कीटों के हमले के खिलाफ सब्जियों की फसलों की नियमित रूप से निगरानी करें। किसान वर्षा होने के बाद फसलों पर छिड़काव करें। किसान कृषि मौसम संबंधी सलाह के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मेघदूत ऐप का उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि पीला रतुआ रोग के प्रति गेहूं की फसल की नियमित निगरानी करें। यदि संक्रमण दिखे तो वर्षा होने के बाद उसे नियंत्रित करने के लिए अनुशंसित मात्रा में कीटनाशक का छिड़काव करें।

इसी तरह गोभी उत्पादक किसान परिपक्व फसल की कटाई करें। वैज्ञानिकों ने लहसुन उत्पादक किसानों को सलाह दी है कि लहसुन को बैंगनी धब्बा रोग से बचाने के लिए फसल की नियमित रूप से निगरानी करें। यदि संक्रमण दिखे तो वर्षा होने के बाद उसे नियंत्रित करने के लिए अनुशंसित मात्रा में कीटनाशक का छिड़काव करें, जबकि पशुपालन व्यवसाय से जुड़े किसानों को सलाह दी है कि वे छोटे बछड़ों को रात के समय बोरे से ढककर ठंड से बचाएं और दिन के समय थोड़ी धूप में रखें। उन्होंने किसानों-बागवानों का आह्वान किया है कि वे वैज्ञानिकों की सलाह के अनुरूप ही कृषि एवं बागवानी कार्य करें। (अनंत ज्ञान)

# गेहूं की फसल को काटने के लिए किसानों को नहीं मिल रहे मजदूर

**भूपेंद्र चंदेल, बद्दी**

प्रदेश के गर्म एरिया में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार हो चुकी है, लेकिन किसानों को कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। इस कारण से अब तक गेहूं खरीद केंद्रों में कोई किसान फसल बेचने के लिए नहीं पहुंच पाया है। बीबीएन में इस बार सात हजार हेक्टेयर जमीन पर गेहूं की फसल लगाई गई है। मैदानी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा होने से यहां पर गेहूं की अच्छी पैदावार है, लेकिन दून व नालागढ़ के पहाड़ी क्षेत्रों में गेहूं की उपज काफी कम है।

पहले बिहार राज्य से गेहूं की कटाई के लिए मजदूर आते थे,, लेकिन अब उत्तर प्रदेश और बिहार में नए उद्योग लगने से मजदूर आने बंद हो गए हैं, इससे किसानों को अनट्रेंड लेबर से गेहूं कटानी पड़ रही है। उधर, कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. संदीप गौतम और कृषि विकार अधिकारी डॉ. भोपाल ठाकुर ने बताया कि इस बार मैदानी क्षेत्र में गेहूं की पैदावार अच्छी है, लेकिन किसानों को कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे। गेहूं पकने पर अब किसानों को अपनी फसल एकत्रित करने के लिए दिन-रात एक करनी पड़ती है। फसल कटाई के लिए मजदूर न मिलने से अब किसानों को अनट्रेंड मजदूरों को अब उनके स्थान से लेने व छोड़कर आना पड़ता है और यह लेबर केवल आठ घंटे कार्य करती है। यह मजदूर 650 रुपए दिहाड़ी ले रहे हैं।

**छोटी कंबाइन मशीन पर अनुदान देने की मांग :** नंदपुर के किसान सौढ़ी राम, डूमनवाला गांव के अमर चंद ठाकुर, खेड़ा के राजेंद्र सैणी, श्याम लाल, सनेढ़ के देवेंद्र सिंह, राम गोपाल नेगी आदि ने छोटी कंबाइन मशीन पर अनुदान देने की सरकार से मांग की है। मशीन से कटाई करने पर किसानों को गेहूं बांधने व थ्रेसिंग करने की जरूरत नहीं रहती है। (अनंत ज्ञान)

### मशीन से प्रति किलो तीन हजार खर्च

कंबाइन में ढाई से तीन हजार रुपए प्रति किलो खर्च आता है, जबकि थ्रेसिंग करने के लिए पहले गेहूं की कटाई करनी पड़ती है। उसके बाद उसे बांधना पड़ता है। बाण भी अब 40 रुपए किलो हो गया है। थ्रेसिंग करने पर 11 कनस्तर मालिक के और 12वां कनस्तर थ्रेसिंग करने वाले का होता है। एक एकड़ में 12 हजार रुपए खर्चा आता है। इससे उत्पादन लागत काफी बढ़ जाती है।

# पांवटा साहिब में डंपरों की ओवर स्पीड से जनता त्रस्त, प्रशासन मौन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गुरु की नगरी पांवटा में यमुना नदी से बेखौफ हो रहे अवैध खनन और डंपरों की ओवर स्पीड से जनता त्रस्त है, जबकि प्रशासन मौन बैठा है। डंबर चालक दिनदिहाड़े ही अवैध खनन को अंजाम दे रहे हैं, पर प्रशासनिक तौर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आलम यह है कि करीब एक हजार ट्रैक्टर बिना नंबर के ओवरलोड और ओवर स्पीड से पुलिस के सामने दौड़ाए जा रहे हैं, पर पुलिस आंखे मूंदे बैठी है। बीती रात बाता नदी में गिरा डंपर भी ओवरलोड था जो कि ओवर स्पीड भी बताया जा रहा है।

डंपरों की मनमानी से यमुनानगर से पांवटा साहिब आने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कतें पेश आती हैं। शहर में रात आठ बजे बाद डंपरों से होने वाले तांडव से आम जन परेशान है और प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही या नीति बनाने में नाकामयाब साबित हो रहा है। बहराल के पास एक टाइल्स से लदा हुआ ओवरलोड ट्रक पलट गया, जिससे 12 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा। देर रात्रि को एक अन्य डंपर बाता नदी में समा गया। वह भी तीव्र गति से दौड़ रहा था। देखने में तो यह भी आ रहा है कि अब लोगों ने अपने रिश्तेदारों को जो कि पड़ोसी राज्यों में रहते हैं, पांवटा में आने को मना कर रखा है। यह भी बोल दिया है कि शाम 7 बजे तक आ जाया करो, अन्यथा यहां पर प्रशासन नामक कोई चीज ही नहीं है। देखने में तो यह भी आया डंपर चालक एंबुलैंस तक को साइड नहीं देते हैं। ओवर स्पीड से डंपर लोगों के घरों तक में घुस जाते हैं।


ओवर स्पीड से हादसे का शिकार हुआ डंपर।

प्रशासन की चुप्पी और नाकामी के कारण हिमाचल प्रदेश के पर्यटन पर भारी असर पड़ रहा है, जिससे सरकार का और व्यापारियों का नुकसान हो रहा है। देर रात को लोगों ने घर से निकलना बंद कर दिया है। यह भी गौर रहे कि इन बाहरी राज्य के डंपर मालिकों एवं क्रशर मालिकों द्वारा सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

# अक्षय ऊर्जा को एकीकृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**अनंत ज्ञान,सोलन**



### नौणी विवि में सौर ऊर्जा चालित कोल्ड स्टोरेज इकाई का उद्घाटन

कृषि अवसंरचना के साथ अक्षय ऊर्जा को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में सौर ऊर्जा से चलने वाली मॉड्यूलर कोल्ड स्टोरेज इकाई का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा का उद्घाटन विद्धश के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने किया और इसे जीआईजेड इंडिया के सतत कृषि प्रणालियों एवं नीतियों पर वैश्विक कार्यक्रम (एजीएसवाईएस) के सहयोग से विकसित किया गया है।

स्थापना और कमीशनिंग कूल क्रॉप्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विवि के शोधकर्ताओं से तकनीकी और वैज्ञानिक इनपुट के साथ की गई। इस कार्यक्रम में एजीएसवाईएस के परियोजना निदेशक कैथे ब्रखान के नेतृत्व में जीआईजेड जर्मनी और भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। फसल अनुकूलता के आधार पर साल भर चलने वाले, बहु-फसल भंडारण को सहारा देने के लिए डिजाइन की गई मॉड्यूलर कोल्ड स्टोरेज इकाई उपयोगकर्ता के अनुकूल और आर्थिक रूप से टिकाऊ है। तीन स्वतंत्र कक्षों में 12 मीट्रिक टन की कुल क्षमता के साथ, यह सुविधा सौर ऊर्जा के प्राथमिक स्रोत के साथ कई पावर बैकअप विकल्प प्रदान करती है। इसमें थर्मल बैकअप भी है। मानसून या कम धूप की स्थिति के दौरान उपयोग के लिए ग्रिड कनेक्टिविटी का विकल्प भी प्रदान किया गया है। प्रत्येक कक्ष व्यक्तिगत रूप से तापमान और रेलटिव ह्यूमिडिटी नियंत्रित होता है और आर्टिफिशल इंटेलिजन्स सक्षम रिमोट डेटा मॉनिटरिंग से सुसज्जित है।

इस अवसर पर प्रो. चंदेल ने निरंतर समर्थन और साझेदारी के लिए जीआईजेड टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के बुनियादी ढांचे से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है, खासकर पहाड़ी इलाकों में जहां भंडारण और परिवहन बड़ी चुनौतियां हैं। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने जीआईजेड प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और विश्वविद्यालय और जीआईजेड द्वारा विभिन्न सहयोगी परियोजनाओं के बारे में जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान, कैथे ब्रखान ने एजीएसवाईएस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। एप्पल वैल्यू चेन के टीम लीडर शशि कुमार ने सेब मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में ग्रीन इनोवेशन सेंटर की भूमिका के बारे में बात की, जबकि खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के हेड डॉ. राकेश शर्मा ने कोल्ड स्टोरेज इकाई के विकास में विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक सिफारिशों को शामिल करने के लिए प्रशंसा व्यक्त की।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर इसाबेल रेनर, अन्ना हेनेके, एलिसा रोमानैटो, रेजिना सांचेज़ (जीआईसी परियोजना निदेशक, भारत), उमेश कुमार, कूल क्रॉप्स प्राइवेट लिमिटेड से श्रीनिवास, तथा खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संकाय और विवि के वैधानिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक खाई में गिरी युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बीती रात नेशनल हाईवे चंडीगढ़- देहरादून पर गोशाला के नजदीक एक बाइक नंबर एचआर 01-एवाई-2195 के अचानक अनियंत्रित होकर करीब 30 फुट गहरी खाई में में जा गिरी। इस हादसे में एक 20 वर्षीय युवक जो कि बाइक चला रहा था, की मौत हो गई जबकि 1 अन्य घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज नाहन रवाना किया। जिले के एएसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि हादसे में मौत का शिकार हुए युवक को पहचान संजय कुमार पुत्र शिव नारायण, नाहन हाउस, कैथ माजरी, अंबाला सिटी हरियाणा के रूप में हुई है। एएसपी ने बताया कि संजय की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। लाश का पोस्टमार्टम करवाकर उसके वारिशों को सौंप दिया है। बाइक पर पीछे सवार सुमित कुमार पुत्र हीरा लाल निवासी अंबाला सिटी भी घायल हुआ है। सुमित बयान पर मामला दर्ज किया गया है।

# शिरगुल देवता के नाम पर मनाया जाने वाला राजगढ़ बैसाखी मेला आज से

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ का बैसाखी मेला प्रदेश के प्रसिद्ध प्राचीन मेलों में से एक है। बैसाख मास की संक्रांति को इसका आयोजन होने से इसका नाम बैसाखी मेला पड़ा है, जबकि पंजाब में मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व से इस मेले का कोई सरोकार नहीं है। राजगढ़ शहर के अस्तित्व में आने से पहले यह मेला कूफरधार में मनाया जाता था, तदोपरांत इस मेले को राजगढ़ के साथ लगते सरोट के टिले पर मनाया जाने लगा, जहां पर राजगढ़ के लाला मनसा राम द्वारा छोटा सा शिरगुल मंदिर बनाया गया था।

राजगढ़ शहर के अस्तित्व में आने के उपरांत इस मेले को बीते करीब पांच दशक से नेहरू ग्राउंड में मनाया जा रहा है। बुजुर्गों का कहना है कि कालान्तर से ही राजगढ़ मेला पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए मनोरंजन का एक मात्र साधन हुआ करता था। उनका कहना था कि लोग सरोट के टिब्बे पर शिरगुल मंदिर में नमन करने के साथ मेले का भी भरपूर आनंद उठाते थे। गौर रहे कि इस क्षेत्र के अराध्य देव शिरगुल का प्रार्दुभाव राजगढ़ से लगभग 17 किलोमीटर दूरी पर शाया छबरोण और तपस्थली चूड़चांदनी पर्वत माने जाते हैं। शिरगुल को भगवान शिव का अंशावतार माना जाता है ।

प्रदेश सरकार द्वारा इसे जिला स्तरीय बैसाखी मेले का दर्जा दिया गया है। हर वर्ष यह मेला बैसाख मास की संक्रांति से आरंभ होकर तीन दिन तक चलता है। मेले का शुभारंभ राजगढ़ शहर में स्थित शिरगुल देवता के मंदिर में पारंपरिक पूजा से होता है। मेले के पहले दिन शहर में शिरगुल देवता की पालकी पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पूरे शहर में निकाली जाती है। मेले को आकर्षक बनाने के लिए मेला समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया गया है। मेले के अंतिम दिन 16 अप्रैल को विशाल दंगल होगा जिसमें उत्तरी भारत के नामी पहलवान भाग लेंगे।

# मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के कोठों स्थित एकीकृत मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पुनर्वास केंद्र (आईएमडीआरसी) मानव मंदिर में आज मस्कुलर डिस्ट्रॉफी तथा संबद्ध आनुवंशिक विकार विषय पर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (आईएएमडी) द्वारा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित की गई। यह जानकारी आईएएमडी. की अध्यक्ष संजना गोयल ने दी।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों के खान-पान एवं रहन-सहन को बेहतर बनाने एवं अन्य सम्बद्ध विषयों पर सारगर्भित चर्चा करना था। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के उपचार में आधुनिक प्रगति, जीएनई मायोपैथी के उपचार में नई तकनीक, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के उपचार में नवीन अनुसंधान, दुर्लभ रोगों के विषय में सरकार के अभिनव प्रयास सहित अन्य विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। संजना गोयल ने कहा कि कार्यशाला में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोग के समग्र प्रबंधन तथा इस रोग के उपचार में परिवार तथा समुदाय के सहयोग के संबंध में गहनता से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में इस रोग से पीड़ितों के पुनर्वास पर चिकित्सीय रणनीति भी तैयार की गई।


मस्कुलर डिस्ट्रॉफी तथा संबद्ध आनुवंशिक विकार विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस कार्यशाला में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, दिल्ली, भोपाल, बिलासपुर तथा जोधपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान कोलकाता, सर गंगा राम अस्पताल नई दिल्ली, जीएचजी बेंगलुर, ग्रो लैब तथा आशिका विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थानों के चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में आईसीएमआर. की डॉ. रुचि सिंह और एम्स नई दिल्ली की प्रो. डॉ. शैफाली गुलाटी ने ऑनलाइन भाग लिया। सीडीएफडी हैदराबाद डॉ. अश्विन दलाल, एम्स बिलासपुर के डॉ. आशीष शर्मा, पीजीआई. चंडीगढ़ की डॉ. रेणु सुथर, एम्स जोधपुर के डॉ. लोकेश सेणी, एम्स भोपाल की डॉ. अनुराधा दिवाकर, सीएचजी बेंगलुरु के डॉ. संजीवा जीएन, सर गंगा राम अस्पताल के डॉ. समीर भाटिया, एम्स दिल्ली के डॉ. गौतम कामिला, स्वावलम्बन फाउंडेशन राजस्थान डॉ. वैभव भंडारी और भरथ एम.डी. फाउंडेशन हैदराबाद के मुरली चेतलपल्ली सहित अन्य विशेषज्ञों ने विषयवार जानकारी प्रस्तुत की।

# बारिश की आड़ में अश्वनी खड्ड में छोड़ा सीवरेज, बीमारी फैलने का खतरा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बारिश की आड़ में शिमला क्षेत्र से सोलन की तरफ बहने वाली अश्वनी खड्ड में सीवरेज छोड़े जाने से शहरवासियों को बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। एक-दो दिन से अश्वनी खड्ड में साधुपुल में प्रदूषित और बदबूदार पानी बहता हुआ पाया गया। ज्ञात रहे कि अश्वनी खड्ड से सोलन के लिए पेयजल की लिफ्टिंग होती है, ऐसे में विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, अश्वनी खड्ड को प्रदूषित करने और लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ऐसे लोगों के होंसले बुलंद हैं। हैरानी की बात यह है कि यही पानी फिल्टर कर लोगों के घरों में पीने के लिए भेजा जा रहा है, जो काले झाग और बदबू वाला पानी बहता दिख रहा है, वहीं अब शुद्ध जल के नाम पर सोलन के नागरिकों के गिलासों में उतर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति के लिए शिमला से खुलने वाले सैप्टिक टैंक जिम्मेदार हैं, जिनसे यह नदी पूरी तरह दूषित और जहरीली हो गई है। प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही ने लोगों के जीवन और स्वास्थ्य को बड़ा खतरा बना दिया है।

# शूलिनी विवि में अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ाने के लिए टेलिस्कोप का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने एस्ट्रोवर्स के आधिकारिक शुभारंभ के साथ छात्र-नेतृत्व वाले विज्ञान और अंतरिक्ष अन्वेषण में एक नई शुरुआत की। एक नया छात्र अंतरिक्ष क्लब जो तारों को देखने, खगोल फोटोग्राफी और अनुसंधान पर केंद्रित है। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र टीम द्वारा एस्ट्रोवर्स के परिचय के साथ हुई। क्लब का नेतृत्व तरनवीर कौर कर रही हैं, जिसमें मुख्य सदस्य अर्घ्य प्रतिम घोष और कार्तिकेय अग्रवाल हैं। क्लब के विजन के हिस्से के रूप में, आकाश अवलोकन और अंतरिक्ष से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दूरबीन का उद्घाटन किया गया। स्काईवॉचिंग सत्र का नेतृत्व कार्तिकेय अग्रवाल ने किया, जिन्होंने छात्रों को उनके पहले दूरबीन अनुभव के माध्यम से मार्गदर्शन किया। यह पहल डॉ. आशू खोसला, चीफ लर्निंग ऑफिसर और प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के साथ-साथ उनकी टीम के सदस्यों विपुल और पूजा वर्मा के साथ संभव हुई। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यशाला नासा और सुपरनोवा के सहयोग से आयोजित की गई थी। प्रो. सामदु छेत्री निदेशक, योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड हैप्पीनेस और प्रो. नीरज गंडोत्रा डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दूरबीन का अनावरण था, जिसे प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा और डॉ सामदु छेत्री ने किया। इसके बाद दूरबीन का प्रदर्शन किया गया। शाम का समापन आगामी कार्यक्रमों की घोषणा के साथ हुआ।

# छह माह से कोई भी भुगतान न होने पर कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बीबीएन कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने पिछले 6 माह से भुगतान न होने से रोष जताया। ठेकेदारों ने एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है, जिसमें बीबीएन के ठेकेदारों ने कहा कि अगर 20 अप्रैल तक उनके पेमेंट का भुगतान नहीं हुआ तो वे सभी काम बंद कर देंगे और लोनिवि के सामने धरना-प्रदर्शन करेंगे और आमरण अनशन पर भी बैठेंगे। धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी बकाया राशि नहीं मिलती है। एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान ठाकुर ने बताया कि वैसे तो पिछले करीब एक साल से विभाग की ओर से बिलों में देरी हो रही है और अब पिछले 6 माह से कोई भी भुगतान नहीं हुआ है। बीबीएन से कई करोड़ रुपए के बिल ठेकेदारों के विभाग में लंबित पड़े हैं। अब नौबत यह आ गई है कि बिना पैसा काम पूरे करने कठिन हो गया है। एसडीएम नालागढ़ ने ठेकेदारों को उनके ज्ञापन को डीसी के माध्यम से सरकार को भेजने की बात कही।

**फायदा** आवेदकों ने जरूरतमंदों के लिए योजना चलाने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से साकार हुआ जीतो की बेटियों के विवाह का सपना

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के कल्याण हेतु विभिन्न कल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाएं चलाई गई हैं, जिसका लाभ प्रदेश के लोगों को किसी न किसी रूप में प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा 51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा रही है। इस योजना के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन व्यतीत कर रहे बहुत से पात्र परिवारों की बेटियां लाभान्वित हो रही हैं।

ऐसी ही एक लाभार्थी जीतो देवी पत्नी स्व. गुरमेल सिंह जोकि सिरमौर जिले के पांवटा साहिब की



रहने वाली है, ने बताया कि उनके पति लगभग 30 साल पहले स्वर्ग सिधार गए थे। उन्होंने बताया कि उनके पास चार बेटियां तथा एक बेटा है, थोड़ी सी जमीन है जिसके माध्यम से उनके परिवार का पालन-पोषण हो रहा था।

जीतो देवी ने बताया कि समय बीतता गया परंतु बेटियों की उम्र विवाह योग्य होने के उपरांत उन्हें अपनी बेटियों के विवाह की चिंता सताने लगी, वह बेटियों के विवाह के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं जुटा पा रही थी, जिस कारण उन्हें उनकी पुत्रियों के विवाह में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि वह अपनी पुत्रियों के विवाह हेतु धन का बंदोबस्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के विवाह में 51 हजार रुपए का अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। इसके उपरांत जीतो देवी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अपनी दो बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत मिलने वाली अनुदान राशि के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में वांछित दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन किया, तदोपरांत उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा दोनों बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत मिलने वाली 51-51 हजार रुपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई।

जीतो देवी ने बताया कि दोनों बेटियों के विवाह में प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता से उनकी बेटियों के विवाह में कोई परेशानी नहीं आई और उनकी बेटियों की शादी धूमधाम से हो सकी। जीतो देवी व उनकी पुत्रियों ने अपने पूरे परिवार की ओर से बेटियों के विवाह में अनुदान राशि प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई गई मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है।

### आवेदक की वार्षिक आय 50 हजार होनी चाहिए : गीता

**बाल** विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब गीता सिंगटा ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पात्र परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु 51 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि लड़की के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए तक होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त विधवाओं की बेटियां, अनाथ लड़कियां और नारी सेवा सदनों में रहने वाली लड़कियां भी इस योजना के अंतर्गत आती हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में या आंगनबाड़ी वर्कर तथा सुपरवाइजर के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के उपरांत संबंधित अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाता है। आवेदन स्वीकृत होने के उपरांत योजना के अंतर्गत मिलने वाली अनुदान राशि का भुगतान आवेदक के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया जाता है।

# चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी के वर्धमान चौक के समीर घर के ताले तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार निवासी खावा व संदीप कुमार निवासी लुम्हा तहसील बड़ोह जिला कांगड़ा से हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से कान की बालियां, एक मंगलसूत्र और दो चांदी की पायल बरामद की है।

बता दें कि रोहित घुमारली तहसील बड़सर ने शिकायत दी थी कि उसके किराये के मकान से आठ अप्रैल को घर का ताला तोड़कर कान की बालियां, 3 सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, 3 चांदी की पायल और 12 हजार की नकदी चोरी कर चोर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से चोरी किया सामान भी रिकवर किया है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनके पास से कुछ चोरी किया सामान बरामद कर लिया है, जबकि अन्य सामान को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# पीएनबी चंडीगढ़ ने मनाया 131वां स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब नैशनल बैंक सेक्टर-17 चंडीगढ़ स्थित अंचल एवं मंडल कार्यालय द्वारा पीएनबी का 131वां स्थापना दिवस टैगोर थिएटर में अंचल प्रबंधक (मुख्य महाप्रबंधक) डॉ. राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर सीजी रजनी कांथन, आईएएस, वित्त सचिव हरियाणा सरकार, विशिष्ट अतिथि विवेक श्रीवास्तव, क्षेत्रिय निदेशक, आरबीआई, सुश्री निवेदिता तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड हरियाणा, सुश्री किरण लेखा वालिया, मुख्य वित्त सलाहकार, हरियाणा सरकार, मंडल प्रमुख चंडीगढ़ संजीव सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीजी रजनी कांथन ने कहा कि यह पीएनबी की बहुत बड़ी उपलब्धि है कि इस बैंक ने 131 साल पूरे कर लिए हैं। पीएनबी बैंकिंग क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। डॉ. राजेश प्रसाद ने कहा कि पीएनबी की स्थापना 12 अप्रैल 1895 में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जैसे स्वप्नदर्शियों ने की थी जिनका उद्देश्य भारत को आर्थिक स्वतंत्रता दिलाना था। इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। संजीव सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 'गांव चलो' अभियान के तहत पंचकूला के रामगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री सैनी

## भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर चलाया स्वच्छता अभियान

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 'गांव चलो' अभियान के तहत शनिवार को जिला पंचकूला के गांव रामगढ़ की चौपाल में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने रामगढ़ के विकास के लिए 21 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि चुनाव हो या न हो, प्रदेश के प्रत्येक गांव में नेतागण जाकर लोगों का हाल-चाल जानें एवं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में विकास के द्वारा जो परिवर्तन आया है वो जनता के सामने है। विपक्ष के लोग सिर्फ चुनाव के समय ही गांव, कस्बे व शहर में जाकर लोगों से लुभावन वादे करके उनके वोट हथियाने का प्रयास करते थे, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया है। आज प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है तो विकास भी ट्रिपल गति से ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की सभी फसलों को एसएसपी पर खरीदा जा रहा है। इसके अलावा, किसानों की भलाई के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जा रहा है। रेवाड़ी में एशिया की सबसे बडी सरसों तेल मील तथा कुरुक्षेत्र में सूरजमुखी किसानों के लिए बड़ी तेल मील बनाने की सरकार की मंशा है। इससे उस क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने सोलर आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर छोटी बच्चियों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट देकर आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल स्थापना दिवस पर हिमाचली लोक धुनों पर थिरका ट्राईसिटी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राजकीय व्यस्तताओं के चलते हिमाचल महासभा रज़ चंडीगढ़ ने विश्व प्रसिद्ध टैगोर थियेटर, सैक्टर-18 चंडीगढ़ में एक हाउसफुल रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हिमाचल पृष्ठभूमि से जुड़े व पड़ोसी प्रांतों से संबंधित दिग्गज गणमान्य हस्तियों ने शिरक्त कि। विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित कर चुके हिमाचल पुलिस बैंड 'हारमनी आफ पाईंस' ने सभागार में मौजूद प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों कि भावनाओं का ध्यान रख ऐसा वशीकरण किया कि सभी झूमने पर मजबूर हो गए ।

इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि, राज्यसभा सांसद सरदार सतनाम सिंह संधू, सहप्रभारी संजय टंडन, भाजपाध्यक्ष जतिंद्रपॉल मल्होत्रा आदि ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरक्त की। इस कार्यक्रम के लिए हिमाचल महासभा ने वरिष्ठ नागरिक संस्थान सेक्टर 15 से विशेष तौर पर वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया।

इस रंगारंग कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों ने हिमाचल महासभा के इस अनुठे प्रयास की जमकर प्रशंसा की तथा हिमाचली व्यंजन सिड्डू व बबरू के लाजवाब स्वाद का आनंद लिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, घड़ुआं खरड़ पंजाब की छात्राओं द्वारा हिमाचली लुड्डी, गिद्धा, झमाकड़ा आदि पेश कर आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। अध्यक्ष पृथ्वी सिंह प्रजापति ने आए सभी अतिथियों का हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक शविंद्र मंढोत्रा, राकेश बरोटिया, भागीरथ शर्मा, डीआर चौधरी व समस्त कार्यकारिणी द्वारा दिए भरपूर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### गवर्नमेंट कॉलेज में 'फिनक्विज-2025' की धूम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के वित्तीय साक्षरता क्लब ने 12 अप्रैल को 'फिनक्विज 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह एक अंतर-कॉलेज वित्तीय प्रश्नोत्तरी थी, जिसका आयोजन प्राचार्य डॉ. शशि वाही, डीन डॉ. संगम कपूर और संयोजक डॉ. मोनिका अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को उज्ज्वल, खुशहाल और स्वस्थ जीवन के लिए वित्तीय अनुशासन (बचत करना, समय पर क्रैडिट कार्ड बिल का भुगतान करना, विवेकपूर्ण तरीके से खर्च करना आदि) अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रितिका बिष्ट, मयंक सोबती और अंकिता कुमारी की उत्साही टीम द्वारा डिजाइन और निष्पादित की गई इस प्रश्नोत्तरी में व्यक्तिगत वित्त, बैंकिंग, निवेश और वर्तमान आर्थिक मामलों को कवर करने वाले चार गतिशील दौर शामिल थे। विजेताओं में केविन महाजन और निखिल रावत (प्रथम), ऋषव राणा और हिमांशी नंदा (द्वितीय) और वंदना यादव और कुशल (तृतीय) शामिल थे। इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए सुरक्षित और सूचित वित्तीय भविष्य के निर्माण में वित्तीय साक्षरता और साइबर जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### कुपवाड़ा में बस पलटी, 2 स्टूडेंट्स की मौत, 21 जख्मी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को कॉलेज की एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई और 21 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिकनिक मनाने के लिए 27 छात्रों को ले जा रही सरकारी डिग्री कॉलेज सोगाम की बस हंदवाड़ा के वोदपोरा इलाके के निकट पलट गई। घायलों को हंदवाड़ा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां एक छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो को गंभीर हालत में यहां के एक अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई।

### दिल्ली में छह बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम व रोहिणी जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बांग्लादेशी पुलिस से बचने के लिए ट्रांसजेंडर बनकर महिपालपुर में रह रहे थे। फिलहाल, पुलिस ने सभी बांग्लादेशियों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) में भेज दिया गया है। रोहिणी जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि रोहिणी जिला पुलिस अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की निगरानी कर रही थी। ने तीनों बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अकलीमा बीबी, मोहम्मद कमल और महबूब आलम के रूप में हुई है। महबूब आलम मूल रूप से हिलालपुर, गोपालगंज, हेतिमगंज, सिलहट, बांग्लादेश का रहने वाला है।

### नागपुर में फैक्टरी में विस्फोट, पांच की मौत



**नागपुर।** नागपुर जिले में एक एल्युमीनियम उत्पाद निर्माण कारखाने में विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल हुए दो श्रमिकों की मौत के बाद मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर पांच हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पांच अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। विस्फोट शुक्रवार शाम सात बजे नागपुर जिले के उमरेड एमआईडीसी में एमएमपी एल्युमीनियम इंडस्ट्रीज में हुआ था।

# पीएनडीटी नोडल अधिकारी के निलंबन के विरोध में हड़ताल पर रहे चिकित्सक

**अनंत ज्ञान, हिसार**

पीएनडी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रभु दयाल को निलंबित किए जाने के विरोध में जिले के नागरिक अस्पताल में चिकित्सक शनिवार को हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते मरीज ओपीडी में बैठक इंतजार करते रहे और उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

डॉ. प्रभु दयाल को निलंबित किए जाने के विरोध में सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने शनिवार को दो घंटे हड़ताल की। नागरिक अस्पताल के चिकित्सक हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर सुबह 10 से 12 बजे तक हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते चिकित्सक नागरिक अस्पताल के सीएमओ कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और प्रभु दयाल को सस्पेंड करने का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रभुदयाल के नेतृत्व में हिसार में लिंगानुपात में बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2015 में लिंग अनुपात 886 था, लेकिन अब बढ़ कर 916 पर पहुंच गया है।

## दो घंटे हड़ताल कर जताया विरोध, हड़ताल से मरीज हुए परेशान

चिकित्सकों की हड़ताल के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। नागरिक अस्पताल में नेत्र विभाग, गायनी और फिजिशियन के अलावा अन्य ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा अन्य ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रही, हालांकि बच्चों की ओपीडी और अन्य ओपीडी में जहां एनएचएम के डॉक्टर रहे, जहां चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की।

# राज्यपाल ने दीं बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बैसाखी के पावन अवसर पर राज्य, पंजाब और वैश्विक पंजाबी समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी पर्व फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है और कृतज्ञता, खुशी और सामुदायिक भावना के त्योहार के रूप में विशेष महत्व रखता है। यह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद भी दिलाता है, जो सिख इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है।



राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी जैसे त्योहार लोगों की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और एकता को दर्शाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह त्योहार सभी समुदायों के बीच सद्भाव, शांति और भाईचारे के बंधन को मजबूत करेगा। उन्होंने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैसाखी उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का उत्सव है। सभी के लिए समृद्धि, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए राज्यपाल ने सभी से करुणा, समावेशिता और आपसी सम्मान के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया।

# बच्चों के आधार नामांकन में चंडीगढ़ यूटी में सबसे आगे



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

यूटी चंडीगढ़ के प्रयासों को स्वीकार करते हुए केंद्र ने बच्चों के आधार नामांकन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले यूटी चंडीगढ़ प्रशासन को पुरस्कृत किया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा आयोजित 'आधार संवाद' कार्यक्रम के अवसर पर प्रदान किया गया। यूटी प्रशासन की ओर से चंडीगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ. सुमन सिंह ने यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार से पुरस्कार प्राप्त किया।

यूटी चंडीगढ़ में स्वास्थ्य विभाग बच्चों के आधार नामांकन में अग्रणी रहा है। आधार नामांकन सुविधा चंडीगढ़ के सभी प्रमुख सरकारी और निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। बच्चों का जन्म के समय ही आधार के लिए नामांकन किया जाता है। इससे न केवल यह सुनिश्चित होता है कि सभी बच्चे नामांकित हों, बल्कि बच्चों को शुरू से ही विभिन्न सरकारी लाभ भी मिलें। संवाद कार्यक्रम में भावना गर्ग, डीडीजी यूआईडीएआई आरओ चंडीगढ़, जगदीश कुमार, निदेशक यूआईडीएआई और सोनू कुमार कोठारी, निदेशक यूआईडीएआई भी उपस्थित थे।

## देश-विदेश

# वक्फ अधिनियम को लेकर मुर्शिदाबाद में हिंसा; 2 की मौत, 110 से अधिक गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**



**पश्चिम** बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ जारी हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि नए कानून को लेकर शुक्रवार को मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हिंसा भड़क गई थी और पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई, सुरक्षाबलों पर पथराव किया गया और सड़कें अवरुद्ध कर दी गईं। सभी जिलों में छापेमारी की जा रही है और मुर्शिदाबाद में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सुती से लगभग 70 लोगों और शमशेरगंज से 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित इन स्थानों पर शनिवार सुबह स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और उन स्थानों पर इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं जहां हिंसा हुई थी।

# मेलबर्न के भारतीय दूतावास में तोड़फोड़

**कैनबेरा।** मेलबर्न के भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक बार फिर तोड़फोड़ की गई है। 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक, रात करीब 1:00 बजे दूतावास के मेन गेट पर लाल रंग से बनाए गए निशान दिखे। घटना के बाद कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के सामने रखा। इस दूतावास में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौरान पहले भी यहां की दीवारों पर भड़काऊ नारे लिखे गए थे। विक्टोरिया पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि हमें लगता है कि बुधवार और गुरुवार की रात के बीच किसी समय इमारत के मेन गेट पर किसी ने निशान बनाए हैं। इस नुकसान की जांच अभी जारी है।

# काबिल युवा 'अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु' हैं: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि अन्य उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है और न इसकी शिक्षा तक पहुंच है तथा काबिल होते हुए भी युवा 'अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु' हैं।

उन्होंने गत पांच अप्रैल को यहां एक कपड़ा डिजाइन फैक्टरी के दौरा किया था, जिसका वीडियो शनिवार को 'एक्स' पर साझा किया। कांग्रेस नेता ने इस फैक्टरी से जुड़े एक व्यक्ति के साथ बातचीत का हवाला देते हुए पोस्ट किया। राहुल गांधी ने कहा कि मैं आज तक कपड़ा डिजाइन के उद्योग में शीर्ष पर किसी ओबीसी से नहीं मिला, यह विक्की ने बताया। एक युवा जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना व्यापार बनाया है। उनकी फैक्टरी के कारीगर 12-12 घंटे तपस्या करते हैं, सुई धागे से जादू बुनते हैं, मगर हाल वही, हुनर की कदर नहीं। उन्होंने दावा किया कि बाकी उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है, न इसकी शिक्षा तक पहुंच, और न ही नेटवर्क में जगह। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था कि विक्की जैसे होनहार लोगों से मिलकर मैं उनका काम सीखने की कोशिश करता हूं, ताकि दुनिया को भारतीय युवाओं का असली हुनर दिखे।

# इसराइल ने गाजा युद्ध पर सवाल उठाने वाले 1000 सैनिकों को नौकरी से निकाला

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइल** डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने अपने लगभग 1000 रिजर्व सैनिकों को बर्खास्त कर दिया है। इसराइल के सैन्य प्रमुख ईयार जमीर और वायुसेना के बार ने रिजर्विस्टों को बर्खास्त करने का फैसला किया है। हालांकि, अभी यह मालूम नहीं है कि ये बर्खास्तगी कब से होगी। इन सैनिकों ने गाजा में चल रहे जंग के खिलाफ आवाज उठाई थी और बंधकों की रिहाई को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की थी।

इसराइल में पहली बार एक साथ इतने सैनिक निकाले गए इसराइल में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों को इस तरह की वजह से नौकरी से निकाला गया है।

# यूरोपीय देश देंगे यूक्रेन को सैन्य सहायता

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय देशों ने यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर की अतिरिक्त धनराशि भेजने का संकल्प लिया है। वहीं, अमेरिकी दूत ने तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने की रूस की इच्छा पर लगते सवालिया निशानों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।

# अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से की यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सेंट पीटर्सबर्ग में मुलाकात की। यह मुलाकात यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण हल खोजने के मकसद से की गई थी। बैठक शुक्रवार को शहर की राष्ट्रपति लाइब्रेरी में हुई। रूसी मीडिया के अनुसार, यह बातचीत चार घंटे से ज्यादा समय तक चली। दोनों के बीच यह तीसरी मुलाकात है। विटकॉफ तीसरी बार रूस की यात्रा पर गए हैं। विटकॉफ ऐसे समय में रूस पहुंचे हैं जब ट्रम्प रूस-यूक्रेन जंग पर पुतिन के रवैए को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।



# नेशनल हेराल्ड मामला: कब्जे में ली जाएगी 661 करोड़ रुपए की संपत्ति; नोटिस जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति पर कब्जे के लिए नोटिस जारी किया है, जिसे उसने कांग्रेस नियंत्रित 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था।

संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने दिल्ली में आईटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ मार्ग स्थित 'एजेएल बिल्डिंग' पर ये नोटिस चस्पा किए हैं। नोटिस में परिसर खाली करने या किराए (मुंबई की संपत्ति के मामले में) को ईडी को हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत की गई है, जो ईडी की ओर से कुर्क की गई और निर्णायक प्राधिकरण की ओर से पुष्टि की गई संपत्तियों पर कब्जे की प्रक्रिया का प्रावधान करता है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर, 2023 में कुर्क किया था। ईडी का धनशोधन का यह मामला एजेएल और 'यंग इंडियन' के खिलाफ है। 'नेशनल हेराल्ड' एजेएल की ओर से प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व 'यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड' के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी 'यंग इंडियन' के बहुलांश शेयरधारक हैं और उनमें प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं।

# मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल**



**मणिपुर** के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि ये बिष्णुपुर, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों से की गईं। कांगलेई याओवल कन्ना लूप (केवाईकेएल/एसओआरइपीए) के एक कैडर को बिष्णुपुर में लीमाराम ममांग लीकाई से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार की गई महिला उग्रवादी लीचोम्बम पाकपी देवी (37) कथित तौर पर जबरन वसूली और प्रतिबंधित समूह में युवाओं की भर्ती में शामिल थी। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी-नोयोन) के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल पूर्वी जिले के चेकोन क्रॉसिंग से गिरफ्तार किया गया। हुइद्रोम सुंदर सिंह (39) हथियार और गोला-बारूद के परिवहन और मंत्रिपुखरी क्षेत्र में स्थित दुकानों से जबरन वसूली में शामिल था। केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक उग्रवादी को इंफाल पूर्व में उरुप अवांग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया, जबकि संगठन के एक अन्य सदस्य को इंफाल पश्चिम में लेई इंगखोल मानिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया।

# महाराष्ट्र : लातूर गिरोह के छह सदस्यों के खिलाफ लगाया मकोका

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर में पुलिस ने हिंसक गतिविधियों में शामिल एक गिरोह के छह सदस्यों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि इन छह लोगों पर पहले महाराष्ट्र खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम (एमपीडीए) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था और उन्हें जिले की सीमा से बाहर भी कर दिया गया था, लेकिन उनकी अवैध गतिविधियां जारी रहीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने (आरोपियों ने) हाल ही में अंबाजोगाई में एक व्यक्ति पर हमला किया था।

# भारत ने शिपिंग उद्योग पर पहले वैश्विक कार्बन टैक्स का किया समर्थन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और 62 अन्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र की शिपिंग एजेंसी की ओर से शिपिंग उद्योग पर लगाए गए दुनिया के पहले वैश्विक कार्बन टैक्स के पक्ष में मतदान किया।

एक सप्ताह की गहन वार्ता के बाद लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) मुख्यालय में लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य जहाजों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना तथा स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। यह कदम पहली बार है, जब किसी पूरे उद्योग पर वैश्विक कार्बन कर लगाया गया है। 2028 से जहाजों को या तो कम उत्सर्जन वाले ईंधन पर स्विच करना होगा या फिर उनके की ओर से उत्पन्न प्रदूषण के लिए शुल्क देना होगा। इस कर से 2030 तक 40 बिलियन डॉलर तक की धनराशि प्राप्त हो सकती है। हालांकि, सभी धनराशि का उपयोग विशेष रूप से शिपिंग उद्योग में उत्सर्जन में कटौती के लिए किया जाएगा, न कि विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए। वैश्विक जलवायु नीति में इस सफलता के बावजूद, कार्बन मूल्य निर्धारण से 2030 तक शिपिंग उत्सर्जन में केवल 10 प्रतिशत की कमी आने की उम्मीद है, जो कि आईएमओ के अपने लक्ष्य, कम से कम 20 प्रतिशत से बहुत कम है। वित्त मंत्रालय ने इस्पात मंत्रालय द्वारा ग्रीन स्टील की थोक खरीद के लिए एक केंद्रीय संगठन स्थापित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड





ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
349





पर्पल कैप
**नूर अहमद**
12



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 05 | 04 | 01 | 08 |
| 2. | दिल्ली | 04 | 04 | 00 | 08 |
| 3. | लखनऊ | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 06 |
| 5. | बेंगलुरु | 05 | 03 | 02 | 06 |
| 6. | पंजाब | 04 | 03 | 01 | 06 |
| 7. | राजस्थान | 05 | 02 | 03 | 04 |
| 8. | मुंबई | 05 | 01 | 04 | 02 |
| 9. | चेन्नई | 06 | 01 | 05 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 05 | 01 | 04 | 02 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### फीफा प्रमुख इन्फेंटिनो ने की फुटबॉल के विकास में अधिक टूर्नामेंटों की प्रशंसा

**एजेंसी, कुआलालंपुर।** फीफा (फुटबॉल का वैश्विक संचालक) अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शनिवार को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) कांग्रेस को दिए एक वीडियो संदेश में दुनिया भर में फुटबॉल के विकास में विस्तारित टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की। इन्फेंटिनो इस वर्ष के क्लब विश्व कप के मेजबान अमेरिका से मलेशिया के कुआलालंपुर में एकत्रित एएफसी के 46 सदस्य संघों को संबोधित किया। इस क्लब विश्व कप का आयोजन जून और जुलाई में होगा जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। फीफा प्रमुख ने कहा, ''अलग-अलग महाद्वीपों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका ज्यादा नहीं मिलता है। हम लंबे समय से इस तरह का बदलाव करना चाहते थे।'' क्लब विश्व कप में एशिया प्रतिनिधित्व चार टीम करेंगी। इसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अल-ऐन, सऊदी अरब की अल-हिलाल, दक्षिण कोरिया की उल्सान एचडी और जापान की उरावा रेड्स शामिल है। इन्फेंटिनो ने कहा, ''1930 के बाद से अब तक हुए सभी फीफा विश्व कप में जितने देश खिलाड़ी शामिल हुए हैं, उससे कहीं ज्यादा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे।''




### मिताली पारुलकर खूबसूरत स्टाइल में

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मताली पारुलकर किसी अभिनेत्री से कम नहीं हैं। वह न केवल एक बिजनेस वूमेन हैं, बल्कि एक पेशेवर बेकर भी हैं।



### पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में जीता रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के सबसे दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 15 चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की। ब्रिटेन के खिलाड़ी ने आखिरी चरण के मुकाबले को जीतने के साथ ही 8-7 (19-100, 0-100, 100-47, 100-52, 19-100, 100-0, 49-100, 100-3, 34-100, 4-100, 100-85, 31-100, 100-53, 100-43, 100-28) से खिताब अपने नाम कर लिया। आडवाणी अब रविवार से यहां आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स में अपने खिताब का बचाव करेंगे उतरेंगे।



## आईपीएल पूरन और मार्करम ने लगाई फिफ्टी; बिश्नोई और शार्दूल को 2-2 विकेट

# लखनऊ ने गुजरात को 6 विकेट से हराया



शॉट खेलता निकोलस पूरन।



शॉट खेलते जमीन पर गिरे ऋषभ पंत।

**एजेंसी, लखनऊ**

आईपीएल मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से हरा दिया है। लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मेजबान टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। इसके बाद गुजरात ने कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्द्धशतकों की मदद से लखनऊ को 181 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे लखनऊ ने 19.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाकर हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम और पंत ने लखनऊ को अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। पंत 2016 के बाद पहली बार आईपीएल में ओपनिंग के लिए उतरे, लेकिन 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मार्करम और पूरन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की। मार्करम ने जहां 26 गेंदों पर अर्द्धशतक पूरा किया, वहीं पूरन ने 23 गेंदों पर पचासा लगाया। मार्करम को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने अपना शिकार बनाया।

मार्करम के आउट होने के बाद भी पूरन ने अपनी तेज तर्रार पारी जारी रखी और लखनऊ का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। पूरन हालांकि, राशिद खान का शिकार बने। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने डेविड मिलर को आउट किया जो सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे आयुष बडोनी 20 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अब्दुल समद भी दो रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसिद्ध ने दो विकेट लिए, जबकि राशिद और वाशिंगटन को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सुदर्शन क.पूरन ब. बिश्नोई | 56 | 37 | 7/1 |
| गिल क. मार्करम ब. आवेश | 60 | 38 | 6/1 |
| बटलर क. शार्दुल ब. दिग्वेश | 16 | 14 | 2/0 |
| वाशिंगटन ब. बिश्नोई | 02 | 03 | 0/0 |
| रदरफोर्ड पगबाधा ब. शार्दुल | 22 | 19 | 3/0 |
| शाहरुख (नाबाद) | 11 | 06 | 0/1 |
| राहुल क. मार्करम ब. शार्दुल | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद (नाबाद) | 04 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 09 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **180/6** | | |

**विकेट पतन** : 1-120, 2-122, 3-127, 4-145, 5-176, 6-176.
**गेंदबाजी :** शार्दुल 4-031-2, अकाशदीप 3-0-33-0, दिग्वेश 4-0-30-1, बिश्नोई 4-0-36-2, मार्करम 1-0-15-0.

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मार्करम क. गिल ब. कृष्णा | 58 | 31 | 9/1 |
| पंत क. सुंदर ब. कृष्णा | 21 | 18 | 4/0 |
| पूरन क. शाहरुख ब. राशिद | 61 | 34 | 1/7 |
| आयुष (नाबाद) | 28 | 20 | 2/01 |
| मिलर ब. सुंदर | 07 | 11 | 0/0 |
| समाद (नाबाद) | 02 | 03 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 09 | | |
| **कुल : (19.3 ओवर)** | **186/4** | | |

**विकेट पतन** : 1-65, 2-123, 3-155, 4-174.
**गेंदबाजी :** सिराज 04-0-50-0, अरशद 2-0-11-0, कृष्णा 4-0-26-2, राशिद 4-0-35-1, सुंदर 4-0-28-1, साई किशोर 1.3-0-35-0.

## प्रियांश और प्रभसिमरन की धमाकेदार बल्लेबाजी से पंजब बड़े स्कोर की ओर



शॉट खेलत प्रियांश आर्या।

**एजेंसी, हैदराबाद**

आईपीएल का 27वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच राजीव गांधी स्टेडियम में खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया। हैदराबाद ने ईशान मलिंगा को शामिल किया।

पहले बल्लेबाजी करने आए ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। प्रियांश ने 13 गेंदों में 36 रन बनाए और उन्हें हर्षल पटेल ने नितीश के हाथों कैच करवा दिया। इसके बाद प्रभसिमरन भी 23 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हो गए।

समाचार लिखे जाने तक पंजाब ने 12 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 150 रन बना लिए थे। श्रेयस अय्यर (48) और नेहल वाधेरा (18) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

## परिस्थितियों की अच्छी समझ होने के कारण स्पिनर को उतारा : डिकॉक

**एजेंसी, चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और मोईन अली के होने से उन्हें चेपॉक की परिस्थितियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके कारण एक अतिरिक्त स्पिनर को मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया।केकेआर का यह फैसला आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ तथा उसके स्पिनरों सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और मोईन अली ने टीम की आठ विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। डिकॉक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो पिच वास्तव में काफी धीमी थी और गेंद रुक कर आ रही थी। हमारे गेंदबाजों ने इसका पूरा फायदा उठाया।'' उन्होंने कहा, ''हमारी टीम में अजिंक्य रहाणे और मोईन अली जैसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यहां पहले काफी क्रिकेट खेली है और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उनकी सलाह पर हमने अतिरिक्त स्पिनर उतारने का फैसला किया।'' डिकॉक ने कहा कि मैच आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गया था। दक्षिण अफ्रीका के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, ''मुझे लगता है की दूसरी पारी में विकेट थोड़ा बेहतर हो गया था। गेंद पहली पारी की तुलना में बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी। पहले यह धीमा विकेट था जो खेल आगे बढ़ने के साथ बेहतर होता गया।''



## चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी: क्लार्क

**एजेंसी, चेन्नई**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी है जो मौजूदा समय की जरूरत के मुताबिक नहीं खेल पा रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई की टीम को शुक्रवार को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हराया। चेन्नई ने इस दौरान अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर बनाने के बाद छह मैचों में लगातार पांचवीं हार का सामना किया।



क्लार्क ने कहा, ''यह पिच बल्लेबाजी के लिए काफी कठिन लग रही थी। नई गेंद से थोड़ी हरकत कर रही थी और गेंद निश्चित रूप से कुछ स्पिन भी हो रही थी। मुझे लगता है कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गलत योजना के साथ मैदान पर उतरी थी।'' उन्होंने कहा, ''जिस तरह से यह टीम खेल रही थी उसमें आत्मविश्वास और जज्बे की कमी स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। उनका रवैया आज के दौर के क्रिकेट जैसा नहीं दिख रहा है। उनकी कोशिश बस जीत के करीब पहुंचने या बड़ी हार को टालने की रहती है।''क्लार्क ने कहा, ''उन्होंने इस तरह के रूढ़िवादी रवैये की जगह सब कुछ दांव पर लगाना चाहिए। सब कुछ जोखिम में डाल कर मैच जीतने की कोशिश करनी चाहिए। इस तरह के बदलाव के बारे कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है।''

## राजस्थान-आरसीबी आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, जयपुर**




राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत की राह पर लौटने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी तो सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों टीमें को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि राजस्थान को गुजरात टाइटंस के हाथों 58 रन से करारी हार मिली। आरसीबी पांच मैचों में तीन जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि राजस्थान इतने ही मैचों में दो जीत के साथ सातवें पायदान पर है।

आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। उनकी तेज रफ्तार गेंदें पिछले दो मैचों से कहर बरपा रहीं हैं। आर्चर के अलावा राजस्थान के लिए गेंदबाजी में सिर्फ संदीप शर्मा ही प्रभावित कर सके हैं।

आरसीबी के बल्लेबाज टीम की इस खामी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। ऐसे में टीम को श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्षणा की स्पिन जोड़ी से बीच के ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। कोहली ने अब तक दो अर्धशतक लगाए है, लेकिन सॉल्ट के पास बेहद आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता है। देवदत्त पडिक्कल भी बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।

**मैच : दोपहर 3:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख डार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, अभिनंदन सिंह, रोमारियो शेफर्ड, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा।

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

## गुजरात के फिलिप्स चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ग्रोइन की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह घोषणा की। गुजरात टाइटंस ने यहां जारी बयान में कहा, ''फिलिप्स सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोटिल हो गए थे।'' न्यूजीलैंड का यह ऑलराउंडर स्वदेश लौट गया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में गुजरात टाइटंस के किसी भी मैच में अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे। सनराइजर्स के खिलाफ मैच में वह स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक रूप में फील्डिंग कर रहे थे। फिलिप्स गुजरात टाइटंस के स्वदेश लौटने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।



## अल्कराज की संघर्षपूर्ण जीत गत चैंपियन सितसिपास बाहर

**एजेंसी, मोनाको**



कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन गत चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास हारकर बाहर हो गए। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज को क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहला सेट गंवाने के बाद वह दूसरे और तीसरे सेट में भी पीछे चल रहे थे लेकिन आखिर में ढाई घंटे तक चले मैच में 4-6, 7-5, 6-3 से जीत हासिल करने में सफल रहे।

अल्कराज पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका मुकाबला स्पेन के हमवतन खिलाड़ी और 2022 के उपविजेता एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। डेविडोवोविच फोकिना ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-3, 6-2 से हराया। सितसिपास का इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है, लेकिन लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद उनकी लय एकदम से गड़बड़ा गई। सितसिपास 2021, 2022 और 2024 में मोंटे कार्लो चैंपियन रहे हैं और उनका मुसेटी के खिलाफ 5-0 का शानदार रिकॉर्ड था। उन्होंने शुक्रवार को पहला सेट 6-1 से जीता। मुसेटी ने हालांकि आखिरी दो सेट 6-3, 6-4 से जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा, जो ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-0, 6-0 से हराकर तीन साल में पहली बार किसी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

## अभी हार स्वीकार करने की जरूरत नहीं हमारे पास सही खिलाड़ी हैं : माइकल

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार पांचवें मैच में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि अभी हार स्वीकार करने की कोई जरूरत नहीं है और पांच बार के चैंपियन के पास सही खिलाड़ी हैं। चेन्नई को अपने घरेलू मैदान चेपॉक में नौ विकेट पर 103 रन का अपना अब तक का सबसे कम स्कोर बनाने के बाद शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स से आठ विकेट की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।



हसी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मेरा अब भी मानना है कि हमारे पास सही खिलाड़ी हैं। हमें बस उन्हें कुछ आत्मविश्वास और निरंतरता हासिल करने में मदद करनी है। इसके बाद हम सही राह पर आगे बढ़ सकते हैं फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण।'' उन्होंने कहा, ''हमारे खेल की शैली के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, हम उनसे बिल्कुल अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कहना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि वे अपना नैसर्गिक खेल खेलते रहें।''

ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ''वे अपने तरीके से खेलने और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आईपीएल में आए हैं। मैं निश्चित रूप से उन लोगों में से नहीं हूं जो उन्हें अलग तरीके से खेलने की कोशिश करते हैं। वे इसी तरह से खेल कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं।'' हसी ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि चेन्नई ने अपनी अंतिम एकादश में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल कर लिया है और वह अपने युवा खिलाड़ियों को मौका देने में झिझक रहे हैं।

## आईपीएल मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा की फॉर्म बनी चिंता का विषय

# मुंबई और दिल्ली मैच में रोहित-राहुल पर होगी निगाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा रविवार को यहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में स्पिनरों की कड़ी चुनौती से पार पाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास करेंगे।

रोहित जहां रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं वहीं मुंबई की टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दिल्ली के कुशल बल्लेबाज के एल राहुल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया है और इसलिए वह इस मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली की टीम की निगाह लगातार पांचवीं जीत हासिल करने पर होगी, जबकि हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली मुंबई की टीम छह मैच में पांचवीं हार से बचने की कोशिश करेगी।



आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में एक हार से लय गड़बड़ा सकती है और मुंबई इंडियंस तो पिछले साल से चले आ रहे खराब प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाई है। पिछले साल उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी।

मुंबई के लिए रोहित की फॉर्म चिंता का विषय है जो अभी तक चार मैच में केवल 38 रन बना पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कुलदीप को अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर करार दिया है। कुलदीप ने अभी तक सभी मैच में चार ओवर का अपना कोटा पूरा किया है तथा उन्होंने छह रन प्रति ओवर से भी कम के इकोनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

निगम एक ऑलराउंडर हैं और उन्होंने अभी तक पांच विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल को अभी तक कोई विकेट नहीं मिला है। मुंबई के खिलाफ वह गेंदबाजी का आगाज कर सकते हैं, क्योंकि रोहित को बाएं हाथ के स्पिनरों को खेलने में मजा नहीं आता है। मुंबई की तरफ से रोहित के अलावा तिलक वर्मा और उप कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई को अगर जीत की राह पर लौटना है तो इन तीनों बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), जसप्रित बुमरा, सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेलटन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवोन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर।

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), फाफ डु प्लेसी, करुण नायर, समीर रिजवी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आशुतोष शर्मा, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, माधव तिवारी, त्रिपुराना विजय, मनवंत कुमार, विप्रज निगम, अजय मंडल, दर्शन नालकंडे, मुकेश कुमार, मोहित शर्मा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।